HOLIKA DAHAN - CHANDAALINI SADHNA VIDHAAN

होली पर्व की आप सभी को ढेर सारी शुभकामनाएं.

जीवन की आवशयकता की प्राप्ति का मार्ग सुगम हो सके और कम प्रयासों में सफलता की प्राप्ति हो.इस हेतु व्यक्ति को काल गणना का ज्ञान होना चाहिए.जब हम उचित समय का चयन कर तदनुरूप प्रयोग कर सके. विशिष्ठ मुहूर्त में की गयी साधना का प्रभाव भी उतना ही तीक्ष्ण और विशिष्ठ होता है. होली की रात्रि का प्रयोग विभिन्न प्रकार की साधना हेतु किया जाता है.साधक की अपनी मनोकामना होती है, कोई सौंदर्य साधनाओं को संपन्न करना चाहता है,कोई यक्षिणी,अप्सरा का प्रत्यक्षीकरण,कोई षट्कर्म में सफलता के लिए इसका प्रयोग करना चाहता है तो कोई देवत्व की प्राप्ति हेतु,किसी का उद्देश्य वशीकरण सिद्धि होता है तो कोई अष्ट सिद्धियों की प्राप्ति को सुगम करना चाहता है. कहने का अर्थ ये है **की साधक की मनसा पूर्ती के लिए ये अद्भुत रात्रि है**.

हम हमारी कामना अनुसार किसी भी साधना को इस रात्रि में संपन्न कर परिणाम की प्राप्ति कर सकते हैं.**सदगुरुदेव प्रदत्त,तंत्र कौमुदी,ब्लॉग अथवा ग्रुप में किसी भी भाई द्वारा अनुभूत साधना को संपन्न कर हम सफलता की प्राप्ति कर सकते हैं**.

लगभग हममें से सभी ने किसी ना किसी साधना का चयन आज की रात्रि के लिए किया हि होगा,आखिर इतना बहुमूल्य समय हम ऐसे कैसे व्यर्थ जाने देंगे. इसलिए मैंने किसी विशेष प्रयोग को ना देने का हि मन बनाया था क्यूंकि उससे साधक के मन में दुविधा उत्पन्न होती. किन्तु बहुत से साधक के मेल आये थे तीव्र धन प्राप्ति और वशीकरण शक्ति की सम्मिलित प्राप्ति हेतु.अतः मैं ये साधना उसी हेतु यहाँ दे रहा हूँ जो की पूर्ण तांत्रिक साधना है जो नियमों से परे है.और होलिका दहन की रात्रि को मात्र **३ माला** करके इस मंत्र में शक्ति उत्पन्न की जा सकती है,फिर जैसे जैसे भविष्य में आप इस मंत्र को करेंगे,आपको स्वतः ही धन की प्राप्ति होते जायेगी. वस्तुतः ये मंत्र कई नियमों को शिथिलता देता है और शायद इसलिए बहुत से

साधक को ये रुचिकर भी लगेगा. शाम को भोजन नहीं करना है.और होलिका दहन की रात्रि का मतलब आज की रात्रि का **९.३२ से सुबह ३.५६** तक का मुहूर्त पूर्ण साधनामय है.अतः हम इसी मुहूर्त का कोई भी काल खंड प्रयोग कर सकते हैं,और उसके बाद या पहले किसी भी अन्य साधना को संपन्न कर सकते हैं.साधना के पूर्व यदि कुछ ना खाया जाये तो बेहतर है.

पश्चिम दिशा की और मुख करके साधना की जाएगी,लाल या पीले वस्त्र का मात्र आज प्रयोग करना है. दीपक तिल के तेल का प्रयोग होगा,धूप बत्ती का निषेध रहेगा.उड़द के बड़े और कुछ मिष्ठान को भोग के रूप में प्रयुक्त करना है. गुरु पूजन,मंत्र जप,गणपति पूजन के पश्चात आप इस मंत्र की ३ माला मूंगा या रुद्राक्ष माला से करें.

ॐ नमो उच्छिष्ट चंडालिनि पुरपाटण क्षोभणी आकर्षिणी आकर्षिणी आकर्षय आकर्षय द्रव्य आनय आनय ह्रीं फट् स्वाहा ||

OM NAMO UCHCHHISHT CHANDAALINI PURPAATAN KSHOBHNI AAKARSHINI AAKARSHINI AAKARSHAY AAKARSHAY DRAWYA AANAY AANAY HREEM PHAT SWAHA

साधना पूरी होने के बाद आप अगले दिन भोग आदि को सुनसान स्थान पर रख दें और बाद में इस मंत्र को बिना नहाये,शौचादि के लिए जाते हुए भी कर सकते हैं,बिना कुल्ला किये,बिना मुह धोये भी खाने के बाद भी कर सकते हैं. अर्थात **शुचिता अशुचिता का ध्यान रखना अनिवार्य नहीं है.इसका तात्पर्य ये है की भविष्य में बिना माला अथवा माला के मात्र १ माला ही करना है,फिर चाहे आप जप जप स्थल पर बैठ कर करें अथवा बिस्तर पर,या झूठे मुंह की अवस्था में**.

हाँ ये विधान है जरुर अजीब क्यूंकि इसमें शुरू के ७ दिनों तक गंदे स्वप्न आदि दृष्टिगोचर होते हैं.किन्तु ८ वे दिन से आपके जप के प्रभाव से यही शुभ संकेतों में परिवर्तित हो जाते हैं जो की नकारात्मकता समाप्त होकर सकारात्मकता का उदय बताती है.**धन के आकर्षण और वशीकरण की तीक्ष्ण शक्ति की प्राप्ति होना इस**

साधना के द्वारा संभव हो जाती है.इसी मंत्र की सिद्धि के बाद कई अघोर और तीव्र कार्यों का सम्पादन भी किया जाता है.जिसके लिए अलग विधान है.जिन पर हम भविष्य में चर्चा करेंगे.आज की रात्री इस लघु किन्तु विलक्षण विधान को आप प्रयोग कर लाभ पायें,यही कामना करता हूँ**.**

HOLASHTAK KE KUCHH TAANTRIK PRAYOG

जय सदगुरुदेव ,

प्रिय स्नेही स्वजन,

अति विशिष्ट और महत्वपूर्ण दिवस कि शुरुआत हो रही है होलिकाष्टक जो कि होली के पूर्व सात दिन पहले से प्रारंभ होकर धुरेंडी तक चलते हैं,

एक तो तंत्र दिवस और उस पर होलिकाष्टक जैसे दिवस, तो क्यों ना इसका सार्थक और सदुपयोग हो----

साधकों के लिए ही तो इस तरह के दिवस की उपयोगिता होती है क्योंकि साधक ही उस क्षण विशेस को जानकर, समझ कर इसका उपयोग करने से नहीं चूकते, वे जानते हैं कि जो कार्य अन्य दिनों मे संभव ना हो, वो सब कार्य या सिद्धि इन विशेस दिवस मे संपन्न हो ही जाते हैं .

भाइयों बहनों मै जानती हूं कि अब आप सब हमेशा तैयार ही रहते हैं साधना करने के लिए------ :)

वर्ष के महत्वपूर्ण दिवस दारुण रात्रि जो कि होली दहन के दिन को कहा गया . महारात्रि यानि महाशिव रात्रि , मोह रात्रि, यानि कृष्णजन्माष्टमी, और महानिशा यानि दिवाली . इसके अलावा विशिष्ट दिनों मे जो कि दीर्घकालीन दिवस हैं वे नवरात्री (दोनों) और श्रावणमास . इस तरह हमारे पास साधनाओं के लिए बहुत समय मिलता है .

परन्तु जब दीर्घकालीन साधनाओं कि बात आती है तो सबसे पहले ध्यान आता है समय का कि समय कहाँ है , ऑफिस, बिजनिस, टूर और घर के

अन्य कार्य....... वही अनु भैयाजी वाली बात..... टेम नाय है ...... :)

किन्तु भाइयों बहनों क्या हम एक दिन मे ही सफलता पूर्वक साधना कर सकते हैं ? क्या एक दिन मे ही सिद्धि प्राप्त हो सकती है ? नहीं ना !

मेरे पास कुछ ऐंसे मैसेज आते है, कि कोई एक दिन कि ऐसी साधना करवा दीजे जिससे कि मेरी धन सम्बन्धी समस्या हल हो जावे, या मेरी शादी कि समस्या, या कोर्ट कि समस्या, या बिजनस मे नुकशान कि भरपाई हो जाये .

आश्चर्य होता है कि हम जानबूझकर ऐसा कैसे कह या कर सकते हैं, भाइयों मै जानती हूं कि आपकी मजबूरी कभी ऐंसा करवाती है और ये सच भी है, कुछ प्रयोग ऐंसे है जो एक ही दिन् मे अति तीक्ष्ण और शीघ्र प्रभावकारी हैं . किन्तु वो आपको कुछ समय के लिए ही आराम देंगे. जैसे बीमारी मे आप तुरंत दर्द से आराम के लिए दवाई ले लेते हैं किन्तु समझ दार लोग गोली नहीं अपितु टीके का प्रबंध करते हैं, जो कि लाइफ टाइम के लिए होता है....... है ना :)

चलो अब हम मुख्य बात पर आते हैं कि दीर्घकालीन साधना आवश्यक है या लघु प्रयोग ! तो समय विशेष कि उपयोगिता को समझा जाये तो तो लघु प्रयोग भी लाभकारी हैं . परन्तु भाइयों जिन्हें सिर्फ साधना के कई अलग-अलग आयामों को छूना है या सिद्धि के मर्म को समझना है वे अवश्य ज्यादा से ज्यादा समय साधना मे ही लगाते भी हैं

और दीर्घकालीन साधनाओ को ही अपनाते हैं..... :) यानि टीके का ही प्रयोग करते है, किन्तु जिनके पास समय कि कमी है या जिन्हें मजबूरीवश तुरंत आवश्यकता है वे लघु साधना कर भी अपने जीवन कि समस्याओं को सरल करते है....... और इसके लिए हमें समय विशेस को समझना चाहिए.... है ना ... :)

सदगुरुदेव ने इस विषय पर अनेक बार समझाया है, क्षण के महत्व को, समय के महत्व को, कि एक साधक कैसे उस क्षण को पकड़ कर उसका सदुपयोग करता है..... कैसे वो उस क्षण को अपने लिए प्रभावकारी बना लेता है......

अनेकों बार गुरुदेव भजन रोककर या समयानुसार समय देखकर दीक्षाएं और प्रयोग करवा दिया करते थे........

तो क्यों ना हम भी उन क्षणों को पकड़ने कि कला सीखें? क्यों ना हम भी उस समय का सदुपयोग करें..... :) है ना

तंत्र दिवस और उस पर होलिकाष्टक है ना विशिष्ट समय तो पकड़ लीजिए उन क्षणों को, और कर लीजिए आसान राह जिंदगी की ...... क्योंकि यही वो समय है जिसका साधक, विशेसकर तंत्र साधक, बड़ी बेसब्री से इंतज़ार करते हैं, क्योंकि यही वो समय होता है जब हमे हमारा अभीष्ट बिलकुल सामने दिखाई देता है बस आवश्यकता है उसे पकड़ने की......

भाइयों-बहनों सामान्यतः होली पर जो साधनाएं करना चाहते हैं वे या तो साबर साधनाएं या फिर अप्सरा या यक्षिणी सिद्धि साधना . किन्तु कुछ ऐंसे साधक भी हैं जो इन सबसे हटकर कुछ ओर करना चाहते हैं, किन्तु क्या ?

भाइयों सदगुरुदेव ऐंसे ही प्रश्नों के उत्तर हेतु अक्सर कुछ लघु प्रयोग दे दिया करते थे ------ :)

भाइयों-बहनों तो अब आप तैयार हो जिसका मन जो करे या जिससे सम्बंधित जो साधना करना चाहे का सकता है चाहे तो पूरे समय का उपयोग करे या फिर इन सात दिनों मे से चुन कर १, २, ३ जो करना चाहे कर सकते हैं...... ये साधनाएं जो बदल सकती हैं आपकी क्रिया शैली को, आपकी, नियति को-----

१- वशीकरण मन्त्र- जो आपके जीवन मे सदैव काम आयेगा क्योंकि इसके द्वारा आप कोई भी असम्भव कार्य करवा सकते हैं......

२- विवाद और मुक़दमे आदि मे विजय दिलाने हेतु- ऐंसा कोई व्यक्ति है ही नहीं कि इस तरह कि किसी विबाद मे कभी ना फंसे..... तो वो इसका प्रयोग कर सकते हैं...

३- विवाहोंपरांत कन्या के सुखी जीवन हेतु .... बड़े प्यार और लाड से बेटियों

को पाला जाता है किन्तु शादी के बाद अक्सर कभी दहेज या और किसी बात को लेकर उसका जीवन नर्क कर दिया जाता है और तब हम सोचते हैं कि अब क्या करें...?

तो क्यों ना पहले ही ये उपाय करके रख लिया जाये जिससे कि हमारी बेटी और बहन पूर्ण सुखमय दाम्पत्य जीवन जी सकें....

भाइयों-बहनों ये सभी मन्त्र मैने अनेकों बार आजमायें हैं. अलग अलग स्रोतों से ये विधान प्राप्य हुए हैं किन्तु इनकी सफलता इनके प्रभाव को प्रमाणित भी करती है.

आज से ६-७ वर्ष पहले मेरे पति बहुत बीमार हो गए थे, उस मैने कुछ समय तक ज्योतिष से सम्बंधित कार्य किया और उस मेरे पास हेंडप्रिंट और कुंडलियाँ आती थी तथा मै अपने पति की मदद से ही इन कार्यों को सम्हाल रही थी तब मैंने ये प्रयोग बहुत बार आजमाए, गुरुदेव की कृपा से हर बार पूर्ण सफल भी रही...... अतः इस बार होली पर आप सबके लिए आरिफ जी के कहने पर ये दिव्य और अति तीव्र प्रभावकारी मन्त्र......

एक बात याद रखिये कि इस समय इन मंत्रो और सामग्री को आप सिद्ध कर रहें हैं, इनका प्रयोग तो बाद आवश्यकतानुसार आप कर सकते हैं...... :)

<u>वशीकरण मंत्र -</u>

साधना सामग्री हेतु -- सिन्दूर, रोली, और तेल जिसे आप अभिमंत्रित करना चाहते हैं, तेल सरसों या तिल का हो .

दिशा उत्तर या पश्चिम, आसन लाल, मूंगा माला वस्त्र भी लाल हो तो बेहतर या इक्छा अनुसार .

रात्रि १० बजे के बाद स्नान कर पश्चिम दिशा कि ओर मुंह कर बैठ जाएँ, गुरु, गणपति का संक्षिप्त पूजन कर गुरु मन्त्र कि ४ माला संपन्न करें ओर संकल्प लें कि मै इस मन्त्र को सिद्ध करने हेतु ये साधना संपन्न कर रहा हूं.... अब अपने सामने दो कोरे यानी नए दिये, एक कटोरी जिसमे क्रमशः सिन्दूर, रोली ,और

कटोरी मे तेल भरकर अपने सामने रख लें .....
फिर मूंगा माला से निम्न मन्त्र कि मात्र ५ माला संपन्न करें . और फिर चार माला गुरु मन्त्र कि संपन्न करें व् मन्त्र गुरुदेव को समर्पित करें.....
मन्त्र-

"ॐ नमो आदेश गुरु जी कौ, रो रो जोगणी, रो रो काली, ब्रह्मा की बेटी, इन्द्र की साली, सुका घट जावै ताली चौसठ जोगणी, अंग-अंग मोड़ी, अस्त्री पुरुष लगावै संग तेल, रै तेल क्या करै खेल अंगनीभिजी माया निलगीत चौसठ योगिनी की आण पडै, छोड़-छोड़ गौरी हीरौं की वाट आवै, जौरी हमारी खाट मोह मन्त्र छूटा जाई तो गुरु गोरख नाथ को मास खाई फुरो मन्त्र ईश्वरो मन्त्र वाचा."

जब भी वशीकरण की क्रिया को प्रयोग करना हो तो इसी मंत्र की १ माला कर तेल को सम्बंधित व्यक्ति के वस्त्र पर लगा दें.

विवाद मुकद्दमे आदि मे विजय दिलाने हेतु....
साधना सामग्री-- काले हकीक की माला, सफ़ेद आक की जड़, जिसे आपको एक दिन पूर्व निमंत्रित कर लाना है, लाल आसन, दक्षिण या पश्चिम, वस्त्र लाल....
अब सफ़ेद आक की जड़ को अपने सामने बाजोट पर लाल कपडे पर ही स्थापित कर लें और गुरु गणपति पूजन संपन्न कर गुरुमंत्र की ४ माला जप कर निम्न मन्त्र की मात्र ११ माला जप सम्पन्न करें----
मन्त्र-

" ॐ नमो भैरवायखड्गपरशुहस्ताय
ॐ हूं विघ्नविनाशय ॐ हूं फट "

इसके बाद भी गुरु मन्त्र की चार माला जप करें .... मंत्र जप के पश्चात दुसरे दिन

उस प्रतिष्ठित आक की जड़ को हाथ मे धारण कर लें.आप स्वयं ही परिणाम की सकारात्मकता के साक्षी होंगे.

भाइयों एक बात का ध्यान रखें की प्रत्येक जप के पहले और बाद मे गुरुमंत्र की चार माला जप संपन्न करना ही है......

३- विवाहोपरांत कन्या के पूर्ण सुखी दाम्पत्य हेतु....

साधना सामग्री- साम्भर नमक, सफ़ेद आसन, दक्षिण दिशा और समय लगभग सवा घंटा, इसमें माला प्रयोग नहीं होगी एवं कर माला का ही प्रयोग होगा, और सांभर नमक जो कि किसी भी पंसारी कि दुकान मे बड़ी आसानी से मिल जाता है.... गुरु पूजन,गणपति पूजन व मंत्र जप के बाद नमक को सामने बाजोट पर रख कर उसके सामने मंत्र का लगभग सवा घंटे तक जप करें.

मंत्र-

"ॐ नमो भौगराज भयंकर पीर भूप सुतई धरइ जो दीखे मार करन्ता, सो-सो दीखे पाँव परन्ता ॐ नमो ठ: ठ: स्वाहा."

कन्या के विवाह उपरान्त वो इस नमक को लाल वस्त्र मे बांध कर स्वयं के शयन कक्ष में रख ले.पूर्ण शान्ति की प्राप्ति होगी.

TANTRA SIDDHI- HAAJRAAT SAADHNAA

फटे कपडे, बिखरे और उलझे बाल , अजीब सी ही वेशभूषा थी उनकी और बहुत असहज सा महसूस कर रहा था मैं उनके साथ , पर बंगाली माँ का आदेश था मेरे लिए की मुझे उनके साथ रहना है और सदगुरुदेव के द्वारा प्रदत्त विभिन्न साधनाओं का जो संकलन और अनुभव उन्होंने प्राप्त किया है वो मुझे उनके सानिध्य लाभ से लेना है. उनके पास ऐसा संकलन है ऐसा सुनकर मैं काली खोह (विन्ध्याचल) से मुगलसराय स्टेशन पहुंचकर जबलपुर जाने वाली ट्रेन में बैठ गया .

रास्तेभर जो भी माँ ने उनके बारे में बताया था वही सब सोचता रहा , जबलपुर पहुच कर पहले बाज्नापीठ जाकर भैरव के दर्शन किये और फिर माँ नर्मदा के तट

की ओर चल पड़ा. जबलपुर मेरा इसके पहले भी कई बार जाना हो चूका था. और आश्चर्य की बात ये है की हर बार एक नवीन रहस्य ही मेरे सामने खुलते जाता साधना जगत का.

एक से एक सिद्धों से भरा हुआ शहर , चाहे वो जैन तंत्र से सम्बंधित हो या फिर मुस्लिम या शाबर तंत्र से सम्बंधित , किसी ज़माने में यहाँ की जाने वाली तांत्रिक क्रियाओं का कोई जवाब नहीं होता था पर समय के साथ साथ ये सिद्ध और इनकी परम्पराएँ गुप्त सी ही हो गयी थी. भाई अरविन्द, हसदबक्स , जीवन लाल , मणिका नाथ , अवधूती माँ और अब एक नए गुरुभाई पारितोष बनर्जी से मुलाकात होने जा रही थी.

सन १९९३ की बात है चैत्र नवरात्री का शिविर संपन्न होने के बाद मैं अपनी साधनाओं के लिए सीधे विन्ध्याचल बंगाली माँ के पास चला गया था और तबसे से गर्मी, गर्मी और गर्मी.उस शिविर में ही गुरुदेव ने एक नवीन तथ्य का मुझे ज्ञान दिया था की **“तुम शाक्त साधनाओं को संपन्न करने के लिए विन्ध्याचल चले जाओ और ध्यान रखो की शाक्त साधनाओं के स्वर तंत्र का गहन अभ्यास करना,उससे साधनाओं में शीघ्र ही सफलता मिलती है क्योंकि बाये स्वर द्वारा जब श्वास प्रश्वास की क्रिया चल रही हो तभी शक्ति मन्त्रों का जप उचित होता है क्योंकि मन्त्र पुरुष तब चैतन्य होता है और दाये श्वास प्रश्वास की क्रिया के मध्य शक्ति सुप्त रहती है परन्तु और बेहतर होता है की जिस भी मंत्र का जप किया जा रहा हो उस मन्त्र के पहले और बाद में “ईं” बीज जो की कामकला बीज है लगाकर जप करने से भगवती शक्ति की निद्रा भंग हो जाती है” इसी तथ्य को ध्यान में रख कर अपनी साधनाएं मैंने पूरी की.**

वहाँ से जब जबलपुर पंहुचा था तब मई का मध्य आ गया था और मई की गर्मी जैसे दिमाग को फोड ही डालती , सूरज सिर को जैसे पिघलाने को ही आतुर था, बोतल का पानी भी खत्म होने वाला था पर जैसे तैसे जी कड़ा कर मैं लगातार चलते ही जा रहा था . मुझे माँ ने बताया था की तुम्हे सरस्वती घाट से नीचे उतर

कर बस सीधे हाथ की तरफ नाक की सीध में चले जाना. लगभग ३ किलोमीटर के अंदर ही शमशान से लगी हुयी उनकी झोपडी है .

पर मैं उन्हें पहचानूँगा कैसे –मैंने माँ से पूछा था.

तुम उसे नहीं बल्कि वो तुझे पहचान लेगा-माँ ने कहा .

बस इसी शब्द के सहारे मैं चलता चला जा रहा था , नर्मदा जी की धाराओं में जो गति धुआँधार में रहती है उससे कही ज्यादा सौम्यता बस उससे २ कि.मी. आगे इस सरस्वती घाट से लगकर बह रही उनकी धाराओं में थी. तपती दोपहरी में जो सुकून मुझे जल को बहते देखकर हो रहा था वो शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है. सबसे पहले मैंने जी भर कर नहाया ,वस्त्र बदले और आगे बढ़ता चलागया नदी के किनारे किनारे ही. अचानक किसी ने मेरे नाम को पुकारा .... मैंने रुक कर देखा एक मध्यम कद काठी का गौर वर्णीय व्यक्ति मुझे हाथ हिलाकर आवाज़ दे रहा था. मैं उस और बढ़ गया.

जब मैं उनके नजदीक पंहुचा तो उन्होंने 'जय गुरुदेव' कहकर मेरा अभिवादन किया , मैंने भी उत्तर दिया तो उन्होंने मुझे साथ चलने के लिए कहा, बाकी सब तो ठीक था पर उनकी वेश भूषा से मुझे बड़ी कोफ़्त हो रही थी, खैर जैसे तैसे उनके घर तक पहुचे, कच्चा मकान जिसमे मात्र दो कमरे थे , एक कमरा रसोई और बैठक के काम आता था और दूसरे में बहुत सारे हस्तलिखित ग्रन्थ,खरल,मृग चर्म आसन,बाजोट,बाजोट पर करीने से रखे विविध यंत्र तथा पूर्ण तेजस्वी तथा भव्य सदगुरुदेव का चित्र उस कमरे को भव्य ही बना रहा था.

चाहे बाहर से कितना ही छोटा दिख रहा था वो मकान पर भीतर से अजीब सा सुख लग रहा था उस घर में, उस तपते दिन में भी अजीब सी शीतलता थी वहाँ पर.

शाम हो गयी थी,पारितोष भाई अपनी मध्यान्ह साधना में व्यस्त थे और अब शाम घिर आई थी.वे साधना कक्ष से बाहर निकले और मेरे पास बैठ गए, मैं भी भोजन और नींद लेकर स्फूर्ति से भर गया था.वे मुझे लेकर नदी के तट पर चले गए जहा हम पानी में पैर लटका कर बैठ गए और बहुत देर तक चुप रहने के बाद मैंने उनसे उनके बारे में पूछा तो, उन्होंने कहा-" सन १९८२ में मेरी सदगुरुदेव से

मुलाकात हुयी थी तब मैं अपने ननिहाल मिदनापुर (बंगाल) गया हुआ था, नाना जी कि तंत्र में बहुत रूचि थी और उन्होंने सदगुरुदेव से दीक्षा लेकर विविध साधनाएं भी संपन्न कि थी. बंगाली होने के नाते स्वभावगत हम सभी माँ आदि शक्ति कि पूजा करते थे, मेरा रुझान माँ काली कि साधनाओं में कही ज्यादा था , मैं घंटो नाना जी के पास बैठ कर उनकी साधनाओं के अनुभव को सुना करता था.वे भी अपने अनुभव बताते और कई चमत्कार भी दिखलाते. क्या मैं भी ऐसा कर पाउँगा-मैंने नाना जी से पूछा. बिलकुल कर पाओगे, पर तंत्र का रास्ता इतना सहज नहीं है, तलवार कि धार पर चलने से भी ज्यादा खतरनाक है पर,ये बहुत आसान हो जाता है यदि कोई समर्थ गुरु आपको अपना ले तो. तब मेरी जिज्ञासा और रुझान को देखकर उन्होंने मुझे सदगुरुदेव से मिलवाया और उनसे दीक्षा देने कि प्रार्थना की.सदगुरुदेव ने मुझे दीक्षा दी और फिर मैं उनके निर्देशानुसार साधनाएं करने लगा, समय के साथ साथ साधनाओं को गति भी मिलने लगी. सफलता असफलता दोनों को पूरे मन से स्वीकार करता था मैं . ये देखकर एक बार सदगुरुदेव जब जबलपुर आये तब,उन्होंने मुझे अपने हाथ से लिखी हुयी एक तीन मोटी मोटी डायरी दी. जिसमे उन्होंने विविध प्रकार के तांत्रिक प्रयोग लिखे थे, बस उन्ही डायरी के आधार पर मैं साधनाएं संपन्न करने लगा और विविध प्रकार की सफलता भी मैंने पाई."

रात होते होते ही हम वापिस लौट आये. रास्ते में उन्होंने बताया की वे जीवन यापन के लिए बैंक में जॉब करते हैं. और उनका स्थायी निवास गोरखपुर(जबलपुर) में है , पर वो अपनी साधनाओं की वजह से विगत कई वर्षों से यहाँ पर रह रहे हैं. और मैं हमेशा ऐसा नहीं रहता हूँ- उन्होंने अपने स्वरुप की तरफ इंगित करते हुए कहा और हँसने लगे.

मैं अभी कोई अघोर क्रम कर रहा हूँ इसलिए ऐसी वेशभूषा हो गयी है, इसके लिए मैंने ३ महीने की बैंक से छुट्टी भी ली हुयी है.

रात में उन्होंने अपनी प्रेत शक्तियों की मदद से मेरा मनपसंद भोजन बुलवाया.

क्या आपको भय नहीं लगता?

किससे-उन्होंने पूछा .

इन भूत प्रेतों से ...
क्यूँ लगेगा भला, ये तो अत्यधिक निरापद होते हैं.और सदगुरुदेव ने इनको सिद्ध करने की इतनी सहज विधियाँ बताई हुयी है की सामान्य व्यक्ति भी भली भांति अपना जीवन यापन करते हुए इनको सिद्ध कर सकता है. रात को उन्होंने कालिका चेटक का प्रयोग कर स्वर्ण का निर्माण कर के दिखाया , पारद विज्ञानं के माध्यम से रत्नों का निर्माण कैसे होता है ये समझाया. उच्छिष्ट गणपति प्रयोग के द्वारा वशीकरण की अत्यधिक सरल क्रिया बताई. रोगमुक्ति, बगलामुखी साधना द्वारा शत्रु स्तम्भन का सरल मगर तीव्र प्रभावकारी प्रयोग,शमशान चैतान्यीकरण प्रयोग , दीप स्तम्भन का विधान समझाया, किन मन्त्रों से तंत्र प्रयोग दूर किया जाता है उसकी मूलभूत क्रिया समझाई. पूर्वजन्म दर्शन की गोपनीय क्रिया बताई. व्यापार वृद्धि के एक से बढ़कर एक प्रयोग प्रायोगिक रूप से करके दिखाया और इन सभी साधनाओं का आधार उन डायरियों को मुझे देखने और नोट करने के लिए दिया, वे डायरियां १९६३,६५,६८ और ७३ की थी मैंने लगभग ४६८ प्रयोगों को उनमे से २२ दिनों में लिखा. बाद में भी कई बार मैं उनके पास गया और उन्होंने उदारतापूर्वक उन क्रियाओं और साधनाओं को मुझे समझाया भी और लिखने भी दिया

एक से बढ़कर एक प्रयोग थे वे सभी,बाद में मैंने उनमे से बहुत से प्रयोग और साधनाएं संपन्न की तथा पूरी तरह सफलता भी पाई. जब इस अंक का विचार आया था तो हम सभी अपनी साधनाओं के लिए ६४ योगनी मंदिर में मिले थे तब मैंने उनसे निवेदन किया तो उन्होंने मुझे कहा की अब वो प्रयोग तुम्हारे अपने हैं तुम उन्हें निश्चित ही अन्य गुरुभाइयों और बहनों के साधनात्मक जीवन को आगे बढ़ाने के लिए देने के लिए स्वतंत्र हो

हाजरात प्रत्यक्षीकरण प्रयोग

शुक्रवार को चाँद निकलने के बाद जौ के सवा किलो आटे से एक पुतला बनाओं जिसे की हाजरात कहा जाता है, ये क्रिया शहर या गाँव के बाहर किसी मजार पर जाकर संपन्न की जा सकती है. टोंटीदार लोटे में पानी अपने साथ लेजाकर अपने हाथ पाँव,मुह धो ले और लुंगी तथा जाली दर बनियान या कुरता धारण करे रहे ,

यदि हरा आसान और वस्त्र हो तो ज्यादा बेहतर रहता है .उस मजार पर हिने का इत्र और मिठाई चढ़ा दे और आसन पर वीर आसन की या नमाज पढ़ने की मुद्रा पश्चिम दिशा की और मुह करके बैठ जाये और दिशा बंधन कर अपने सामने हाजरात को स्थापित कर सबसे पहले १०१ बार दरूद शरीफ पढ़े.

अल्लाह हुम्मा सल्ले अला सैयदना मौलाना मुहदिव बारीक़ वसल्लम सलातो सलामोका या रसूलअल्लाह सल्ललाहो ताला अलैह वसल्लम.

इसके बाद निम्न मन्त्र की हकीक माला से ११ माला करे और ये क्रम एक शुक्रवार से दुसरे शुक्रवार तक करना है,पुतला वही रहेगा जिस पर आपने पहले दिन साधना की है.ऐसा करने से हाजरात प्रत्यक्ष हो जाता है तब उससे तीन बार वचन लेकर उसे जाने को कह देना और जब भी जरुरत हो उसे बुलाकर कोई भी उचित कार्य करवाया जा सकता है. कमजोर दिल वाले साधक इस साधना को ना करे और करने के पहले गुरु की आज्ञा अवश्य ले लें.

मंत्र- या यैययल अलऊ इन्नी कलकिया इलैलया किताबून करीम
ईन्न उन्नुहु मिन सुलैमाना मिन्न हु बिस्मिल्लाहिर्रहमानिर्रहीम

MAHAKAALRATRI AUR USKE GOPNIY PRAYOG

===

प्रिय भाइयों और मेरी बहनों,

जय सदगुरुदेव,

दीपावली का पर्व आने वाला है,या ये कहें की हम उसी महापर्व की संक्रांतिकाल में गतिशील हैं.और शास्त्र विदित है की संक्रांतिकाल अपने आपमें अद्विय्तीय शक्तियों का केन्द्र स्वयं में छुपाये रहता है,आवशयकता है मात्र उसका ज्ञान अस्त्र से भेदन करने का.

ये महान पर्व स्वयं में उन रहस्यों को इस बार समेटे हुए है.जो की कभी मात्र कल्पना ही हो सकती है उच्चतर साधकों के लिए भी. मुझे भली भांति इस बात का व्यक्तिगत अनुभव है की कैसे सदगुरुदेव होली और दीपावली के पर्व की तीव्र साधनाओं को शमशान में करने का हमें आदेश देते थे और कैसे हम उन रोमांचकारी अनुभवों से होकर अपने पड़ाव तक पहुंचते थे....पड़ाव हाँ मात्र पड़ाव ही तो रही हैं वे या अन्य सभी साधनाएं चाहे फिर वो महाविद्या साधना ही क्यूँ ना हो......

तब......

तब......

तब लक्ष्य क्या है ???????

लक्ष्य.....

लक्ष्य है इन पड़ावों की रहस्यमयता को स्वयं में उतारते हुए....आत्मसात करते हुए ब्रह्मांडीय चेतना से लबालब होकर उस परम तत्व को स्वयं में उतार लेना....जिसे वेद शास्त्र भी नेति नेति कहते रहें हैं.....और उसे निखिल तत्व कहा गया है....जिसका वर्णन संभव ही नहीं है,और ना ही संभव है उसकी विवेचना भी.....

किन्तु उसे पाने का रास्ता तंत्र की इन्ही क्रियाओं से होकर गुजरता है या फिर होकर गुजरता है पूर्ण समर्पण की क्रिया की दुरुहता से.....

समर्पण और दुरूह ????

ये किसने कहा की समर्पण दुरूह होता है.......

क्या नहीं होता है ???????

होता है और जो कहता है की नहीं ये दुरूह नहीं है...वो एक बार सिर्फ एक बार अपने आप से,अपने दिल से पूछे की क्या उसने श्री सदगुरुदेव के श्री चरणों में अपने आपको पूर्ण समर्पित कर दिया है.

जवाब उसे खुद मिल जाएगा...क्यूंकि पूर्ण समर्पण के बाद कुछ भी शेष नहीं रह जाता है...आकांक्षा भी नहीं....सत्य भी नहीं....आनंद भी नहीं...... तब रहता है तो मात्र पूर्ण हो जाना.

खैर साधनाओं के मार्ग का अनुसरण करते हुए भी हम क्रमशः धीरे धीरे उसी समर्पण को समझते हैं.
और उसी क्रम में दीपमालिका महाकालरात्री के तांत्रिक पर्व पर मैं अपने संकलन में से ३ साधनाओं का प्रकाशन ७ से १० नवम्बर के मध्य करूँगा...ये साधनाएं सामान्य प्राप्त नहीं हैं. और हैं एक से बढ़ कर एक....

हाँ करना है आपको त्रयोदशी से दूज तक.... और सबसे बड़ी बात आप एक समय में मात्र एक ही साधनाएं ही कर पाएंगे...(दीपावली का पूजन और दीपावली की रात्री की धन प्राप्ति की साधनाएं मात्र इसके साथ की जा सकती है)

दूसरी बात **तिब्बती लक्ष्मी वशीकरण की साधना का मुहूर्त अभी नहीं है,वो ३४ दिनों की साधना है,परन्तु उसे और किस तरीके से किया जा सकता है,उसे भी मैं आप सभी को २१ नवंबर को प्रेषित कर दूँगा,ताकि आप उस अद्विय्तीय यन्त्र का प्रयोग कर सकें.**

फिलहाल मैं जिन तीन साधनाओं की बात कर रहा हूँ...ये एक से बढ़कर एक हैं .

और आप अपनी चाहत के अनुसार इसका प्रयोग कर लें...

१. (**सर्व तीव्र शमसानिक शक्ति प्राप्ति) महाकाल भैरव युक्त भगवती धूम्रवर्णा साधना** – भगवती धूमावती की साधना का ये सोपान साधक को शमसान साधना और इतर योनी शक्तियों पर अधिपत्य प्रदान कर देता है.साथ ही रोमांच का,शक्ति प्राप्ति का वो रहस्य जो षट्कर्म साधनाओं की कुंजी साधक को प्रदान कर देता है.फिर भला कैसे साधक सामान्य रह सकता है.

२. **भगवती महाकाली प्राणबल सिद्धि युक्त मुंड चैतन्य साधना** – क्या आपने सोचा है की कैसे आप अज्ञात के भय से कांपते कांपते जीवन गुजारते हो...तिल तिल मर कर...कैसे अपमान,दुर्भाग्य...का दंश आपको दंशित करता रहता है...कैसे कोई भी तंत्र प्रयोग या इतर शक्तियां आपको या आपके परिवार को चुंगल में ले लेती हैं...कैसे कोई भी टुच्चा व्यक्ति आपको वश में कर लेता है,जीवन को बर्बाद कर देता है...कैसे असफलता का भाव हमेशा आपको भयभीत करता है,फिर वो चाहे कार्य का क्षेत्र हो,साधना का क्षेत्र हो या फिर जीवन का महासमर...ये प्रयोग महाकाली की मुंड शक्ति से प्राणों में अग्नि भर कर अविजित कर देता है साधक को.

३. **काम्यसिद्धि ऐश्वर्य प्राप्ति नखानिया पूर्ण सिद्धि विधान** – अद्भुत है नखानिया तंत्र और गुप्त भी,एक से बढ़कर एक प्रयोगों को समेटे हुए नखानिया तंत्र के अंतर्गत आने वाली कई साधनाओं में से वो अद्भुत विधान जो साधक के इच्छित कार्यों में तो साधक को सफलता देती ही है...ऐश्वर्य और लक्ष्मी आबद्ध का गोपनीय रहस्य भी साधक को प्राप्त हो जाता है.

चयन आप करेंगे...कई महीनों की प्रार्थना के बाद मुझे इन्हें अपने आत्मीयों को देने की अनुमति प्राप्त हुयी है उन सिद्धों या साधकों से जिन्हें गुरुकृपा से इनमे पूर्ण सफलता मिली और उन्होंने अनुग्रह करते हुए मुझे मेरी प्रार्थना पर दिया ..अब मात्र आप अपने अपने कामना अनुसार इन्हें गति दे सकते हैं और समर्पण की क्रिया का एक और कदम पूरा कर सकते हैं.

TANTRA SIDDHI AUR PHYSICAL BODY-तंत्र सिद्धि और भौतिक देह

साधना जगत में बड़ी-बड़ी उपलब्धियों को आत्मसात करने के लिए एक गुरु, पूर्ण विधान, उचित स्थान, अनुकूल सामग्री और पूर्ण निष्ठा की बात हमारे वेदों और उपनिषदों में कही गयी है....किन्तु एक अति आवश्यक शक्ति जिस पर बहुत गहन अध्ययन तो नहीं किया गया पर अपने आप में वो शक्ति इतनी अधिक महत्वपूर्ण है की यदि आपने उसका वरन नहीं किया तो सारी की सारी शक्तियाँ, सिद्धियाँ धरी की धरी रह जाती है और वो अमूल्य शक्ति है..... हमारी खुद की देह या शरीर जो भी आप कहना चाहो!!!!!! भारतीय तंत्र शास्त्रों में दो प्रकार से मानव

देह की श्रेष्ठता का वर्णन मिलता है- एक तो समस्त ब्रह्मांड की नियंत्रणकारिणी शक्ति हमारे मास्तिष्क के रूप में, जिसे ब्रह्मा और शिव का स्थान प्राप्त है क्योंकि इसमें सृष्टि के निर्माण और संहार की क्षमता है और दूसरा महाशक्ति महामाया के रूप में जिसे तंत्र में पराशक्ति कहते है और जो इस पूरे ब्रह्माण्ड के कण कण में व्याप्त है किन्तु मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो ना केवल इसे जाग्रत कर सकता है बल्कि इसे चैतन्य कर क्षमता अनुससार इसका उपयोग करने में भी सक्षम है.

साधना जगत में आत्मा और परमात्मा के बाद यदि कोई तथ्य या वस्तु बहुमूल्य है तो वो है – मानव शरीर.....क्योंकि जिस प्रकार परमात्मा का सूक्ष्म रूप या अंश हमारी आत्मा को कहा गया है ठीक वैसे ही हमारा शरीर इस पूरे ब्रह्मांड का लघु संस्करण है क्योंकि पृथवी, आकाश, अग्नि, जल, और वायु इन पंच महाभूतों के एकीकरण से पहले इस समस्त बह्मांड की रचना हुई और फिर उन्हीं पंच तत्वों से हमारे इस पंच-भूतक शरीर को भी निर्मित किया गया जिसे तंत्र में पंचाग्नि कहते हैं......और इसी के तहत पृथ्वी तत्व से हमारे शरीर में चरम और नाड़ीयों का संग्रह बना, जल तत्व से रक्त, मूत्र और वीर्य न निर्माण हुआ, अग्नि ने हममें क्षुधा, तृष्णा, मोह और मैथुन उत्पन्न दिया, वायु प्राणवायु के रूप में हमारी देह में विधमान है और आकाश तत्व ने हममें काम, लोभ और भय जैसी भावनाओं को जन्म दिया.

हमारे इष्ट देव का पता लगाने के लिए भी उस दिन से गणना की जाती है जिस दिन हमारी आत्मा ने एक भौतिक देह को धारण करके इस लोक में जन्म लिया था क्योंकि यह एक निर्धारित तथ्य है की हमारे शरीर में जिस भी तत्व की प्रधानता होगी हमारा मन स्वत: ही उससे संबंधित देवी, देवता की और आकर्षित होता है जैसे आकाश तत्व के साथ भगवान विष्णु, अग्नि देव के साथ जगतजननी माँ आदिशक्ति, वायु तत्व के साथ भगवान भास्कर, पृथ्वी तत्व के साथ भगवान भोलेनाथ, और जल तत्व के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणपति की तरफ आकर्षित होना स्वाभाविक है और इसका एक फायदा यह है की हमें पता चल जाता है की हमारा इष्ट देव कौन है.

योग शास्त्र में मनुष्य के शरीर को पिंड मानकर इस पूरे ब्रह्मांड की व्याख्या की गयी है की मानव देह के किस अंग में कौन सी दैवी शक्ति विराजमान है और इस देह की महत्ता को दर्शाने के लिए हमारे मनीषियों ने तो यहाँ तक बताया है की मनुष्य की वाणी, उसका मन, प्राण और बिंदु सब अपार दैवी शक्तियों के आश्रय स्रोत हैं इसीलिए ईश्वर की पराशक्ति इच्छा, ज्ञान और क्रिया के रूप में सबसे अधिक मानव शरीर में ही जाग्रत है. हमारी देह में इन तीनों पराशक्तियों

के केन्द्र क्रमशः हृदय, मास्तिष्क और नाभि हैं और इस बात का महत्व इस तथ्य से शायद आप ज्यादा अच्छे से समझ सकें की यह ईश्वरीय पराशक्ति देवताओं में भी जागृत नहीं होती क्योंकि वो भोग योनी में है जबकि हम कर्म योनी में और हमारे शरीर में यह शक्ति कुंडलिनी के रूप में आश्रित है जिसे जाग्रत किये बिना आगे का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सकता.

तंत्र शास्त्र में ही स्त्री को माँ आदिशक्ति के रूप में देखा जाता है और उसकी देह पूजा माँ कामाख्या के रूप में की जाती है क्योंकि यदि स्त्री को केवल भोग की वस्तु ना समझा जाए तो उसी को भैरवी के रूप में साध के आप माँ आदिशक्ति के आशीर्वाद के पात्र बन सकते हो क्योंकि ब्रह्मी, वैष्णवी और रौद्री यह तीनो शक्तियाँ एक त्रिकोण के रूप में हर स्त्री के शरीर में स्थापित है इसीलिए इस त्रिकोण को योनिरुपा कहा जाता है और इन शक्तियों की पूजा योनी पीठ के रूप में की जाती है और वास्तव में देखा जाए तो हर स्त्री का शरीर अपने आप में एक योनी पीठ है जिसके बाएं कोण में ज्ञान शक्ति, दायें कोण में इच्छा शक्ति और सब से नीचे वाले कोण में क्रिया शक्ति स्थापित है और योग में इसे कुंडलिनी शक्ति का केंदर माना गया है.

और इसी कुंडलिनी को जाग्रत कर हम घंटों, महीनों या सालों समाधि की अवस्था में रह सकते है और इसका एक जीवंत उदाहरण मेरे मास्टर है जिन्होंने मुझे शरीर को साधना हेतु योग्य बनाने के लिए आसन सिद्धि की साधना करवाई थी क्योंकि मैंने मेरी आँखों से साधना के समय उनका आसन भूमि से उपर उठा देखा था और वो उस पर साधना रत थे, पहली बार आसन सिद्धि का चमत्कार देखा था,तो अपनी आँखों पर विश्वास नहीं हो रहा था की जो देखा है वो सच है या मेरी आँखों का भ्रम पर बाद में उन्होंने समझाया की यदि तुम्हारा शरीर तुम्हारे नियंत्रण में है और तुम उसे एक दैवी शक्ति के रूप में प्यार और स्नेह करते हो, तो यह सब तुम भी कर सकती हो क्योंकि यदि शरीर कमजोर और ऊर्जा रहित है तो आत्म चिंतन सम्भव नहीं, इसका अपना एक मूल्य है. यह केवल हड्डियों और मांस से बना एक पुतला नहीं बल्कि इन्द्रियों की ऊर्जा से निर्मित एक शक्ति है और शक्ति के साथ आप संघर्ष नहीं कर सकते उसे केवल साध सकते हो.....और यही सर्वोच्च साधना है.

तंत्र और प्रेत सिद्धि (TANTRA AUR PRET SIDDHI)

तंत्र का क्षेत्र असीम सम्भावनाओं से भरा पड़ा है....इसमें ऐसा कुछ नहीं है जिसे असंभव कह कर नजरअंदाज किया जा सके. एक से बढकर एक विधान, अचूक प्रयोग और अविश्वसनीय रहस्य!!!!! ऐसे ही रहस्यों की श्रंखला में एक नाम आता है प्रेत सिद्धि का.....

सबसे पहले हमें यह समझना होगा की यह प्रेत होते क्या है....स्थूल शरीर आत्मा का सबसे प्रिय और महत्वपूर्ण वाहक है इसीलिए आत्मा अधिक से अधिक अवधि के लिए इसी शरीर में रहना पसंद करती है और इसीलिए योगियों ने भी साधना के लिए स्थूल शरीर को ही महत्व दिया पर इस देह की अपनी एक सीमा और मर्यादा है और इसी मर्यादा का पालन करते हुए भौतिक देह जब अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच जाती है तो आत्मा को विवश होकर इसका परित्याग करना पड़ता है जिसे हम मृत्यु कहते है. स्थूल देह को त्यागने के पश्चात अपनी अतृप्त वासनाओं को पूरा करने के लिए आत्मा सूक्ष्म शरीर धारण करने से पहले एक ऐसे शरीर का निर्माण करती है जिसे हम वासना शरीर या प्रेत शरीर कहते है. वास्तिवकता तो यह है की यह एक ऐसा शरीर है जिसका निर्माण स्वतंत्र रूप से पूर्णतः जीवात्मा ही करती है इसिलए इसकी सिद्धि कष्टदायक ना होकर इसको सिद्ध करने वाले साधक के अनुकूल होती है क्योंकि ऐसे प्रेत यदि आपके वश में आ जाये तो यह आपका हर काम क्षण भर में कर देते हैं.

खैर यह एक दूसरा विषय है!!!!! विषय पर पुनः ध्यान केंद्रित करते हुए......मुद्राओं के विषय में समझाते हुए मास्टर ने एक बार बताया था की जन्म मरण से मुक्त होने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने ८४ योगासन और ८४ ही मुद्राओं का अलग-अलग ग्रंथों में विवरण दिया है. हर आसन और उससे सम्बंधित मुद्रा का अपना एक विशेष महत्व है क्योंकि इनके संयोजन से एक विशेष उर्जा का जन्म होता है जिससे ईथर में उपस्थित यह प्रेत आपके कार्यों को पूरा करने के लिए शक्ति ग्रहण करते हैं.

तांत्रिक द्रष्टि से देखा जाए तो सत्व, रज, तम इन तीन गुणों का मिश्रित रूप ही प्रकृति है पर यह तीनों गुण इस प्रकृति में जहाँ मिश्रित रूप से व्याप्त हैं वहां इसी ब्रह्मांड में इनकी अपनी अपनी स्वतंत्र सत्ता भी है. सम्पूर्ण जीवित जगत भूमंडल, चन्द्रमण्डल और सूर्यमंडल इन तीनों मंडलों में बंटा हुआ है और यह तीनों मंडल क्रम अनुसार तामसिक, सात्विक और राजसिक गुणों के अधिष्ठाता है.

भूमंडल से चन्द्रमंडल के बायीं ओर तमोगुण तथा दायीं ओर रजोगुण की प्रधानता है. मध्य में जहाँ इन दोनों की सीमाएं मिलती है उसे हम शुन्य मार्ग के नाम से जानते हैं जिसका उपयोग

महासिद्ध योगी सन्यासी एक स्थान से दूसरे स्थान पर आने जाने के लिए करते हैं. चंद्रमंडल के बायीं ओर स्थित तमोगुण में तामसिक आत्माएं निवास करती हैं जिन्हें भौतिक जगत में हम प्रेत, बेताल, पिशाच इत्यादि नामों से जानते हैं.

इसी शून्य मार्ग के समांतर एक ओर पथ है जिसे डामरोत्तम महा पथ कहते है ओर इसी पथ का उपयोग यह प्रेत योनियां भूलोक पर आने के लिए करती है ओर इन दोनों पथों के इतने पास होने की वजह से ही हमेशा समझाया जाता है की जब भी अपने सूक्ष्म शरीर से कहीं जाना हो तो ऐसी व्यवस्था करके जाओ की कोई आपको उस अवधि में उठाये नहीं क्योकिं एक बार पथ भटक गए तो वापसी संभव नहीं होती. प्रेतों के तमोगुण मार्ग से एक ओर मार्ग निकलता है जिसे महादिव्यौध मार्ग कहते हैं क्योंकि इसी मार्ग के रास्ते राजसी गुण सम्पन्न यक्ष-यक्षिणी, गन्धर्व पृथ्वी लोक पर आते है....इस महाडामरी पथ और महादिव्यौध पथ का संगम भूमंडल के केन्द्र में होता है इसीलिए कभी कभी ऐसा होता है की जिस आत्मा का आवाहन किया जाए उसकी जगह कोई और आत्मा आ जाती है क्योंकि डामरी पथ इन आत्माओं के आवागमन से भरा रहता है.

प्रेत सिद्धि से सम्बंधित यह कुछ मूल तथ्य हैं जिनका ज्ञान हर उस साधक को होना चाहिए जो प्रेत को सिद्ध करना चाहता है क्योंकि यह एक ऐसी योनी हैं जिससे संबंधित अज्ञान उसको आपका नहीं अपितु आपको उसका दास बना सकती है पर यदि एक बार सफलतापूर्वक इसे साध लिया तो यह अप्रत्क्ष रूप से सदा आपके साथ रहते है और ना सिर्फ आपके मनोवांछित काम करते है बल्कि अदृष रूप से हमेशा आपकी रक्षा भी करते हैं और तब तक सामने नहीं आते जब तक इनके स्वामी द्वारा इनका आवाहन ना किया जाये. अनुमति मिलने पर इससे सम्बंधित प्रयोग और साधना भी दूंगी जिससे प्रेत सिद्ध होता ही है.

ज्योतिष तंत्र रहस्यम – स्वप्नसिद्धि मयंक साधना

सर्व प्रोक्तः सर्व ज्ञानः सर्व काले सर्वात्मने,
सर्व ज्ञान प्रदात्री श्री देवी मयंक युक्तं तवं चरणारविन्दे ||

श्रीसूक्त को लोग मात्र ऐश्वर्य प्राप्ति का ही स्तोत्र मानते रहे हैं,और ऐसा मानना उचित भी था. क्यूंकि समय और पात्र को देखते हुए मन्त्र मनीषियों ने अथवा मन्त्र मर्मज्ञों ने इसके भीतर के

रहस्यों को गुप्त ही रहने दिया. इसका बाह्य पक्ष ही प्रकाश में आ पाया. और समय के साथ साथ हम यही मान बैठे की श्रीसूक्त मात्र धन प्राप्ति हेतु भगवती महालक्ष्मी से की जाने वाली एक स्तुति है,और दीपावली पर इसका पाठ करने से ऐश्वर्य की वृद्धि होती है. जबकि सत्य इससे बिलकुल उलट है,इसकी प्रथक प्रथक ऋचाएँ साधक को ना सिर्फ उसका अभीष्ट प्रदान करती हैं,अपितु ग्रह,काल,वस्त्र,दिशाओं का उचित संयोग साधक को प्रथक प्रथक परिणाम देता है.

तंत्र की गुह्यता को समझ पाना तभी संभव हो पाता है,जब उसी राह का कोई पथिक जिसने पहले उस सफर को तय किया हो,आप को उस राह की दुरुहता और दुर्गमता से परिचित करवा दे.मेरी उत्कंठा **सहस्त्राक्षरी चंडी** की साधना और उससे जुड़े रहस्य को समझने की थी,और मैंने पत्रिका के पुराने अंकों में इसके बारे में पढ़ा भी था और जब मैंने इस बारे में मास्टर से पूछा तो उन्होंने बताया की "हमारे कई गुरु भाई बहनों ने इसकी गोपनीय कुंजियाँ सदगुरुदेव से प्राप्त करी हैं और उनके माध्यम से अपने जीवन के मनोरथ तो पूर्ण करे ही हैं साथ ही साथ उन रहस्यों को भी समझा है,जिसे शास्त्र अभी तक गुप्त रखते आयें हैं और इसकी कई प्रक्रियाओं को मैंने रजनी निखिल जी को संपन्न भी करते देखा है.और सदगुरुदेव ने कभी भी कोई ज्ञान लुप्त नहीं रखा है,बहुतेरे साधक हैं जिन्हें साधना की कुंजियाँ मिली,पर वो अब किसी के सामने नहीं रखना चाहते हैं".

साधना एक ही हो सकती है,मंत्र एक ही हो सकता है किन्तु उसके प्रयोग करने की पद्धति ही उसके द्वारा प्राप्त परिणाम को स्पष्ट करती है. जैसे हम स्वर विज्ञान की साधना तो करते हैं,परन्तु हम उसके इस रहस्य से अनभिज्ञ ही रहते हैं की स्वरोदय विज्ञान या स्वरोदय तंत्र की पूर्ण सिद्धि पञ्च तत्व की सिद्धि के पश्चात ही प्राप्त होती है और पञ्च तत्वों की सिद्धि के द्वारा भौतिक सफलता तो प्राप्त होती ही है साथ ही व्यक्ति जीवन के आध्यात्मिक लक्ष्यों को भी सहजता से प्राप्त कर लेता है.और ये मात्र सांकेतिक नहीं होता है,अपितु तत्व सिद्धि का अभ्यास करने वाला साधक जैसे ही उस तत्व का ध्यान उचित मार्गदर्शन में करता है उसकी नासिका उस तत्व विशेष की सुगंध से सुवासित हो जाती है.

जैसे नवार्ण मंत्र से अभिमंत्रित विभिन्न सामग्री साधक के अलग अलग उद्देश्यों की पूर्ती करती हैं.श्रीसूक्त के गूढार्थ की यदि बात की जाए तो इसकी प्रत्येक ऋचा के सैकडो अर्थ निकलते

हैं,क्यूंकि इनका संयुग्मन विभिन्न अर्थों को दर्शाता है,विभिन्न विज्ञानों और विभिन्न तंत्रों के अज्ञान को इन ऋचाओं के द्वारा समझा जा सकता है. स्वर्ण निर्माण की पद्धतियाँ,सूर्य विज्ञान के गोपनीय सिद्धांत,विभिन्न सिद्धियों की प्राप्ति, अमृतत्व का संचार आदि इस सूक्त के ज्ञान द्वारा संभव हो जाता है.

जब हम साधना करने के लिए तत्पर होते हैं तो सफलता प्राप्ति के या सिद्धि प्राप्ति के चिन्हों या संकेतों को हम समझना चाहते हैं,जिससे हम उस मार्ग में आ रही बाधाओं को पूर्णतयः पार कर सकें.वैसे तो बहुत से ऐसे संकेत होते हैं जिनके द्वारा सिद्धि असिद्धि को समझा जा सकता है,किन्तु स्वप्न के द्वारा हमें अचूक ज्ञान की प्राप्ति होती है,और यदि निम्न क्रिया का प्रयोग साधक अपने जीवन में कर ले तो वो ना सिर्फ भविष्य सूचक स्वप्न संकेतों को समझने लगता है अपितु वो व्यक्ति विशेष से भी सम्पर्कित हो सकता है,मतलब जिस व्यक्ति के,व्यवहार,चरित्र,हाल चाल को उसे जानना है,उस व्यक्ति की ये सब जानकारियाँ भी उसे स्वयं के स्वप्न के माध्यम से पाता चल जाती हैं.
किसी भी सोमवार की रात्रि को ९ बजे के बाद पूर्णतया शुद्धावस्था में श्वेत वस्त्र धारण कर सफ़ेद आसन पर बैठ जाएँ,और सामने भूमि पर सफ़ेद कपडा बिछाकर,उस पर केसर मिश्रित सफ़ेद चन्दन के द्वारा एक गोला बना लें,गुरु पूजन और गणपति पूजन के बाद घी का दीपक जला कर,उस गोले में अनामिका ऊँगली से "सों सोमाय नमः" लिख दें और फिर उस गोले को सफ़ेद अक्षत से भर दें,इसके बाद सामने एक चांदी के अथवा ताम्बे के पात्र में जल भर कर उन अक्षतों के ऊपर स्थापित कर दें.फिर स्थिर चित्त होकर स्फटिक या सफ़ेद हकीक माला से १ माला "ॐ ह्रीं श्रीं चन्द्रायै नमः" मंत्र की करें और इसके बाद निम्न ऋचा का ३ माला जप करें और जप के बाद उस पात्र पर फूँक दें अर्थात १ माला जप के बाद एक फूँक मारना है.

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं पिंगलां पद्ममालिनीम् |
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं जातवेदो म आवह ||

जप के बाद पुनः पहले वाले मंत्र की १ माला करना है,और जप के पश्चात उस जल का पान कर लेना है,जल का पान किसी और पात्र में लेकर करना है,ये क्रम ५ दिनों तक करना है और उसके बाद आगे के दिनों में सोने के पहले २१ बार उपरोक्त ऋचा का जप करके जल पी लें. और सो जाए.साधना कार्य कर रही इसका पता आपको ऐसे लगेगा की अब आप स्वप्न भूलेंगे

नहीं,आगे समय के साथ आप उसके गूढार्थ को भी समझने लगेंगे और वो आपको स्मरण भी रहेगा,तथा अब आपको जिसके बारे में जो जानना है आप उसे एक सफ़ेद कागज पर हल्दी से लिख कर अपने तकिये के नीचे रख कर सो जाएँ,आपको स्वप्न में उसकी अवश्य जानकारी प्राप्त हो जायेगी, ये साधना आपको भविष्य संकेतों की सूचना देती है जो की स्वप्नेश्वरी साधना से प्रथक विधान है,साथ ही इस प्रयोग को संपन्न करने वाला व्यक्ति दु:स्वप्नों और स्वप्नदोष जैसे विषाक्त प्रभावों से भी मुक्त हो जाता है,तथा वो यदि किसी और व्यक्ति को इस साधना का ५ दिन का क्रम पूरा करने के बाद अभिमंत्रित जल दे दे तो उसके सेवन से वो व्यक्ति भी इन बाधाओं से मुक्त हो जाता है,तथा साधक अपनी साधना में अपनी गति को तो इस साधना के द्वारा समझ ही लेता है.वास्तव में ये चंद्र नाड़ी को जाग्रत करने का सरल विधान है जिसे हमें करना ही चाहिए,साथ ही यदि व्यक्ति रजनी निखिल दीदी द्वारा लिखित **BHAGWATI BAGLAMUKHI TANTRAM - MAYA KAAL DRISHYAANVITA PARASHAKTI PRAYOG** कर लेता है तो वो इड़ा और पिंगला नाड़ियों की शक्ति को भी प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो जाता है,जिससे पराविज्ञान का मार्ग उसके लिए प्रशस्त हो ही जाता है.साधनाएं मात्र पढ़ने के लिए नहीं है,अपितु इन सरल विधानों को भी हम ना कर पाए तो अब दोष किसका है.

LAAKINI SADHNA

मनुष्य जीवन में ज्ञान का बोध निश्चित रूप से एक ऐसा तथ्य है जिसे किसी भी रूप से नाकारा नहीं जा सकता. जन्म से ले कर मृत्यु तक व्यक्ति अपने नित्य क्रिया कलापों के माध्यम से कार्यों के माध्यम से या विचारों के माध्यम से अपनी आतंरिक तथा बाध्य गतिशीलता के माध्यम से अपनी चेतना का विकास करता है, अपने अस्तित्व को ज्यादा से ज्यादा निखारने की ओर हमेशा प्रयत्नशील रहता है. लेकिन इन सब के मूल में जो तथ्य सारी क्रियाओं का आधार बन कर चेतना को और विकसित करने की प्रेरणा प्रदान करता है वह है ज्ञान का बोध. मनुष्य को जितना भी ज्ञान का बोध होता है और जिस प्रकार के ज्ञान का बोध होता है उसकी कार्यों की गतिशीलता भी उसके अनुरूप ही चलती है. और यह यात्रा स्व भवति से ले कर अहं ब्रम्हास्मि तक चलती है. क्यों की पूर्ण ज्ञान पूर्ण सत्ता का ज्ञान प्राप्त होने पर व्यक्ति की चेतना भी उसी तरफ गतिशील होने लगेगी. कार्यों तथा गतिशीलता का आधार वही बनेगा. ब्रम्हांड की संरचना की मुख्य सत्ता ब्रम्ह है. और उसी का ज्ञान ब्रम्हज्ञान है. और इसी ब्रम्ह का पूर्ण अंश ब्रम्हांड के सभी सूक्ष्म से सूक्ष्म में भी प्रस्थापित है. उसी पूर्ण सत्ता के विखंडन से ही तो पूर्ण

ब्रह्माण्ड का सर्जन हुवा है. और उसका मुख्य विखंडन दो भाग में हुवा. सदाशिव तथा शक्ति. आगे उनके ही विभिन्न अंश विखंडित अवस्था में सभी जड़ तथा चेतन बने.
शक्ति स्त्री तत्व का प्रतिनिधित्व करती है. तथा उन्ही के अगणित स्वरुप हम सब के मध्य विद्यमान है. किसी भी ठोस में तब तक चेतना नहीं होती जब तक वह शक्ति संयुक्त नहीं हो जाता. हमारे आतंरिक तथा बाह्य ब्रम्हांड में जो भी चेतना का आधार है वही शक्ति है. तथा जहाँ पर भी इसकी सत्ता है वहाँ पर उसका एक नूतन ही स्वरुप है.
मनुष्य तथा बाकी जिव में एक मुख्य अंतर यह है की मनुष्य अपनी चेतना का विकास अनंत रूप से कर सकता है. क्यों की मनुष्य में मुख्य शक्ति का स्वरुप कुण्डलिनी के रूप में शरीर में ही विद्यमान होता है. इस लिए मनुष्य को बाह्यगत चेतना की खोज तथा प्राप्ति नहीं करने के लिए किसी नूतन तथ्य की आवश्यकता नहीं है, या फिर बाह्य रूप से उसके लिए वैचारिक भावभूमि की आवश्यकता नहीं है. वह खुद अपने अंदर की सुप्त शक्तियो के जागरण मात्र से पूर्ण ब्रम्हज्ञान की प्राप्ति कर सकता है. क्यों की जो भी बाह्य है वह आतंरिक भी है. इस लिए जिस प्रकार से ब्रम्ह तथा ब्रम्हांड बाह्य रूप में विद्यमान है उसी प्रकार वह आतंरिक रूप में भी वही विद्यमान है.
और मनुष्य अपने अंदर एक पूर्ण ब्रम्हांड को समाहित किये हुवे है तो वह कुण्डलिनी के स्वरुप में ही है. कुण्डलिनी के मुख्य सात चक्रों में मूलाधार से ले कर सहस्त्रार तक सप्त चक्रों में पूर्ण वर्ण तथा मातृका शक्तियां निहित है, जो की सभी देवी तथा देवता के बीज है. मंत्रो का आधार है. इस लिए अगर इनको चेतन कर लिया जाए तो निश्चित रूप से सभी देवी तथा देवता को साध लिया जा सकता है और इन सब विखंडित स्वरुप का मूल ब्रम्ह ही तो है. इसी लिए यह अपने मूल तत्व तक पहोचने से सबंधित प्रक्रिया है. इस प्रकार व्यक्ति क्रमशः एक एक चक्रों से सबंधित देवी या देवता की साधना को पूर्ण कर लेता है. वास्तव में यह एक कठिन और धैर्यपूर्ण सफर है.
जेसे की स्पष्ट है, शक्ति के विभिन्न स्वरुप ही आधार बनते है किसी ठोस, शव, पुरुषतत्व या घनात्मक की चेतना प्रक्रिया से. इसी आधार पर सभी चक्रों के नियंत्रण तथा संचार से सबंधित हर एक चक्र की अपनी एक अधिष्ठात्री शक्ति है. अधिष्ठात्री के भी कई अलग अलग स्वरुप चक्रों के मध्य विद्यमान रहते है. स्वाभाविक है की यह देवी स्वरुप जो की चक्रों से सबंधित है वह अत्यधिक शक्तिसम्प्पन होती है तथा अपने साधको के कल्याण करने के लिए हमेशा तत्पर

रहती है. साधक कल्पना कर सकता है की जो कुण्डलिनी में पूरा ब्रम्हांड समाहित है उनके मुख्य चक्र की अधिष्ठात्री साधक को क्या कुछ प्रदान नहीं कर सकती.

वास्तव में इन शक्तियोंकी साधना तथा साधना पद्धतियाँ गुप्त और गुढ़ रही है. क्यों की साधक निश्चित रूप से अत्यधिक शक्ति सम्प्पन इन साधनाओ के माध्यम से हो सकता है.

मणिपुर चक्र अपने आप में एक अत्यधिक गुढ़ तथा रहस्यमय चक्र रहा है. इस चक्र प्राण का केन्द्र है. सर्जन क्षमता से संयुक्त है. क्यों की व्यक्ति जब गर्भ में होता है तो उसकी चेतना नाभि के माध्यम से ही बनी रहती है. इसके अलावा सर्जन या संरचना करने की क्षमता इस चक्र में है इसके पौराणिक कई उदहारण मिलते है. प्राणों के विखंडन तथा सूर्य और अग्नि रूप यह चक्र मनुष्य शरीर का केन्द्र रहा है. मनुष्य के आतंरिक शरीर भी इसी जगह से जुड़े हुवे होते है. वस्तुतः जब मनुष्य के स्थूल शरीर से वासना, सूक्ष्म इत्यादि कोई भी शरीर अलग होता है तो भी वह नाभि से रजतरज्जू के माध्यम से जुड़ा हुवा रहता है.

इस चक्र की मुख्य शक्ति देवी लाकिनी है. देवी के कई स्वरुप इस चक्र में विद्यमान है. तथा इनकी साधना पद्धति अपने आप में अत्यधिक कठिन उग्र और गुप्त कही जाती है. क्यों की साधना के बाद, साधक को कई प्रकार के लाभों की प्राप्ति होती तथा इन शक्तियों की साधना में कई बार अत्यधिक भयावह स्थिति भी बन जाती है.

लेकिन प्रस्तुत साधना देवी से सबंधित एसी साधना है जो की सौम्य है. इसमें साधक को किसी भी प्रकार की भय की स्थिति नहीं बनती है. इस साधना से साधक को कई लाभों की प्राप्ति होती ही है जेसे की रोग मुक्ति, पेट से सबंधित समस्याओ का समाधान, योगशक्ति का विकास, चेतना का विकास, मानसिक शक्तियों की प्राप्ति लेकिन इस साधना की सबसे बड़ी उपलब्धि है साधक चतुर्थ आयाम के स्थानों में विचरण करने के योग्य बन जाता है. साधक में यह क्षमता आ जाती है की वह अपने शरीर में आतंरिक शरीर को जागृत कर चतुर्थ आयाम के स्थानों में प्रवेश कर सके. इसे स्थानों को देख सके जिसको देखना सामान्य द्रष्टि से संभव नहीं हो तथा इसे सिद्ध स्थलों की यात्रा कर सके जहां पर स्थूल शरीर के माध्यम से जाना सामान्यतः संभव नहीं है. इस साधना में किसी भी प्रकार की कोई भय की स्थिति नहीं बनती है. साधक को हो सकता है साधना समय में शरीर का तापमान बढ़ता हुवा अनुभव हो लेकिन इसमें भय वाली कोई बात नहीं है साधक निश्चिंत हो कर पूरी साधना करे.

साधक यह साधना किसी भी दिन शुरू कर सकता है. यह साधना रात्रिकाल में १० बजे के बाद ही की जाए. साधक लाल वस्त्र पहेन कर लाल आसान पर बैठ कर उत्तर दिशा की तरफ मुख बैठ जाए.

साधक को अपने सामने एक तेल का दीपक लगाना चाहिए. इसके अलावा ओर किसी भी चीज़ की आवश्यकता इसमें नहीं है. इसके बाद साधक लाकिनी ध्यान का ११ बार उच्चारण करे

लाकिनी ध्यान –

नीलांदेवीं त्रिवक्तां त्रिनयनलसितां द्रंष्टिणिमुग्ररूपां
वज्रंशक्तिं दधानामभयवरकरां दक्षवामे क्रमेण
ध्यात्वा नाभिस्थ पद्मे दशदलविलसत्कर्णिके लाकिनिं तां
मांसाशीं गौररक्तासृकहृदयवतीं चिन्तयेत साधकेन्द्रः

ध्यान मंत्र के उच्चारण के बाद साधक अपनी आँखे बंद कर के निम्न मंत्र का उच्चारण करे. साधक को स्फटिक माला से ११ माला मंत्र जाप करना है. मंत्र जाप करते समय साधक का ध्यान आतंरिक रूप से नाभि पर हो.

लाकिनी मणिपुर मन्त्र - गुं रं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं रं गुं

साधक को यह क्रम ७ दिन तक करना चाहिए. ७ दिन में साधक को विविध प्रकार के अनुभव हो सकते है लेकिन ७ दिन बाद साधक को निश्चित रूप से यह क्षमता प्राप्त होती है की वह अपने शरीर के आतंरिक शरीर को जागृत कर चतुर्थ आयाम के गुप्त क्षेत्रो को देख सके तथा प्रवेश कर सके. लाकिनी मंत्र टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं है, लेकिन अनुभव आया है की मणिपुर के मुख्य बीज का सम्पुट करने पर इस मंत्र की तीव्रता बढ़ जाती है, इसके अलावा कंकालमालिनी में निर्देशानुसार इस मंत्र में गुरुबीज का सम्पुट दिया जाना चाहिए जिससे सफलता सुनिश्चित हो ही जाए. इस प्रकार यह पूरा मन्त्र गुं रं टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं रं गुं बनता है. जो की कई प्रकार की सिद्धि दे सकता है. माला का विसर्जन नहीं करना है. साधक इससे भविष्य में भी इस मंत्र का जाप कर सकता है.

जो व्यक्ति यह पूर्ण क्रम नहीं कर सकते वे लोग नित्य रात्रि में सोते समय आँख बंद कर के इसी मंत्र का मानसिक उच्चारण नाभि पर ध्यान केंद्रित कर करते रहे तो इससे सबंधित अनुभव होने लगते है.

YAKSHINI,APSARA SADHNA KI KUNJI - YAKSHINI APSARA SAAYUJYA SHASHTH MANDAL



Saundaryavataam saa urdhvorvataam purna tantramev sindhum |

Divyorvataam saa saahcharya praaptum ||

Yakshini apsaraavai sahchari sadaam saa |

Rudrormandal sthiraam ch bhavati vashyavaa ||

It'snext to impossible to describe the wonders of Tantra Field. Therefore by pseudolanguage of suggestive method in the composed **"Saundarya Kalpalataa Sindhum"** it has been said that in the ocean of Tantra, the saudrya and upwardrace is not easily achievable, rather for achieving one has to do churning process in oceanictantra field, which at least in today's date is not at all easy. Because, purity of character and toughpersonality are the essential key factors of measuring depth in Tantra field and a prime quality as well.And the one who has these qualities can

speedily go high and achieve the beauty of it.And a sadhakwho got control on Beauty and sharpness, can achieve divinity very easily. And for this Yakshini and Apsarasadhnaas are chief, continuously introducing the new facts and secret mysteries of Tantra field, guiding and supporting like best friend and giving right suggestions are main aspects.There are no lackings in methods of Shastraas, Mantra Maharnav, mantra, saundaryaanavpaddhati,tantraratnakar, bhutdamartantraetc are filled with such sadhnaas only. Still after taking help but why is it like that we didn't get support of these Saundaryaas..?

Is the method is wrong?

Is there any fault in Mantra?

Is the method incomplete?

Nope… it is not like that. Rather we may have forgotten that every sadhna contains some secretive facts, after following and using it, if we do authentic provision then for sure the percentage of success becomes multiple. As per our Personnel speed we may get late in achievement of success, but after making right hardship didn't get success is just impossible.

For Sadhnaa different type of material is required, Time, space, in creation of positive environment which always provokes your conscious towards sadhna. You can't deny the necessity of these sadhna material. Every sadhna contains a specific liquid and yantra whose absence gives bad results. For achievement in Sadhna Field mantra, yanta and tantra all three are required. Then only success is possible. And this is not just happens with MahavidyaSadhnas but also applied on each sadhna procedure.

Conversation forum which is organise on YakshiniApsarasadhna at Jabalpur on 12th August, in which we are going to discuss about the base facts of these sadhnas and the material as well and which will be provided only to the participants our guru brothers and sister of this seminar.And which i.e. YakshiniApsarasaayujyashashthmandal.And the speciality of this Mandal is I am explain below.. Studiously we have decided that only for those participating brothers and sisters we will provide this only o them. By which they can treasure the rare and important material for their whole life and

take maximum benefit. The whole procedure of Yantra is going to be explained in seminar only.
Whosoever brothers and sisters had participated in Sadgurudev'sshivir, they very well know the significance of Yantras and sadhna material. If you have to MahavidyaSadhna then also you need to form three Mandal, then only their physical establishment, self-establishment, collaboration, attraction, success and their complete association can be achieved. **If any MaaValgamukhiSadhnak had not done the base primordium process, the whole activation of Atharva sutra process and the purifaication process, then he cannot get the complete association of Mahavidhya.** May he gets compatibility in his work is different thing. Because it is for sure that you definitely get Sadhna effects. As this is mere impossible that we do actions and less result is achieved.

And for this if we understands the above shloka then it is clearly mentioned that –

Yakshini Apsara vai sachari sadaam saa

Rudrormandal sthiraam ch bhavati vashyavaa

We can get forever association of Yakshini and Apsaras but for this some freezing and establishment has to be done in **Rudra Mandal.**

literally we need to understand as to what is the meaning of Mandal???

For getting success in Apsara and YakshiniSadhnas the formation of three Mandals and the coincidence of **Purna Yakshini Apsara Saayujya Shashth Mandal** is essential. The formation process is that tough that a normal sadhak cannot do it. The whole mandals are divided into 3 parts.

1. **RudraMandal**
2. **ApsaraYakshiniMandal**
3. **Yakshini Siddhi Mandal**

And each three Mandals have 2-2 sub mandals on combining which a whole mandal is formed. And this is how 3 complete mandal forms a complete mandal. And which joining of 6 yantras forms a complete Siddhimandal, then only complete success becomes possible for Sadhak. If we try to understands this sequence –

In the**Rudra Mandal** first Mandal or the Yantra is **Siddhi Shiv KuberMandal** , in which the **Lord Mahakaal** who is the owner of Sharpness and Beauty and on kindness of his sadhak gets whole KaamBhav and gets a boon to establish complete control over it. In the success of these saundaryaSadhnas, his establishment is done in complete Tantrokt Form, which consists some special kriyaas, on using this, the component establishment, worship, geometrical notation, cosmic consciousness etcis achieved. And the PaurushBhav or the AdhipatyaBhaav which is must in Sadhna is given by him. Due to which at the time of Sadhna complete control is there and doesn't get affected by sexual excitement. Nor he needs to face problems like night fall and neither erotic thought breaches his sadhna. Along with that Lord Mahakaal and his disciple **Yakshraj kuber**and notation of **his Shakti** is added in same yantra, because we all are aware about this fact that Kuber is lord of Yakshinis and without his kindness the association of Yakshini is far away, no glimpse of experience is achieved.

The second Yantra of this RudraMandal is **Kamakshi Bramhaand Aakarshan Yantra** in which the **Bhagvati kaam Kala Kaali's kalaas** are established via which the connection between the sadhak and Apsara and Yakashini is formed. And they easily contact the sadhak, and along with their Art forms and knowledge they give their association to sadhak and sets free from obstacles. The both yantraas of **Rudra Mandal**gives success in **Yakshini and Apsara** .Now in any classified forms of this sadhna, **you the need this mandals at any cost..**

Now turns come of second mandal which is **Apsara Siddhi Mandal.** In this mandal two other mandals are there.

1.**ApsaraMandal**– which makes sadhak capable of doing this sadhna and keeps away his negativity from him in sadhna duration, doing the purification of sadhak and preparing him to become capable enough for imbibing the beauty, is the main work area of this Mandal. The whole Apasaras are presented in their geometrical form. Due to which it becomes easy to do notation process of them later which becomes their universal residence. In **1993 Sadgurudev**told, that this Yantra is

must in Apsara and TantraSadhnas and maximum sadhak had achieved complete success in it.

The sub mandal of the same one or yantra is **Saundarya Bhaagya Lekhen mandal,** by its support whichever powers sadhak achieved in saundaryasadhna becomes capable to treasure is properly, and this beauty is not just external but also see the effects in every aspect of life. When sadhak do complete self-activation then, all these Saundarya Balas are bound to come close to him.

Now the Third Mandal is **Yakshini Siddhi Mandal**. In this 2 other sub mandals are there. 1. **Shodashi Mandal** its main work is to provide the invisible association of those 16 main Yakshinis who consists 4-4 yakshinis under them. This is how each yakshini hold 4 Vidyaas, of which achievement is bowed in form of success. By the way in shastras, every Yakshini is said to be a holder of one Art form and one Vidya, but being the owner of 4-4 yakshinis indirectly they become the holder of 4 Vidyaas. Now this how 16*4 = 64, they becomes the holder of 64 Tantras and Vidyaas. The formation which tatva of sadhak is needed or which class is fructifying him, such indication is given to sadhak in his sadhna duration via dreams. Then after what type of miniature efforts is needed by sadhak is also indicated by them. The same mandal's sub mandal is **Purna sammohan Vashikaran Mandal** – in sadhna duration the only attraction is not important but also they get under control of sadhak and provide complete reconcilability, is also a must knowing fact.Whole personality of sadhak becomes magnetic and with the help of such powers he should get continously upgrade towards Devvarg. Not only just other persons contact him personally but also the other Vargclass also get eager to do that so. And providing such capabilities is the main area of this mandal

In this way the combination of these three mandals forms a **Yakshini Apsara Sayujjya Shashth Mandal** . In this one yantra this 6 yantraas are inclusive which are noted in the same sequential manner as explained above. Every sub mandalPraanpratishtha, Abhishek (pious ritual), Chaitanyikaran (activation) and diptikaranpracess is done by different types of material, herbs and mantras. Some of them pranpratishtha is done via Vajramarg, some by Shakti marg, some in mid night or some in early morning in brahma muhurt. And when all process is done on 6 yantras then they are summon up and collaborated then only they are fruitful. Well, it is not easy to activate any yantra. Tons of soul force is required.. Because sadhak should know that the whole notation process is done in order of nature, say which type of methods and all is required… etc..

After getting this yantra, more you need is some essential materials like AbheeshtYakshiniApsara basic Yantra, rosary and process. Rest secret methods are done after attempting the combination in the yantra. Thereafter which Mudras are need to be done... which facts should be adhere, what type of routine is required are must to know. |

On this one Yantra the desired cost is too much, whosoever wants to make it on his own or wants to understand the process of formation need to spend 14 days and 7-7 hours, they themselves will come to know the authenticity of this Yantra. You can understand the method of Praanpratishtha, Mantras and Mudraas and what material should be collected, which is not related to us because you only are involved in creation process. |

Well we are fortunate that we got financial support from many our brothers and sisters, and due to that support only this plan is executed. Their selflessness always inspired us to step forward. Therefore in togetherly in making of these yantras it made large difference and became cost effective. Due their support I dared to putforth this infront of you. Fortunately when we will meet in Jabalpur I would explain the whole process and all as how to use it.| Sadgurudev told the usage of above Yantras are at different time spans. And this is got by that grand tradition. These individual yantras are used in various types of sadhnas and every experiment was successful. He clearly mentioned that amongst Siddhas these yantras are famous with their different names.

I have expressed my heart feeling…. Whether they have reached to you or not…. Is depending up on your thoughts and time span…..

==

सौंदर्यवतां सा उध्वोर्वतां पूर्ण तंत्रमेव सिन्धुं |

दिव्योर्वतां सा साहचर्य प्राप्तुम ||

यक्षिणी अप्सरा वै सहचरी सदां सा |

रुद्रोमंडल स्थिरां च भवति वश्य वा ||

तंत्र जगत की अद्भुतता का वर्णन कर पाना असंभव ही है....तभी तो व्यंजना पद्धति के कूट भाष में रचित **"सौंदर्य कल्पलता सिंधु"** में ये कहा गया है की तंत्र के सागर में सौंदर्य और उर्ध्वरेतस गति की प्राप्ति सहज संभव नहीं हो पाती है,अपितु उसके लिए तंत्र रुपी सागर का मंथन करना अनिवार्य होता है,जो की इतना सहज कम से कम आज तो नहीं है,क्यूंकि चरित्र की शुद्धता और व्यक्तित्व की सुदृढता तंत्र सागर की गहराई को मापने का अनिवार्य गुण होना चाहिए साधक में | और जिस साधक में ये गुण होता है वो सहज ही तीव्रता और सौंदर्य दोनों को ही हस्तगत कर लेता है | और जिसने सौंदर्य और तीव्रता को अपने वश में कर लिया,उसे दिव्यत्व तो सहज ही प्राप्त हो जाता है |और इस हेतु यक्षिणी और अप्सरा की साधना ही सर्वोपरि होती हैं, नवीन तथ्यों और गूढ़ रहस्यों से साधक को सतत परिचित करवाना, उसका मार्गदर्शन करना और सच्चे मित्र की भाँति उसे साहचर्य और अपनी सलाह प्रदान करना ही इनका गुण होता है | शास्त्रों में विधियों की कमी नहीं है , मंत्र महार्णव,मंत्र सागरी,मंत्र सिंधु, सौन्दर्याणव पद्धति, तंत्र रत्नाकर,भूत डामर तंत्र आदि ग्रन्थ इन साधनाओं से भरे हुए हैं | किन्तु इनका सहयोग लेने पर भी इन सौंदर्य कृतियों का साहचर्य क्यूँ नहीं प्राप्त हो पाता है ?

क्या विधान गलत है ?

क्या मंत्र में त्रुटि है ?

क्या पद्धति अधूरी है ?

नहीं .... ऐसा कदापि नहीं है | अपितु हम शायद ये भूल गए हैं की किसी भी साधना की कुछ गुप्त कुंजियाँ होती हैं,जिनका अनुसरण और प्रयोग करते हुए यदि प्रामाणिक विधान किया जाए तो सफलता का प्रतिशत कई गुना बढ़ जाता है | हमारी कार्मिक गति के आधार पर भले ही सफलता मिलने में विलम्ब हो,किन्तु परिश्रम करने पर सफलता ना मिले ऐसा संभव नहीं है |

साधना के लिए विभिन्न सामग्रियों की अनिवार्यता होती ही है, काल, स्थान,वातावरण को अनुकूल करते हुए जो आपके चित्त को लगातार साधनोंमुख करते रहें | और इन सामग्रियों की अनिवार्यता को आप नकार भी नहीं सकते | प्रत्येक साधना में किसी खास द्रव्य या यन्त्र की अनिवार्यता तो बनी ही रहती है,जिसके अभाव में साधना से परिणाम की प्राप्ति दुष्कर ही होती है | साधना जगत में परिणाम प्राप्ति के लिए मंत्र,यन्त्र और तंत्र इन तीनों का ही सहयोग अनिवार्य होता है,तदुपरांत ही परिणाम संभव हो पाता है | और ऐसा मात्र महाविद्या साधनाओं

में ही नहीं होता है अपितु प्रत्येक साधना के लिए ऐसा ही विधान है |

जबलपुर में १२ अगस्त को जो यक्षिणी अप्सरा साधना पर हम गोष्ठी आयोजित कर रहे हैं, उसमे इन साधनाओं की आधारभूत सामग्री के रूप में जिस सामग्री को हम गोष्ठी में भाग लेने वाले भाई-बहनों को प्रदान करने वाले हैं वो है,यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ठ मंडल | और इस मंडल की विशेषता क्या है,इसका वर्णन मैं नीचे की पंक्तियों में कर रहा हूँ | हमने पूर्ण मनोयोग से मात्र गोष्ठी में सहभागी होने वाले भाइयों और बहनों को ही इसे देने का निश्चय किया है,ताकि उपरोक्त साधनाओं से सम्बंधित सर्वाधिक महत्वपूर्ण सामग्री सम्पूर्ण जीवन के लिए उनके पास हो और वे उसका प्रयोग कर पूर्ण लाभ उठा सके | यन्त्र के प्रयोग का पूर्ण विधान गोष्ठी में ही बताया जायेगा |

जिन भी भाइयों और बहनों ने सदगुरुदेव के सानिध्य में साधना शिविरों में भाग लिया है वे ये तथ्य भली भांति जानते हैं की यंत्रों और सामग्रियों की अनिवार्यता का क्या महत्त्व होता है | यदि आपको महाविद्या साधना करनी हो तब भी उस हेतु आपको तीन मंडलों का निर्माण करना ही होता है, तभी उनका शरीर स्थापन,आत्म स्थापन,सायुज्यीकरण, आकर्षण,सफलता प्राप्ति और पूर्ण साहचर्य प्राप्त किया जा सकता है | **यदि माँ वल्गामुखी का कोई साधक हो और उसने मूल उत्स जागरण और अपने अथर्वासूत्र का पूर्ण जागरण और निर्मलीकरण ना किया हो तो उसे इस महाविद्या का पूर्ण साहचर्य नहीं मिल पाता है** हाँ उसके कार्यों को अनुकूलता मिल जाये ये एक अलग बात है | क्यूंकि साधना का प्रभाव तो आपको प्राप्त होता ही है....ऐसा हो ही नहीं सकता है की हम कर्म करें और उसका अल्प परिणाम भी प्राप्त ना हो |

और इस हेतु यदि हम ऊपर लिखी हुयी श्लोक की पंक्तियों के भावार्थ को समझे तो उसमे स्पष्ट लिखा हुआ है की -

यक्षिणी अप्सरा वै सहचरी सदां सा |

रुद्रोर्मंडल स्थिरां च भवति वश्य वा ||

यक्षिणी और अप्सरा का साहचर्य तो सदैव प्राप्त हो सकता है किन्तु इस हेतु उसका कीलन और स्थापन **रूद्र मंडल** में करना होता है |

वस्तुतः ये समझना अति आवश्यक है की ये मंडल क्या है ???

अप्सरा और यक्षिणी साधना में पूर्ण सफलता प्राप्ति हेतु तीन मंडलों का संयोग कर **पूर्ण यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ठ मंडल** का निर्माण आवश्यक कर्म होता है | इस मंडल की निर्माण प्रक्रिया ही इतनी जटिल है की इसे सामान्य साधक नहीं कर सकता है, सम्पूर्ण मंडलों को ३ भागों में विभक्त किया गया है |

१. **रूद्र मंडल**

२.**अप्सरा सिद्धि मंडल**

३.**यक्षिणी सिद्धि मंडल**

और इन तीनों मंडल में से प्रत्येक मंडल में २-२ उपमंडल होते हैं जिनके योग से एक पूर्ण मंडल का निर्माण होता है |और इस प्रकार ३ पूर्ण मंडलों के मिलने से १ परिपूर्ण मंडल का निर्माण होता है | और इस प्रकार इस पूर्ण सिद्धि मंडल में एक साथ ६ यंत्रों का योग होता है,तभी पूर्ण सफलता के दर्शन साधक को संभव हो पाते हैं | यदि हम इसे समझे तो क्रम इस प्रकार होगा -

रूद्र मंडल में प्रथम मंडल या यन्त्र **सिद्ध शिव कुबेर मंडल** होता है, जिसमे **भगवान महाकाल** का जो तीव्रता और सौंदर्य के अधिपति हैं और जिनकी कृपा से साधक को पूर्ण काम भाव,और काम भाव पर विजय प्राप्ति का वरदान मिलता है,इन सौंदर्य साधना में सफलता के लिए इनका स्थापन पूर्ण तांत्रोक्त रूप से किया जाता है जिसकी कुछ विशिष्ट क्रियाएँ हैं जिनके प्रयोग से अंग स्थापन,पूजन,ज्यामितीय अंकन,ब्रह्माण्ड चेतना प्राप्ति आदि संभव हो पाती है और साधना में जो पौरुष भाव और अधिपत्य का भाव अनिवार्य है ये उसे ही प्रदान करने वाले हैं जिससे साधना के समय संयम भाव के वो पूर्ण नियंत्रण में होता है,जिससे कामोद्वेग से वो पीड़ित नहीं होगा |ना ही उसे स्वप्नदोष जैसी बाधा का सामना करना पड़ेगा और ना ही कामुकता की तीव्र लहर उसकी साधना को ही भंग कर पायेगी | साथ ही भगवान महाकाल के साथ उनके ही शिष्य **यक्षराज कुबेर** और **उनकी शक्ति** का अंकन भी इस एक यन्त्र में ही संयुक्त रूप से होता है,क्यूंकि इस तथ्य से हम सभी अवगत हैं ही की कुबेर यक्षिणियों के स्वामी हैं और इनकी कृपा के बगैर यक्षिणी का साहचर्य तो दूर साधक को अनुभूति का अनुभव भी दूर दूर तक नहीं हो सकता है |

इस रूद्र मंडल का दूसरा यन्त्र **कामाक्षी ब्रह्माण्ड आकर्षण यन्त्र** होता है,जिसमे **भगवती काम कला काली** की **कलाओं** का स्थापन किया जाता है और जिसके द्वारा साधक और अप्सरा तथा

यक्षिणी के बीच एक सूत्र का निर्माण होता है | और वे सुगमता से साधक से संपर्क स्थापित कर सकती हैं,अपनी सम्पूर्ण कलाओं और विद्याओं के साथ वे साधक को अपना साहचर्य प्रदान करती हैं और उसे प्रतिकूलता से मुक्त रखती हैं | **रूद्र मंडल** के दोनों यन्त्र साधक को **यक्षिणी और अप्सरा** दोनों ही साधनाओं में सफलता प्रदायक होते हैं, अब चाहे आप किसी भी एक वर्ग की साधना करें **तब भी ये एक मंडल तो आपको चाहिए ही** |

अब बारी आती है द्वितीय मंडल की जो की **अप्सरा सिद्धि मंडल** होता है | इस मंडल में भी दो मंडल होते हैं १.**अप्सरा मंडल** –जो साधक को अप्सरा साधन के योग्य बनाता है और उसकी नकारात्मक उर्जा को साधना काल में दूर रखता है,साधक का शोधन कर उसे साधना के योग्य बनाना तथा सौंदर्य को आत्मसात करने की क्षमता देना,इस मंडल का प्रमुख कार्य है | सम्पूर्ण अप्सराओं की इस मंडल में सांकेतिक उपस्थिति होती है | जिसके कारण उनका अंकन इसमें सहज हो जाता है और इस प्रकार ये उनका ब्रह्मांडीय आवास ही हो जाता है | **सदगुरुदेव** ने १९९३ में इस यन्त्र को **अप्सरा साधना और तंत्र साधना के लिए अनिवार्य ही बताया था**,और बहुतेरे साधकों ने उस समय इसका प्रयोग कर सफलता पायी थी |

इसी मंडल का दूसरा उपमंडल या यन्त्र **सौंदर्य भाग्य लेखन मंडल** होता है,इसके सहयोग से साधक सौंदर्य साधनाओं के द्वारा जिन शक्तियों की प्राप्ति करता है,उसे सहेज कर रखता है और ये सौंदर्य सिर्फ बाह्यागत नहीं होता है अपितु,जीवन के प्रत्येक पक्ष और साधनाओं में इसका प्रभाव वो स्वयं देख सकता है,जब साधक से इस मंडल का पूर्ण आत्म चैतन्यीकरण हो जाता है तो बरबस ही इन सौंदर्य बालाओं को अपने लोक से इसके पास तक आना पड़ता है |

अब तीसरा मंडल **यक्षिणी सिद्धि मंडल** होता है,इसमें भी २ उपमंडल या यन्त्र होते हैं १. **षोडशी मंडल** इस मंडल का मुख्य कार्य साधक को उन १६ मुख्य यक्षिणियों का अगोचर साहचर्य प्रदान करना होता है जिनके अधिकार में ४-४ यक्षिणी होती है | इस प्रकार प्रत्येक यक्षिणी के अधिकार में ४ विद्याएं होती है,जिसकी प्राप्ति वो साधक को साधना के परिणामस्वरूप करावा सकती है |वैसे शास्त्रों में प्रत्येक यक्षिणी को एक विद्या या कला प्रदान करने वाला कहा गया है,किन्तु चार चार के समूह की एक स्वामिनी होती हैं तो अपरोक्ष रूप से ४ विद्याओं पर उनका अधिपत्य सहज होता है | इस प्रकार १६ गुणित ४=६४ तंत्र या विद्याओं की ये अधिस्वामिनी होती हैं | साधक के निर्माण तत्व के आधार पर कौन सा वर्ग उसे फलीभूत होगा,इसका संकेत ये १६ यक्षिणी साधना काल में ही साधक को स्वप्न के माध्यम से दे देती हैं| तथा साधक को और क्या प्रयत्न करना चाहिए इसके सूक्ष्म संकेत भी साधक को वे प्रदान करती हैं | इसी मंडल का दूसरा उपमंडल या यन्त्र होता है **पूर्ण सम्मोहन वशीकरण मंडल** – साधना काल में बात मात्र आकर्षण की ही नहीं होती है अपितु वे पूरी तरह साधक के वशीभूत होकर

पूर्ण अनुकूलता भी प्रदान करे,ये भी अनिवार्य तथ्य होते हैं | साधक का व्यक्तित्व पूर्ण चुम्बकीय हो और वो इन शक्तियों के साहचर्य से स्वयं भी देव वर्ग की और अग्रसर हो,मात्र मानव वर्ग ही नहीं अपितु उसकी सम्मोहन शक्ति से अन्य वर्ग भी उससे संपर्क करने के लिए आतुर हो,ये क्षमता प्रदान करना इसी मंडल के अंतर्गत आता है |

इस प्रकार इन तीन मंडलों का योग करने से **यक्षिणी अप्सरा सायुज्य षष्ट मंडल** का निर्माण होता है| इस एक यन्त्र में ६ यंत्रों का समावेश होता है,जो इन्ही क्रमों से इस महामंडल में अंकित होते हैं| प्रत्येक उपमंडल की प्राणप्रतिष्ठा,अभिषेक,चैतन्यीकरण और दिप्तिकरण अलग अलग सामग्री,वनस्पतियों और मंत्र से होती हैं,किसी की प्राण-प्रतिष्ठा वज्रमार्ग से होती है,तो किसी की शाक्त पद्धति से,किसी की मध्य रात्रि में तो किसी के लिए ब्रह्ममुहूर्त का विधान है | और जब छहों यन्त्र पर क्रिया पूर्ण हो जाती है तब इनका योग करवाकर सायुज्यीकरण करवाया जाता है,तभी ये फलदायक होते हैं | किसी भी यन्त्र को चेतना देना इतना सहज नहीं होता है,क्यूंकि साधक को ये भली भांति ज्ञात होना चाहिए की इस यन्त्र का अंकन सृष्टि क्रम से हो रहा है या संहार क्रम से,किस पद्धति से इसका आवरण पूजन इत्यादि होगा आदि आदि |

इस मंडल की प्राप्ति के बाद साधना काल में आवश्यक सामग्रियों में आपको आपकी अभीष्ट यक्षिणी अप्सरा का मूल यन्त्र,माला और विधान ही लगता है,बाकी की गोपनीय क्रियाएँ तो उसका संयोग इस यन्त्र से करने से ही संपन्न होती है... तदुपरांत किन मुद्राओं का प्रदर्शन होना चाहिए...किन बातों का ध्यान आवश्यक है...क्या दिनचर्या होनी चाहिए आदि बाते ही आवश्यक होती हैं |

इस एक यन्त्र के निर्माण पर लागत मूल्य ही बहुत आ जाता है,और जो भी भाई बहन इसका निर्माण विधान समझना चाहे और स्वयं इसकी निर्माण विधि को प्रमाणिकता से आत्मसात करना चाहे वो अपने बहुमूल्य समय में से मात्र १४ दिन और उन दिनों के ७-७ घंटे देकर स्वयं ही इस यन्त्र का निर्माण कर सकते हैं...इस की प्राण प्रतिष्ठा विधि और मन्त्रों तथा मुद्राओं को समझ सकते हैं तथा हेतु इसकी जो भी सामग्री लगेगी,वो आपको ही जुटानी है,उससे हमारा कोई लेना देना नहीं है,क्यूंकि निर्माण काल में आप स्वयं ही इस कार्य को सम्पादित करेंगे |

हम इस कार्य में सौभाग्यशाली रहे हैं की हमें अपने कई भाई बहनों का आर्थिक सहयोग मिला है और उस सहयोग की वजह से हमारी कई योजनाओं को गति भी मिली है,उनकी निस्वार्थता हमें निरंतर कर करने की और प्रेरित करती है और इसी कारण एक साथ इनकी प्राण प्रतिष्ठा आदि करने के कारण इनके निर्माण मूल्य में बहुत अंतर आ गया है| उन सभी सहयोगियों के कारण ही आज पुनः इस कल कवलित विधान को मैं सबके सामने रखने का साहस कर रहा हूँ|

जब आप सभी से जबलपुर में मिलने का सौभाग्य मिलेगा तो इस महा मंडल का कैसे प्रयोग किया जाता है,उस हेतु हम विधान भी स्पष्ट करेंगे | उपरोक्त यंत्रों का अलग अलग समय पर **सदगुरुदेव** ने प्रयोग कराया है,और ये उसी महान परंपरा से प्राप्त हुए हैं,इनमे से प्रत्येक यन्त्र को भिन्न भिन्न साधनाओं में भी प्रयोग किया गया है,और प्रत्येक प्रयोग प्रभावी रहे है | उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा था की सिद्धों के मध्य ये यन्त्र अलग अलग नामों से भी प्रचलित रहे हैं |

मैंने तो अपने दिल की बात कह दी..... अब वो आप तक पहुँचती है या नहीं......ये तो आपके भावों और कालगति पर ही निर्भर है.....

"निखिल प्रणाम"

"जय सदगुरुदेव"

*******ARIF*******

******NPRU******

Posted by Nikhil at 2:09 PM 3 comments:
Labels: APSARA, SEMINAAR, TANTRA SIDDHI, YAKSHINI SADHNA

Tuesday, June 19, 2012

AMBUVACHI YOG AUR POORN TANTRA SIDDHI – GUPT NAVRATRI VIDHAAN



Kaalo Ashwo Vahti Saptrashmih Sahastraksho Ajaro Bhuriretah |
Tamarohanti Kavyo Viyashichatstasay Chakraa Bhuvanaani Vishwa ||

It means that Kaal (Time) have seven ropes, it drives thousands of axis and is immortal and have ever-young body. It is running continuously on his path like mahabali ashv (Horse).And entire world, all evolved material and creatures are roaming being entangled in its circle and they are not able to cross it.....Only stable, learned ones and sadhak who is free from infatuation of mind can ride this horse of time and can go beyond it or accomplish it.

Sadhak's life is something similar to it where he continuously put his efforts to get himself introduced to secrets of Kaal. But without right hard-work, continuous practice and authentic guidance, this will remain merely as imagination. But with it other things are to be kept in mind that sadhak should have the knowledge of correct moments of time. Therefore, it is necessary to know about how to use these moments, how to give completion to these processes.

The seven sadhnas which we selected for June month, yantra related to it have reached all brothers and sisters. But we deliberately delayed the providing of the Vidhaan. Because merely giving procedures and Vidhaan cannot give completeness in this subject and nor the festival of sadhna can't be celebrated fully. Because all these preparation were incomplete. Remember that for this purpose there was shortage of one important sequence not only for these seven sadhnas but also thousands of sadhna process in future would have remained incomplete. Remember that sadhna of sadhak can't be complete without authentic sadhna article. For example if you understand that if I want to talk only then any of mobile phones will do...is it right?.....if you have to listen songs, then you have to select the phone having facility of F.M .But when we talk about internet surfing......mobile

banking....chatting....video calling....ticket booking...then....we need one phone which have all these facilities and multimedia facility.
Now you will get authentic yantra every time, but for getting complete power, how you will get **"Sarv Vidya Saadhy Kaamna Poorti Vijay Maala"???**
Do you know that this time, **time from 20 June to 28 June is amazing......this time is best for accomplishing various sadhnas. Presence of Guru Pushya constellation......that too on 21 date, days of Gupt Navraatri ......2-2 Sarvarth siddhi yog, first on 21 and second on 28.....and amazing Ambu Baachi yog**......can any Muhurat better than this can be obtained......But if we accomplish the above rosary fully then for getting the success in all births and for the coming generations, this rosary being present as legacy will keep on providing accomplishment. This is not a normal rosary but describing its importance is very cumbersome task. But still I will describe following qualities.....
Providing full cooperation in fulfillment of wish
Beneficial in combining with Sammohan power
To increase self confidence
Saving from untimely deaths and bad incidents
Providing the pleasure of children
For getting desired business or job
For getting desired life partner
For getting respect and dignity
For establishing full control over Kaam Element
For providing luxury
For increase in remembrance power
Capable of augmenting concentration power and meditation capability
For remedying tantra obstacle
For attaining security chakra.
For definite success in Tantra sadhnas
For complete success in various sadhnas
By this rosary, various sadhnas can be done and it is not necessary to immerse it rather after each sadhna there will be successive addition in its power. And wearing it provides good fortune.
Do you think that something can be more important than its construction that too doing this all important activity by your own hands? Now the time has come that we not only have the knowledge about energizing of sadhna articles and process to instill consciousness in them but also we can do it ourselves. Side by side, we have to accomplish the **Poorn Tantra Safalya Mantra** also. We can utilize this precious time for progress of our life. And once we accomplish these two processes fully, then future sadhna life becomes completely safe from negativity of fear and failure.
Vidhaan-

1. First of all clean the worship place with clean water and do the arrangements in such a way that we can face North.
2. Dress and aasan will be of red colour.
3. Spread clothes of red colour also on wooden plank (Baajot)

4. Time will be second phase of night i.e. from 10:00 P.M to 3:00 P.M.
5. Take bath and sit on the aasan after wearing clothes.
6. Worship items will primarily consist of kumkum mixed I kg rice , oil Deepak(whichever you use for worship), Bhoj Patra or piece of white paper, Rakt Pushp,6 lemon ,4 coconut, leaf of Paan (everyday new) and if you do not get it then supaari used for worship purpose,new knife,Kumkum,9 cardamom,27 clove,small-2 9 red colored handkerchiefs, water container made up of copper, sweet made up of milk or mishri (sugar-candy), any fruit.
7. The rosary you need to accomplish(Rudraksh, sfatik, Hakik (white, yellow or red),Munga ,Kamal gatta rosary will be better)
8. For chanting Guru Mantra, it is correct to use Guru Rosary.
9. In other word, separate rosaries have to be used for accomplishment and for chanting guru mantra.

Pronounce "Om" 5 times in complete manner after establishing picture of Guru, Guru Yantra, Ganpati yantra or picture on Baajot. Do the poojan of Sadgurudev and Lord Ganpati in complete panchopchar way. Then chant at least 4 rosaries of Guru Mantra and 1 rosary of Tantrokt Ganpati Mantra.

OM GANADHYAKSHO KRISHN PINGLAKSHAAY NAMAH ||

After that, pray to Sadgurudev and lord Ganpati for success in sadhna.

Now make one maithun chakra by kumkum on floor in front of Baajot. Establish one small plate of cooper on Baajot in front of Guru Picture and also make yantra inside it. Now wash the rosary with clean water in different container and after wiping it, place it in that plate in which maithun chakra has been made and which is established on Baajot.

Now pronounce dhayan mantra 5 times

Ati Sulalit Veshaam Haasay Vaktraam Trinetraam,
Jit Jald Sukaantim Patt Vastaam Prakashaam |
Abhay Var Karadhyaam Ratn Bhushaabhi Bhavyaam,
Sur Taru Taal Peethe Ratn Sinhasansthaam ||

Now the new knife which you have kept put an ornamental mark on it by kumkum. Pronounce below mantra 21 times and press it under aasan which is beneath your left feet.

FREM FREM KROM KROM PASHUN GRIHAAN PHAT SWAHA

And after that do the 3 rosaries of Maha mantra of Aadya Shakti Maa Kamakhya "Treem Treem Treem".

After that, write the Poorn Tantra Safalya mantra by kumkum on Bhoj patra. Establish it over the bindu in center of triangle written on floor.

OM HREENG AING KLEENG KREEM HUM HUM KREEM KREEM PHAT

And now place one lemon in one of the angles of triangle. Again while chanting mantra, place second lemon inside second triangle. In this way place 6 lemons in six triangles.

OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE STHAPYAAMI NAMAH ||

After that do the poojan of Bhoj Patra by kumkum-mixed rice while chanting below mantra.

OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE AKSHATAAN STHAPYAAMI NAMAH ||

Now do the poojan of Bhoj Patra by kumkum while chanting below mantra
OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE KUMKUM STHAPYAAMI NAMAH ||

Now offer flowers
OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE PUSHPAM STHAPYAAMI NAMAH ||

Now do the poojan through dhoop-deep.
OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE DHOOPAM DEEPAM STHAPYAAMI NAMAH ||

Now do the poojan by navidya and fruit
OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE PHALAM-NAIVEDYAM STHAPYAAMI NAMAH ||

Now offer one coconut.
OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE NAARIKEL STHAPYAAMI NAMAH ||

Now the rosary which need to be accomplished, take it out from that container and rotate it in your hand while pronouncing below mantra 11 times i.e. the way we use thumb and fingers in chanting, do it like that.

Maale Maale Mahamaale Sarv Tatv Swrropini|
Chatuvargstavyi nyast stsmame Sidhida Bhav ||
Now with that rosary, chant one round of below mantra
OM HREEM SHREEM AKSHMAALAAYAI NAMAH ||

Now chant one round of below mantra from same rosary-

OM SARVMAALAA MANIMAALAA SIDDHI PRADAATRAYI SHAKTI RUPINYAI NAMAH ||

Now again establish that rosary in that container. And do its poojan by Rakt pushp, coconut, leaf of paan (everyday new) and if not possible then supaari used for worship, 1 cardamom, 3 clove and navidya. When you are offering sadhna article, then pronounce below mantra and chant "Samarpayaami Namah" in end of mantra after taking the name of article which you are offering.

Example-

OM HREEM SHREEM AKSHMAALAAYAI NAMAH RAKTPUSHPAM SAMARPAAYIMI ,NAARIKEL SAMARPAAYIMI.....etc etc

After that, accomplish chetna Kriya on that rosary by kumkum-mixed rice while chanting below mantra. This mantra has to be chanted for at least 20 minutes or 108 times and Akshat has to be offered while chanting.

OM AING HREENG SHREENG AM AAM IM EEM RIM RRIM LRM LRIM EM AIM OM OUM AM AH KAM KHAM GAM GHAM INGAM CHAM CHHAM JAM JHAM INYAM TAM THAM DAM DHAM NNAM TAM THAM DAM DHAM NAM PAM PHAM BAM BHAM MAM YAM RAM LAM VAM SHAM SHHAMSAM HAM KSHAM ||

Now pray that rosary by below mantra and offer flowers on it.

Om Tvam Maale Sarv Devanaam Sarv Siddhi Prada Mta |
Tem Satyen Mem Siddhim Dehi Maatarnamoostute ||

Now chant 5 rounds of "**Poorn Tantra Safalya Mantra**". And in the end, offer mantra Jap in feet of Sadgurudev. This sequence will go on up till 28 June...Remember lemon should be placed on first day only. Coconut should be established on first and last day. After the sequence is completed, put the rosary in that container and cover it with red cloth. On second day, it has to be covered with other cloth.in the same way on all 9 days; it has to be covered with new cloth...and the old one have to be kept separately. On 29th June, all articles(except rosary and Bhoj patra),along with the cloth spread on Baajot should be tied and after praying to Sadgurudev for success, keep it in any place where nobody comes and wash the floor....Yes keep in mind that Maithun chakra will be made only on first day on floor and container. There is no need to make it daily. Immerse the Bhoj patra in clean water.

I will only say that such fortune is attained by few ones that there is right opportunity and secret process are obtained. You all get full benefits from this fortunate festival, I pray to lotus feet of my Praanadhar.

===

"कालो अश्वो वहति सप्तरश्मि: सहस्राक्षो अजरो भुरिरेता: |

तमारोहन्ति कवयो वियश्चितस्तस्य चक्रा भुवनानि विश्वा ||"

अर्थात काल सात रस्सियों वाला और हजारों धुरियों को चलाने वाला तथा निर्जरादेह से युक्त और अमर है | वह महाबली अश्व के समान निरंतर अपने पथ पर दौड़ रहा है | और समस्त संसार,उत्पन्न पदार्थ तथा जीव आदि उसके इसी चक्र में फंसकर घूम रहे तथा उसे पार नहीं कर पा रहे हैं…मात्र स्थिरप्रज्ञ,ज्ञानी और मन की आसक्ति से मुक्त साधक ही इस काल रुपी अश्व की सवारी कर इससे परे जा सकते हैं या साध सकते हैं |

कुछ ऐसा ही तो है एक साधक का जीवन,जहाँ वो लगातार प्रयास करता रहता है,काल के रहस्यों से परिचित होने का | किन्तु उचित परिश्रम,सतत अभ्यास और प्रामाणिक मार्गदर्शन के ऐसा होना मात्र कपोल कल्पना ही कहलाती है | किन्तु इसके साथ साथ ये भी ध्यान रखना आवश्यक है की **साधक को काल के उपयुक्त क्षणों का ज्ञान भी हो**, अतः किन क्षणों का कैसा प्रयोग करना है,उनमे किन क्रियाओं को पूर्णता दी जा सकती है,ये जानकारी भी होना आवश्यक है |

हमने जिन सात साधनाओं का चयन जून माह के लिए किया था | उनसे सम्बंधित यन्त्र तो सभी भाई बहनों के पास पंहुच ही गए हैं,किन्तु हमने जान बूझ कर साधना विधान देने में विलम्ब किया था | क्यूंकि मात्र प्रक्रिया और विधान पंहुचा देने से ही इस विषय को ना तो पूर्णता मिल सकती थी और ना ही सफलता का पूरी तरह से उत्सव मनाया जा सकता था | क्यूंकि ये तैयारी ही अपूर्ण थी | याद रखिये इस हेतु एक बहुत महत्वपूर्ण क्रम का अभाव था और मात्र इन सात साधनाओं के लिए ही नहीं अपितु भविष्य में किये जाने वाले हजारों साधनात्मक विधान अपूर्ण ही रहते | याद रखिये साधक की साधना प्रामाणिक साधना सामग्री के बगैर पूर्ण नहीं हो सकती है | उदाहरण के लिए आप ये समझिए की यदि मुझे मात्र बात करनी है तो कोई भी मोबाईल फोन चलेगा नहीं बल्कि दौड़ेगा….. ठीक है ना… अब गाने भी सुनना हो तो फिर ऐसा फोन चुनना पड़ेगा, जिसमे एफ.एम. की सुविधा हो किन्तु जब बात उसमे इन्टरनेट सर्फिंग की हो…मोबाइल बैंकिंग की हो…चेट की हो….वीडियो कालिंग की हो…टिकट बुकिंग की हो…तब…..तब..हमें एक ऐसा फोन चाहिए ना,जिसमे ये सारी सुविधाए और मल्टीमीडिया की सुविधा भी हो….|

अब आपके पास प्रामाणिक यन्त्र तो हर बार पंहुच जायेगा,किन्तु आप पूर्ण शक्ति प्राप्ति के लिए “**सर्व विद्या साध्य कामना पूर्ती विजय माला**” कहाँ से लाओगे ????

क्या आप जानते हैं की **इस बार २० जून से २८ जून तक का काल अद्भुत है…विविध साधनाओं को सिद्ध करने के लिए पूर्ण सफलता प्रदायक है | गुरु पुष्य नक्षत्र की उपस्थिति…वो भी २१ तारीख को,गुप्त नवरात्रि के दिवस ….२-२ सर्वार्थ सिद्धि योग,पहला २१ को और दूसरा २७ जून को…और अद्विय्तीय अम्बुबाची योग**…क्या इससे अद्भुत मुहूर्त साधना के लिए प्राप्त हो सकता था| हम मात्र एक साधना ही इस गुप्त नवरात्री में कर पाएंगे…किन्तु यदि हम उपरोक्त माला को पूर्ण सिद्ध कर ले तो जन्म जन्मांतर की साधनाओं में सफलता हेतु और आने वाली पीढ़ी के लिए भी ये माला एक धरोहर के रूप में उपस्थित रहकर सिद्धि प्रदान करती

रहेगी | ये कोई सामान्य माला नहीं है,अपितु इसके महातम्य का वर्णन करना दुष्कर है,फिर भी निम्न विशेषताओं का मैं उल्लेख करना चाहूँगा –

मनोकामना पूर्ती के लिए पूर्ण सहयोगी |
सम्मोहन शक्ति से युक्त करने में लाभकारी |
आत्मविश्वास वृद्धिकारक |
अकालमृत्यु और दुर्घात से बचाने वाली |
संतान सुख देने में समर्थ |
मनोवांछित व्यवसाय या नौकरी की प्राप्ति हेतु |
मनोवांछित जीवन साथी प्राप्ति हेतु |
सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हेतु |
काम तत्व पर पूर्ण नियंत्रणकारी |
ऐश्वर्य प्रदात्री |
स्मरण शक्ति में वृद्धि कारक |
एकाग्रता शक्ति और ध्यान क्षमता की अभी वृद्धि करने में सक्षम |
तंत्र बाधा निवारण हेतु |
सुरक्षा चक्र प्राप्ति हेतु |
तंत्र साधनाओं में निश्चित सफलता दायक |
विविध साधनाओं में पूर्ण सफलता प्रद |
इस एक ही माला से विविध साधनाएं की जा सकती है,और उसका विसर्जन अनिवार्य नहीं है,अपितु प्रत्येक साधना के बाद इसकी शक्ति में उत्तरोत्तर वृद्धि होती जायेगी | और इसे धारण करना ही पूर्ण सौभाग्यदायक है |

क्या आपको लगता है की इसके निर्माण से महत्वपूर्ण कुछ भी हो सकता है वो भी स्वयं के हाथों ही इतनी महत्वपूर्ण क्रिया संपन्न करने से | कालानुसार अब समय आ गया है की सामग्रियों की प्रतिष्ठा और उनमे चेतना का प्रवाह करने की क्रिया का ना सिर्फ हमें ज्ञान हो अपितु,उसे हम स्वयं ही संपादित भी कर सके | साथ ही **पूर्ण तंत्र साफल्य मंत्र** को भी इसी काल में हमें अंगीकार कर सिद्ध करना है | हम इस बहुमूल्य समय को अपने जीवनोत्थान हेतु उपयोग कर सकते हैं | और एक बार जब हम इन दोनों क्रियाओं को पूर्ण रूपेण सिद्ध कर लेते हैं,तो आगे का साधना जीवन भय और असफलता की नकारात्मकता से सदैव सुरक्षित रहता है |

विधान –

१. सर्वप्रथम पूजन स्थल को भली भांति स्वच्छ जल से साफ़ कर ले,और उत्तर दिशा की और मुख कर सके,ऐसे स्थान का चयन कर ले |
२. वस्त्र व आसन लाल रंग के होंगे |
३. सामने बाजोट पर भी लाल रंग का वस्त्र बिछा दें |
४. समय रात्रि का दूसरा प्रहर अर्थात १० बजे से ३ बजे के मध्य का होगा |

५. स्नान कर वस्त्र धारण कर अपने आसन पर बैठ जाएँ |
६. पूजन सामग्री में मुख्यतः कुंकुम मिश्रित १ किलो अक्षत (साबुत चावल),तेल का दीपक (जो भी आप पूजन के लिए प्रयुक्त करते हों),भोज पत्र या सफ़ेद कागज़ का टुकड़ा,रक्त पुष्प,६ निम्बू,४ नारियल,पान का पत्ता(रोज नया) और नहीं मिले तो पूजा की सुपारी,नया चाकू,कुंकुम,९ इलायची,२७ लोंग,छोटे छोटे ९ लाल वस्त्र के रुमाल जैसे टुकड़े, ताम्बे का जल पात्र,दूध की मिठाई या मिश्री,कोई भी फल |
७. जिस माला को आप सिद्ध करना चाहते हैं(रुद्राक्ष,स्फटिक,हकीक सफ़ेद,पीला या लाल,मूंगा,कमलगट्टे की माला का प्रयोग करना बेहतर है) |
८. गुरु मंत्र जप करने के लिए अपनी गुरु माला का प्रयोग किया जाना उचित है |
९. अर्थात सिद्ध करने के लिए अलग और गुरु मंत्र जप के लिए अलग माला का प्रयोग करना है | ये बात बार बार बताना उचित नहीं होगा |

बाजोट पर गुरु चित्र,गुरु यन्त्र,गणपति,यन्त्र या चित्र की स्थापना कर,"ॐ" का पूर्ण रूप से ५ बार उच्चारण करें तथा सदगुरुदेव और भगवान गणपति का पूर्ण पंचोपचार विधि से पूजन करें | तथा गुरु मंत्र की कम से कम ४ माला संपन्न करें और १ माला तांत्रोक्त गणपति मंत्र की संपन्न करे |

"ॐ गणाध्यक्षो कृष्ण पिंग्लाक्षाय नमः ||"

OM GANADHYAKSHO KRISHN PINGLAKSHAAY NAMAH ||

तत्पश्चात सदगुरुदेव और भगवान गणपति से साधना विधान में सफलता के लिए प्रार्थना करे | अब कुंकुम से बाजोट के सामने भूमि पर एक मैथुन चक्र का निर्माण करे | और ताम्बे की एक छोटी सी थाली बाजोट पर भी गुरु चित्र के सामने स्थापित करें और उसमे भी मैथुन चक्र का अंकन कर लें |

अब माला को किसी अलग पात्र में शुद्ध जल से स्नान करवाकर और पोंछ कर उस थाली में स्थापित कर दें जिस में मैथुन चक्र अंकित है और जो बाजोट पर स्थापित है |

अब ध्यानमंत्र का ५ बार उच्चारण करे –

अति सुललित वेशां हास्य वक्त्राम् त्रिनेत्राम,
जित जल्द सुकान्तिम् पट्ट वस्त्रां प्रकाशं |
अभय वर कराढयां रत्न भूषाभि भव्यां,
सुर तरु ताल पीठे रत्न सिंहासनस्थाम् ||

अब जो नया चाकू आपने रखा हुआ है उस पर कुंकुम का तिलक लगाकर निम्न मंत्र का २१ बार उच्चारण कर उसे अपने बांये पैर के आसन के नीचे दबा लें-

फ्रें फ्रें क्रों क्रों पशुन् गृहाण हुं फट् स्वाहा ||
FREM FREM KROM KROM PASHUN GRIHAAN PHAT SWAHA

और इसके बाद गुरु माला से ही **आद्य शक्ति माँ कामाख्या** के **"त्रीं त्रीं त्रीं"** महा मंत्र की ३ माला संपन्न करे |

तदुपरांत भोजपत्र पर **पूर्ण तंत्र साफल्य मंत्र** कुंकुम से लिख कर भूमि पर लिखे त्रिकोण के मध्य जो बिंदु बना है उस पर स्थापित कर दे |

ॐ ह्रीं ऐं क्लीं क्रीं हुं हुं क्रीं क्रीं फट् ||

OM HREENG AING KLEENG KREEM HUM HUM KREEM KREEM PHAT

और अब एक नीम्बू को त्रिकोण के एक कोण में निम्न मंत्र बोलते हुए स्थापित कर दें | फिर मंत्र बोलते हुए दूसरा नीम्बू दूसरे त्रिभुज में स्थापित कर दें | इस प्रकार ६ निम्बुओं को ६ त्रिकोण में स्थापित कर दें |

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते स्थापयामि नमः ||

OM AIM HREEM HASOUH TRIPURE AMRITARNAVVAASINI SHIVE SHIVANANYARUPINYAI TE STHAPYAAMI NAMAH ||

इसके बाद उस भोजपत्र का पूजन निम्न मंत्र बोलते हुए कुंकुम मिश्रित अक्षत द्वारा करे |

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते अक्षतान समर्पयामी नमः ||

अब कुंकुम द्वारा उस भोजपत्र का पूजन निम्न मंत्र बोलते हुए करे –

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते कुंकुम समर्पयामी नमः ||

अब पुष्प अर्पण करे –

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते पुष्पं समर्पयामी नमः ||

अब धुप-दीप द्वारा पूजन करे –

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते धूपं दीपं दर्शयामि नमः ||

अब नैवेद्य या फल द्वारा पूजन करे –

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते फलं-नैवेद्यम समर्पयामी नमः ||

अब १ नारियल को अर्पित करे –

ॐ ऐं ह्रीं ह्सौ: त्रिपुरे अमृतार्णववासिनी शिवे शिवानन्यरुपिन्यै ते नारिकेल समर्पयामी नमः ||

अब जिस माला को सिद्ध करना था उसे पात्र में से उठाकर और हाथ में लेकर निम्न मंत्र का ११ बार उच्चारण करते हुए घुमाते जाये अर्थात जैसे माला करते हुए हम उँगलियों और अंगूठे का प्रयोग करते हैं,वैसे ही करें |

माले माले महामाले सर्व तत्त्व स्वरूपिणी |

चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्त स्तस्मंमे सिद्धिदा भव ||

अब उसी माला से १ माला मंत्रजप निम्न मंत्र का करे –

ॐ ह्रीं श्रीं अक्षमालायै नमः ||

OM HREEM SHREEM AKSHMAALAAYAI NAMAH ||

तत्पश्चात निम्न मंत्र का जप १ माला उसी माला से करे -

ॐ सर्व माला मणि माला सिद्धि प्रदात्रयि शक्ति रुपिण्यै नमः ||

OM SARVMAALAA MANIMAALAA SIDDHI PRADAATRAYI SHAKTI RUPINYAI NAMAH ||

अब उस माला को वापस उसी पात्र में स्थापित कर दें.,और उसका पूजन अब माला का पूजन रक्त पुष्प,नारियल,पान का पत्ता(रोज नया) और नहीं मिले तो पूजा की सुपारी, १ इलायची,३ लौंग और नैवेद्य से करे | जब आप सामग्री अर्पित कर रहे हों तब निम्न मंत्र का उच्चारण करते हुए करे और मंत्र के अंत में जिस सामग्री को आप अर्पित कर रहे हों,उस सामग्री का नाम लेकर **समर्पयामी नमः** कहे |

उदाहरण –

ॐ ह्रीं श्रीं अक्षमालायै नमः रक्तपुष्पं समर्पयामी ,नारिकेल समर्पयामी .....आदि आदि

इसके बाद उसी माला पर कुंकुम मिश्रित अक्षत निम्न मंत्र बोलते हुए चेतना क्रिया संपन्न करे,ये मंत्र कम से कम २० मिनट या १०८ बार बोलते हुए अक्षत के दाने अर्पित करते जाना है |

ॐ ऐं ह्रीं श्रीं अं आं इं ईं ऋम् ऋम् लृं लृं एं ऐं ओं औं अं अ: कं खं गं घं ङ चं छं जं झं ञ* टं ठं डं ढं णं तं थं दं धं नं पं फं बं भं मं यं रं लं वं शं षं सं हं क्षं ||

OM AING HREENG SHREENG AM AAM IM EEM RIM RRIM LRM LRIM EM AIM OM OUM AM AH KAM KHAM GAM GHAM INGAM CHAM CHHAM JAM JHAM INYAM TAM THAM DAM DHAM NNAM TAM THAM DAM DHAM NAM PAM PHAM BAM BHAM MAM YAM RAM LAM VAM SHAM SHHAMSAM HAM KSHAM ||

इसके बाद माला को निम्न मंत्र से प्रणाम करें और उन पर पुष्प अर्पित करे –

ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्व सिद्धिप्रदा मता |

तें सत्येन में सिद्धिं देहि मातर्नमोऽस्तूते ||

इसके बाद इसी माला से **पूर्ण तंत्र साफल्य मंत्र** की ५ माला जप करे | और अंत में सद्गुरु चरणों में मंत्र जप अर्पित कर दें | यही क्रम अंतिम दिवस तक अर्थात २८ जून तक रहेगा...याद रखिये नीम्बू मात्र पहले दिन स्थापित करने हैं,नारियल पहले और अंतिम दिवस स्थापित करना है | क्रम समाप्त होने पर माला को उसी पात्र में रख दे और लाल वस्त्र के टुकड़े से ढांक दें,दूसरे दिन दुसरे वस्त्र से,इसी प्रकार ९ दिनों तक नित्य नए वस्त्र से ढांकना है...और पुराने वाले को अलग रख देना है |२९ जून को सभी सामग्री(माला और भोजपत्र को छोड़कर) बाजोट पर पर बिछे वस्त्र में बांधकर सदगुरुदेव से पूर्ण सफलता की प्रार्थना करते हुए किसी वीरान स्थान में रख दे

और फर्श को धो या पोछ लें...हाँ याद रखिये मैथुन चक्र मात्र पहले दिन ही भूमि और पात्र में बनेगा,उसे नित्य बनाने की जरुरत नहीं है | भोजपत्र को स्वच्छ जल में विसर्जित कर दे |
मैं मात्र यही कहूँगा की ऐसा सौभाग्य किसी किसी का ही होता है की सही अवसर हो और गुह्यतम क्रियाओं की प्राप्ति हो,आप सभी को इस सौभाग्यशाली पर्व का पूर्ण लाभ प्राप्त हो,यही प्रार्थना और कामना है मेरी अपने प्राणाधार के श्री चरणों में |

SIDDH KUNJIKA AUR PAARAD VIGYAN RAHASYA



तंत्रमार्ग में गतिशील होने वाले प्रत्येक पथिक को "सिद्ध्कुंजिका" के रहस्य का ज्ञान होना आवश्यक है | जीवन के विविध पक्षों में इनके अर्थ भिन्न भिन्न हो सकते हैं,फिर वो चाहे आर्थिक उन्नति का क्षेत्र हो,आध्यात्मिक उन्नति का क्षेत्र हो या फिर आरोग्य की दृष्टि से इसकी भूमिका का बोध हो..... सदगुरुदेव की ज्ञान दृष्टि ने इस अद्भुत मंत्र के उन रहस्यों को अनावृत किया था जो जन सामान्य के पहुँच से बहुत दूर या अगम्य है....उन्ही से प्राप्त एक ऐसा रहस्य जिसमे इस मंत्र के गर्भ में छुपे उन मर्मों का ज्ञान भी समाहित था जो रस विज्ञानं की दुरुहता को सहज ही हल किया जा सकता है....बस उसी और एक कदम .....

******NPRU******

Posted by Nikhil at 4:00 AM No comments:

Labels: PAARAD, TANTRA SIDDHI

इच्छित व्यक्ति स्तम्भनं प्रयोग

Blows and counter-blows have become part and parcel of life. Now times are gone when people used to fight giving you open challenge. Now harming you in hidden manner have become the only motive. There are many categories of people mentioned in shastras…….there are many among these also which want to disturb others without any reason……Harming anybody for sake of money only or for land. Or being jealous with your progress, creating various kinds of conspiracy against you.

Sadhak belonging to the field of tantra very well knows how to deal with such problems. But there is wide gap between knowing it and doing it.Stambhan is one of karmas under Shat Karmas (6 process of tantra).Every one of us are well introduced to the form of prime deity of Stambhan Goddess Balgamukhi .If the person does not have any solution in mind, he can take the procedural knowledge of this Vidya and use it for his own security. Definitely he will benefit from it.

But it is very hard to find the person capable of providing this knowledge and the person who can use it appropriately…..and the problem is that how to take time out for doing such type of prayog. Everyone is hard-pressed for time; this fact is known to everybody.

There are both type of process in field of tantra: those consuming more time and those taking less time. Generally it is said that first of all less time-consuming process should be paid attention and if the results are not as per our need then the attention should shift to high-order sadhna .This is correct too since where there is need of needle then why to use sword. And in the base of Tantra Mantra, there is one important part or science called Yantra Science…..even a small portion of it has not been revealed so far……This science has been full of so many amazing hidden and hard to believe secrets.

The various prayogs given by us have been the matter of appreciation among various saints, tantra acharyas and various high-order tantra

scriptures. Hundreds have done them and taken benefits from it.This need of the hour is that if we have time, why not we do this prayog which have been so accurate and tested.
These easiest processes have their own significance. Make this yantra.It can be done on morning of any auspicious day.
For making yantra, one can use the stick of pomegranate or any other appropriate stick which is available.
Mixture of Kumkum and Gorochan has to be used as ink for writing yantra.
Yellow dress and yellow aasan will be more appropriate.
Take resolution (Sankalp) in the beginning of prayog.
Keep in mind that write the name of the person in middle of yantra who is troubling you.
After making yantra i.e. after writing the name of person, this yantra has to be kept in clay container for full one day and dhoop, deep and navidya has to be offered.
On the next day, place one clay plate above the clay container (in which yantra was kept) and tie this container nicely with any cloth. Keep it in any far-off place where nobody comes.
After doing this, that person is not able to frame any harmful plan against you.
After this do Sadgurudev poojan and chant Guru Mantra as per your capacity and pray for your success.
===

घात प्रतिघात तो जीवन का खासकर आज के , तो एक अंग वह भी आवश्यक बन गयी हैं वह समय कहीं कोसों दूर चला गया जब लोग सामने चुनौती दे कर लड़ना पसंद करते थे . अब तो गुप्त रूप से आपको नुक्सान पहुचना ही एक मात्र मकसद रह गया हैं, यूँ तो शास्त्रों मे लोगों की अनेक प्रकार की श्रेणियाँ उल्लेखित हैं . उनमे से कुछ ये भी हैं की अकारण ही दूसरे को परेशां करने वाले ...किसी की जमीन पर या किसी को सिर्फ कुछ धन के लिए नुक्सान पहुचने वाले . या आपकी उन्नति से जल कर आपके लिए तरह तरह के षड्यंत्र का निर्माण करने वाले .

तंत्र क्षेत्र का साधक इन सभी समस्यायों को कैसे निपटा जाये यह भली भांति जानता हैं पर जानने और करने मे कोसो की दुरी होती हैं ,षट्कर्म मे से एक कर्म स्तम्भंन्न भी हैं

और स्तम्भनं की प्रमुख देवी भगवती बल्गामुखी के स्वरुप से कौन नही परिचित होगा , जिसे कोई भी उपाय ना सूझे तो विधिवत ज्ञान ले कर इस विद्या का प्रयोग अपने रक्षार्थ करें निश्चय ही उसे लाभ होगा .

पर न तो इस विद्या का ज्ञान देने वाले और न ही उचित प्रकार से प्रयोग करने वाले आज प्राप्त हैं .और् सबसे बड़ी समस्या यह हैं की इन प्रयोगों को करने के लिए कैसे समय निकाला जाए .आज समय की कितनी कमी हैं यह तो हम सभी अच्छी तरह से जानते हैं ही .

साधना क्षेत्र मे दोनों तरह के विधान हैं लंबे समय वाले और कम समय वाले भी ..साधारणतः यह कहा जाता हैं की सबसे पहले कम समय वाले विधानों की तरफ गंभीरता से देखा जाना चाहिये और जब परिणाम उतने अनुकूल ना हो जितनी आवशयकता हैं तब बृहद साधना पर ध्यान दे यह उचित भी है क्योंकि जहाँ सुई का काम हो वहां तलवार की क्या उपयोगिता ..

और तंत्र मंत्र के आधारमे एक महत्वपूर्ण अंग या विज्ञानं हैं यन्त्र विज्ञानं ..अभी भी इसका एक अंश मात्र भी सामने नही आया हैं . एक से एक अद्भुत गोपनीय और दाँतों तले अंगुली दवा लेने वाले रहस्यों से ओत प्रोत रहा हैं यह विज्ञानं.

हमारे द्वारा अनेक प्रयोग जो दिए जाते रहे हैं वह अनेको मनिशियों ,तंत्र आचार्यों और उच्च तांत्रिक ग्रंथो मे बहुत प्रशंषित रहे हैं और सैकडो ने उनके प्रयोग किये हैं और लाभ भी उठाया हैं , आवश्यकता बस इस बात की हैं की यदि समय हो तो क्यों न इन प्रयोगों की करके भी देखा जाये जो अनुभूत और सटीक रहे हैं .

इन सरलतम विधानों का अपना एक महत्त्व हैं.इस यन्त्र का निर्माण करें .

- किसी भी शुभ दिन प्रातः काल मे कर सकते हैं .
- यन्त्र निर्माण के लिए अनार या जो भी उचित लकड़ी प्राप्त हो उसका उपयोग कर सकते हैं .
- यन्त्र लेखन मे स्याही सिर्फ कुकुम और गोरोचन को मिलाकर बना ना हैं .
- वस्त्र पीले और आसन का रंग पीला हो तो कहीं जयादा उचित होगा .
- प्रयोग के शुरुआत मे संकल्प ले .
- यह ध्यान रखे की यन्त्र के बीच मे उस व्यक्ति का नाम लिखे जिसने आपको परेशां कर् रखा हो
- यन्त्र निर्माण मतलब उस व्यक्ति का नाम लिखने के बाद पुरे एक दिन इस यंत्र को एक मिटटी के वर्तन मे रखना हैं और धूप दीप और नैवेद्य अर्पित करना हैं .

- बाद मे मतलब दूसरे दिन इसके ऊपर (मिटटी के वर्तन) जिसमे यह यन्त्र निर्माण के बाद रखा हैं किसी अन्य मिटटी की प्लेट उसके ऊपर रख दे और अच्छी तरह से इस पात्र कोकिसी कपडे से बाँध कर .किसी दूर निर्जन स्थान पर रख दे .

ऐसा करने से वह व्यक्ति फिर आपके लिए कोई हानि का रक योजना नही बना पाता हैं .

इसके बाद सदगुरुदेव जी का पूजन और गुरू मंत्र का जप यथाशक्ति करे औरसफलता के लिए प्रार्थना करें ...

****NPRU****

Posted by Nikhil at 3:29 AM No comments:
Labels: KAARYA SIDDHI SADHNA, LAGHU PRAYOG, TANTRA SIDDHI, YANTRA RAHASYA

Monday, June 4, 2012

DURLABH PRAYOGON KE SARAL RAHASYA - 2



तंत्र के उन्ही अनुभवों में से कुछ और

****NPRU****

Posted by Nikhil at 11:28 PM 1 comment:
Labels: TANTRA SIDDHI, TANTRA VIDEO CLIPS

DURLABH PRAYOGON KE SARAL RAHASYA-1



ये प्रयास रहा है मेरा की मेरे अन्य भाई बहनों को भी तंत्र के वे सूत्र प्राप्त हो सकें,जो मुझे मिले हैं...मेरा दायित्व है की मैं अपने अनुभव को अपने आत्मीयों के साथ साझा करू ......उन्ही में से कुछ यहाँ पर मैं दे रहा हूँ ...

******NPRU******

Posted by Nikhil at 11:17 PM 1 comment:
Labels: TANTRA SIDDHI, TANTRA VIDEO CLIPS

Friday, June 1, 2012

TANTRA GYAN SHRINKHLA -2 (LING RAHASYA AUR MANAH SHAKTI JAAGRAN VIDHAAN-1) तंत्र ज्ञान श्रृंखला – २ (लिंग रहस्य और मन: शक्ति जागरण विधान-१)



In Last Article, we discussed about what are those seven levels of mind whose bhedan can be done and after that we can unify conscious and subconscious state of mind and attain the state of super-conscious mind (Maha Chetan).For this we definitely needs Shivling, we can plan regarding Shivling considering our faculty of reasoning and capacity, but this is essential. As I told you earlier, there are three types of Shivling-

1. Sthul Ling (Visible Ling)
2. Sookshma Ling (Subtle Ling)
3. Para Ling

This order of attainment of universal powers, when completed by Yogi, then in its root, complete combination of these three lings takes place. Remember that Mind is the master of infinite powers, but they are in dormant state and if we unify those two states of mind then definitely, attained Maha Chetan mind entrust the authority of its infinite powers to us. The padhati which I am telling you, it will automatically keep on introducing you to the experiences. Just you have to do it with full dedication and besides this, do the process as it has been told here. Above, I have given you information about three lings which are known as

Isht Ling
Praan Ling
Bhaav Ling (Para Brahamandeey Ling)

by the sadhak. These three lings are related to three important states of mind, upon unifying these three lings, three states of mind also get unified and all the seven levels also become one. Till now, we have only heard of two states of mind-

Conscious Mind (Outer Mind)

Sub-Conscious Mind (Inner Mind)

But there is one state also in middle of them which is known by sadhak by the name of Chetan-Avchetan Man (Conscious-Subconscious mind).In this state, activation of power takes place but there is shortage of consciousness due to which sadhak cannot attain full mastery and sometimes, deviating from the path, due to the ego of power, he degrades. Therefore, after attaining Maha Chetna state, understanding the infinite secrets will require the use of outer symbols. It has been said also “Chandrama Manso Jaatah” meaning moon is the indicator of mind. The speed of mind is infinite but it is full of instability (playful) and parad is also very instable and full of infinite powers. Therefore, when making use of full process, parad is combined in accordance with Kramik Vidhaan (sequential procedure) then instability of mind vanishes. But it does not mean that those who cannot attain parad Shivling can’t do this process.it is not like this. Their speed and progress may remain slow but activation and bhedan of chetna and Manah Shakti (mind-power) will definitely take place.

The three lings which I have mentioned above, their qualities are also similar with those three states-

Isht Ling – Sakal ling

Praan Ling –Sakal Nishkal Ling

Bhaav Ling (Para Brahamandeey Ling) –Nishkal or Para Ling

Now let's see their situation at those seven level, these three important levels will be First, Fourth and Seventh. If you see it carefully then situation of Aadi (start).Madhya (middle and ant (end) is formed whose complete union lead to completion of journey towards completeness. I have told you earlier also that these seven levels contain different abilities meaning as we cross one level and reach the other level, automatically we get acquainted with the knowledge hidden in first level or first layer. But acquiring knowledge and mastering it are altogether different things. Therefore, for mastering it, complete Kramik Vidhaan needs to be done.

1. Chetan –**Isht Ling**
2. Smriti
3. Avchetna
4. Sarjana – **Praan Ling**
5. Jeewanaat
6. GarbhSuvistrita (Antasyog)
7. Brahmand Chetna – **Bhaav Ling**

Meaning that as we complete the journey from first to the fourth level, union between the Isht Ling and Praan ling happens and as we reach the seventh level, these three lings become one. And then the three lines of great triangle present in our Muladhaar which represents Mind, Praan and soul get activated and thereby activates the triangle also. And the center of triangle i.e. bindu which symbolizes Shiva provides everything i.e. **"Bhogasch Mokshasch Karsth Ev Ch"|**
The journey of Aatm Ling (Bhaav Ling) is possible only when we have attained Maha Chetan mind. Then only we can see Great Triangle (Maha Trikon) and Aatm Ling.But before this, we have to make use of the symbol of outer consciousness Isht ling.
On any Monday, wake up in Brahma Muhurat and after taking bath, sit in siddhaasan facing towards North. One should wear yellow, red or white dhoti or saree. Aasan should be of blanket and on it aasan should be woolen or silky. Remember that color of aasan should be same as that

of your dress. After spreading the cloth of color mentioned above, on Baajot in front of you, establish Isht Ling in copper container. Now do the panchopchar poojan of your Guru and Ganpati using Dainik Vidhi. Then pronounce “Om” 11 times. Now sitting erectly and stably, pronounce “Hum” beej 5 minutes and you have to pronounce it with intensity. Mental chanting or chanting it in lower voice should not be done rather medium voice should be used. Besides this ,contract your anus gate with intensity but keep in mind that this contraction should be in sync with the sound of “Hum” otherwise our preliminary process will become errorenous.Vibration in naval starts takes place through this activity and also the union of Praan Vayu and Apaan Vayu.

After this, uses Yoni Mudra i.e. close both your ears with thumbs of your hands, both your eyes with both forefingers, both your nostrils with middle fingers and both your upper and lower lips through the union of both ring fingers and little fingers. Before this, using Kaaki Mudra, pull breath inside using mouth and then only close your mouth. Now concentrate on your Trikoot (third eyes) where vermillion mark (on fore head) is applied by ladies. After some time, you are able to see light .Now remove your fingers and again do the “Hum” beej process for 5 minutes. Then again do the Yoni Mudra process meaning that you have to repeat this whole process 2 times.

Now establish Shivling in your left hand because Isht ling is established or can be established on physical body and while touching it with middle and ring finger of right hand, do the Upaanshu jap (chanting mantra in such a way that it is audible only to us) the mantra given below for 30 minutes.

“ओम ह्लीं श्रीं मेधा प्रज्ञा प्रभा विद्या धी धृति स्मृति बुद्धि सहिताय विद्येश्वरी श्रीं ह्लीं ओम”

“Om Hreem Shreem Medha Pragya Prabha Vidya Dhee Dhriti Smriti Buddhi Sahitaay Vidhyeshwari Shreem Hreem Om”

As you go more deep into your chanting, you will automatically start experiencing divinity and heat. Mind will become extremely peaceful .This process has to be done for 7 days. In seven day you will start experiencing yourself something which in your view, you have not experienced earlier. Now you are able to experience the hidden truth easily and….
To Be Continued
“Nikhil Pranam”

===

पिछले लेख में हमने यही चर्चा की थी की मन के वो सात स्तर कौन से हैं,जिनका भेदन कर हम मन की चेतन और अचेतन अवस्था का आपस में योग कराकर महाचेतन मन की प्राप्ति कर सकते हैं| इसके लिए शिवलिंग की अनिवार्यता होती ही है,हम अपने अपने विवेक और सामर्थ्यानुसार शिवलिंग की योजना बना सकते हैं,किन्तु है ये अनिवार्य,क्यूंकि जैसा की मैंने बताया ही था की शिवलिंग के तीन प्रकार होते हैं –

१. स्थूल लिंग
२. सूक्ष्म लिंग
३. परा लिंग

ब्रह्मांडीय शक्तियों की प्राप्ति का ये क्रम जब एक योगी पूर्ण करता है तो उसके मूल में इन्ही त्रिविध लिंगों का पूर्ण संयोग होता है | याद रखिये मन अनंत शक्तियों का स्वामी है,किन्तु वे सुप्तावस्था में हैं और यदि हम मन की उन दोनों अवस्थाओं का आपस में योग करवा दें तो निश्चय ही प्राप्त महाचेतन मन अपनी अनंत शक्तियों का स्वामित्व आपको सौंप देता है | जो पद्धति मैं आपको बता रही हूँ,ये अनुभूतियों से स्वतः ही आपका साक्षात्कार कराते जायेगी,बस पूर्ण निष्ठां के साथ आप इसे संपन्न करे और साथ ही जैसा क्रम बताया गया है उसे वैसे का वैसा ही संपन्न करें |

ऊपर मैंने आपको तीन लिंगों की जानकारी दी है जिन्हें साधक –

इष्टलिंग
प्राणलिंग
भावलिंग (परा ब्रह्मांडीय लिंग)

के नाम से जानते हैं, ये तीनों लिंग मन की तीन महत्वपूर्ण अवस्थाओं से सम्बंधित हैं,जिनका आपस में योग होते ही मन की तीनों अवस्थाओं का आपस में योग हो जाता है और सातों स्तर आपस में एकाकार हो जाते हैं | वैसे हम ने अभी तक सिर्फ मन की दो ही अवस्थाएं सुनी हैं –

चेतन मन (बाह्य मन)

अवचेतन मन (अंतर मन)

किन्तु इनके मध्य की एक और अवस्था भी है जिसे साधक चेतनअवचेतन मन के नाम से जानते हैं | इस अवस्था मेर शक्तियों का जागरण तो हो जाता है किन्तु उनमे चैतन्यता का अभाव रहता है,जिसके फलस्वरूप साधक पूर्ण स्वामित्व नहीं प्राप्त कर पाता है और कभी कभी मार्ग से भ्रष्ट होकर शक्ति के मद में पतित भी हो जाता है | अतः महाचेतनावस्था की प्राप्ति कर अनंत रहस्यों को समझने के लिए बाह्य प्रतीक की आवश्यकता पड़ेगी ही | कहा भी गया है की "चंद्रमा मनसो जात:" अर्थात चंद्रमा मन का प्रतीक है | और मन की गति अथाह किन्तु चंचलता से भरी हुयी है और पारद भी पूर्ण चंचलता और अथाह शक्तियों से युक्त है,अतः जब क्रमिक विधान अनुसार पारद का पूर्ण विधि के साथ न्बंधन कर दिया जाये तो मन की चंचलता भी समाप्त हो जाती है | किन्तु इसका ये अर्थ भी नहीं है की जो पारद लिंग की प्राप्ति नहीं कर सकते हैं वो ये विधान संपन्न ही नहीं कर सकते,ऐसा नहीं है,हाँ उनकी गति और प्रगति थोड़ी मंद रहेगी किन्तु चेतना और मन: शक्ति का जागरण और भेदन अवश्य होगा |

ऊपर मैंने जिन तीन लिंगों का वर्णन किया है, उनके गुण भी मन की उन्ही तीन मुख्यावस्था से साम्य रखती है –

इष्टलिंग – सकल लिंग

प्राणलिंग – सकल निष्कल लिंग

भावलिंग (परा ब्रह्मांडीय लिंग) – निष्कल अथवा परा लिंग

अब जरा हम इनकी स्थिति मन के उन ७ स्तर पर भी देख लेते हैं, ये तीन महत्वपूर्ण स्तर होंगे पहला,चौथा और सातवाँ | यदि आप ध्यान से देखेंगे तो आदि,मध्य और अंत की ही स्थिति तो बन रही है ना जिनके पूर्ण योग से पूर्णत्व तक की यात्रा पूरी होती है |मैंने पहले भी यही कहा है की ये सातों स्तर विभिन्न क्षमताओं से युक्त हैं अर्थात जैसे ही हम एक स्तर को लांघ कर दुसरे तक जाते हैं स्वतः ही हमें पहले स्तर या पहली परत में बंद रहस्य का ज्ञान हो जाता है | किन्तु ज्ञान होना और स्वामित्व पाना ये दो अलग अलग बातें हैं, अतः स्वामित्व के लिए तो पूर्ण क्रमिक विधान को संपन्न करना ही होगा |

१. चेतन – **इष्टलिंग**
२. स्मृति
३. अवचेतना
४. सर्जना – **प्राणलिंग**
५. जीवनात
६. गर्भसुविस्तृता (अन्तश्योग)
७. ब्रह्माण्ड चेतना – **भावलिंग**

अर्थात जैसे ही हम पहले से चौथे क्रम तक की यात्रा पूरी करते हैं वैसे ही इष्टलिंग और प्राणलिंग का योग हो जाता है, और जैसे ही हम सातवें स्तर तक पहुचते हैं वैसे ही ये तीनों लिंग एकरूप हो जाते हैं | और तब हमारे मूलाधार में स्थित महा त्रिकोण की तीनों रेखाएं जो मन,प्राण और आत्मा की प्रतीक हैं,पूर्ण चैतन्य होकर उस त्रिभुज को भी चैतन्य कर देती है और त्रिभुज का केंद्र अर्थात बिंदु जो की एकीकृत शिव का प्रतीक है आपको सर्वस्व प्रदान कर देता है, अर्थात "**भोगश्च मोक्षश्च करस्थ एव च" |**

आत्मलिंग(भावलिंग) तक की यात्रा तभी संभव हो पाती है जब हमने महाचेतन मन की प्राप्ति कर ली हो,तभी हमें उस महा त्रिकोण और उस आत्मलिंग के दर्शन हो पाते हैं | लेकिन उसके पूर्व हमें बाह्य चेतना के प्रतीक इष्टलिंग का प्रयोग करना ही पड़ेगा |

किसी भी सोमवार को ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान आदि से निवृत होकर पीली,लाल या सफ़ेद धोती या साडी पहनकर उत्तर दिशा की और मुख कर सिद्धासन में बैठ जाना है | आसन कम्बल का हो और उस पर कोई भी रेशमी या ऊनी आसन हो,याद रखिये स्वयं के वस्त्रों के रंग का ही आसन प्रयोग किया जाना है | सामने बाजोट पर उपरोक्त अनुसार ही वस्त्र बिछाकर एक ताम्र पात्र में इष्टलिंग की स्थापना कर दे | अब दैनिक विधि से स्वगुरु व गणपति का पंचोपचार पूजन करे,तत्पश्चात **"ओम"** का ११ बार उच्चारण करे | अब स्थिर और सीधे बैठकर **"हुं"** बीज का ५ मिनट तक उच्चारण करे तथा साथ ही,यहाँ उच्चारण तीव्रता के साथ करना है मन ही मन या हलके स्वर में नहीं बोलना है अपितु मध्यम स्वर का प्रयोग करना है,साथ ही गुदा द्वार को तीव्रता से सिकोड़ते रहे,किन्तु याद रखिये ये संकुचन "हुं" की ध्वनि के साथ ही होना चाहिये,अन्यथा प्रारंभिक क्रिया ही गलत हो जायेगी | इस क्रिया से नाभि में स्पंदन प्रारंभ हो जाता है और प्राण वायु का अपान वायु से योग भी |

तत्पश्चात **योनिमुद्रा** का प्रयोग करे अर्थात हाथ के दोनों अंगूठे से दोनों कान,दोनों तर्जनी से दोनों आँखें,दोनों मध्यमा अंगुली से नाक के दूनो छिद्र और दोनों अनामिका और दोनों कनिष्ठका के योग से ऊपर और नीचे के होंठो को बंद कर दे | इसके पहले काकी मुद्रा का प्रयोग कर मुख के द्वारा श्वांस खीच ले,तब जाकर मुख बंद करें | अब अपना ध्यान अपने त्रिकूट अर्थात जहाँ बिंदी लगायी जाती है वहाँ पर केंद्रित करें | थोड़े ही समय बाद हल्का सा प्रकाश दिखना प्रारंभ हो जाता है | अब ऊँगली हटाकर फिर से **"हुं"** बीज वाली क्रिया ५ मिनट करे,फिर से योनिमुद्रा वाला क्रम करे,मतलब २ बार ये क्रम दोहराना है |

इसके बाद बाएं हाथ में शिवलिंग स्थापित करे क्यूंकि इष्टलिंग को स्थूल देह पर धारण किया जाता है या किया जा सकता है,और दाहिने हाथ की मध्यमा और अनामिका ऊँगली का स्पर्श करा कर –

"ओम ह्रीं श्रीं मेधा प्रज्ञा प्रभा विद्या धी धृति स्मृति बुद्धि सहिताय विद्येश्वरी श्रीं ह्रीं ओम"

मंत्र का ३० मिनट तक उपांशु जप करे,जैसे जैसे आपके जप में तल्लीनता आएगी वैसे वैसे आपको स्वतः ही उसकी दिव्यता और उष्णता का अनुभव होता जाएगा,मन अथाह शांति में डूबता जायेगा,ये क्रम ७ दिनों तक करना है | सात दिनों में ही आप स्वयं ही ये अनुभव करलेंगे की कच्छ ऐसा अप अनुभव करे लगे हैं अपने दृष्टिकोण में जो पहले अनुभव नहीं किया है अब आपकी दृष्टि छुपे हए सत्य को आसानी से अनुभव कर रही हैं और...........

क्रमशः

"निखिल प्रणाम"

****RAJNI NIKHIL****

****NPRU****

Posted by Nikhil at 2:36 AM 1 comment:

Labels: TANTRA DARSHAN, TANTRA SIDDHI

Tuesday, May 22, 2012

Shakti rahashyam (secret of power) – शक्ति रहस्यम



साधना जगत की अद्भुत शक्तियों की खोज में ना जाने किन किन साधकों से मेरी मुलाकात हुयी....पर ये भी एक सबसे बड़ा सत्य रहा है की,जिस दिन से सदगुरुदेव ने मेरा हाथ अपने हाथों में पकड़ा था.... बस प्रति क्षण अभय और निश्चिन्तता ही अनुभव होती थी..... हर पर अनोखा सुकून मानों आत्मा को महसूस होता रहता था. जिस भी जिज्ञासा की मन के जल में उत्पत्ति होती...उसी क्षण जैसे वो हौले से उसे शांत कर के ये अहसास दे देते कि "अरे तू तो मेरा ही है,इतना व्यथित क्यूँ होता है.... याद रख जब भी तेरे मन को कोई प्रश्न अपनी चुभन से व्यथित करेगी....तब तब मैं उसका समाधान उसी मन से निचोड़ कर निकाल कर तुझे दे दूँगा....उसी मन से जहाँ मैं चिरकाल से सदा सदा के लिए अपने प्रत्येक शिष्य के ह्रदय में विराजमान हूँ.और ऐसा आजन्म होगा और प्रत्येक शिष्य के लिए होगा...यह निखिल वाणी है"

बस तबसे कोई चिंता ही नहीं रही मन में .

जब भी मेरे मन के सरोवर में कही से जिज्ञासा का पत्थर गिरता और उसमे लहरे उत्पन्न होती या मन कि शांति भंग होती...तब तब सदगुरुदेव अपनी अमृतवाणी से या तो स्वयं या फिर उनका कोई ज्ञानांश सन्यासी या गृहस्थ शिष्य आगे बढ़ कर उन तरंगित लहरों को अपने उत्तरों से शांत कर देता .और एक बात मैं आपको जरुर बता देना चाहता हूँ कि जब भी किसी ज्ञान कि चाह में मैं कही गया तो उस साधक का व्यव्हार मेरे लिए पूर्ण अनुकूल रहा है और उसने ये अवश्य कर स्वीकार कि उसे पहले ही बता दिया गया था कि यहाँ तुम्हारा आना सदगुरुदेव ने पूर्वनियोजित किया हुआ था .और ऐसा प्रत्येक शिष्य के लिए उन्होंने निर्धारित किया हुआ है...किसे कब देना है ,क्या देना है....ये पहले से उन्होंने तय कर दिया है .

यात्रा के उसी काल में मेरी मुलाकात सदगुरुदेव के **पूर्ण शाक्त शिष्य कौल मणि** **शिवयोगत्रयांनद** से मुलाकात हुयी . सदगुरुदेव कि आज्ञा से उन्होंने विंध्यवासिनी के परम पावन पीठ को अपनी साधनाओं के लिए चुना था . वो उसी पर्वत कि एक अत्यधिक गुप्त गुफा में

आज भी साधनारत हैं . और उसी गुफा में मेरी उनसे मुलाकात हुयी और दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ .

थोड़े ही समय बाद मैंने मानो प्रश्नों कि बौछार कर दी थी उन पर ,और वो उतने ही शांत भाव से मंद स्मित होकर मुझे उत्तर देते रहे और रहस्यों कि नवीन परतों को उधेड़ते रहे .(उन्होंने सैकडो प्रश्नों के उत्तर दिए थे,परन्तु इस विशेषांक में विषय वस्तु पर आधारित जो प्रश्न हैं ,मैं मात्र उनमे से कुछ को ही यहाँ दे रहा हूँ...जिससे विषय को समझना अपेक्षाकृत आसान रहेगा)

शक्ति क्या है,इसके कितने रूप होते हैं ???

सरल शब्दों में यही कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण ब्रम्हांड मात्र जिसकी कल्पना से साकार हो गया हो और जिसके प्रभाव से प्रकृति सृजन, पालन और संहार कर्म में जुटी हुयी हो ,उसी चिन्मयी परात्पर ज्योति को शक्ति कहा जाता है . ये किसी भी रूप में हो सकती है. इसका प्रभाव सभी पर होता है फिर चाहे वो चेतन हो या अचेतन.प्रकट रूप में हम जिन्हें शक्ति देने का उर्जा देने का या फिर बल देने का स्रोत मानते हो,वे सभी भी इसी परा शक्ति से ही शक्ति प्राप्त करते हैं .ये परा शक्ति स्थूल, सूक्ष्म या किसी भी रूप में हो सकती है .

ये सभी प्राणियों में विद्यमान है , इसी के कारण हम सृजन तथा अन्य कर्म सम्पादित कर पाते हैं. और विचारों की उत्पत्ति का मूल भी यही शक्ति है .

इसके कितने प्रकार होते हैं ?

भावगत्ता के आधार पर गुणों की तीन ही स्थितियां होती हैं-

सत्

रज

तम

ठीक इन्ही गुणों के आधार पर तीन क्रियाएँ सृजन ,पोषण और विध्वंश होती है . और इन क्रियाओं को शक्ति के तीन आधारभूत शक्तिमान(जिनके द्वारा शक्ति अपने कार्यों को सम्पादित करती हैं) संपन्न करते हैं . याद रखने योग्य तथ्य ये है की जिस प्रकार गुणों के तीन प्रकार होते हैं, ठीक उसी प्रकार इन गुणों की अधिष्ठात्री तीन मूल अधिष्ठात्री शक्तियां होती हैं.

महाकाली – तम

महालक्ष्मी – रज

महासरस्वती – सत्

ऊपर जब बात मैंने शक्तिमानों की कही तो उसका अर्थ यही होता है की शक्ति तथा शक्तिमानों में कोई भेद नहीं होता है , ये एक दुसरे से प्रथक नहीं किये जा सकते है, शक्तिमान इन्ही शक्तियों की प्रेरणा से अपने अपने कार्यों का सञ्चालन करते हैं. जैसे महाकाल शिव संहार का, विष्णु पालन का और ब्रम्हा सृष्टि के सृजन का. एक प्रकार से ये समझ लो की सृष्टि का कोई भी कार्य या कण निरर्थक नहीं है. प्रत्येक क्रिया या व्याप्त प्रत्येक कण पूर्ण शक्ति युक्त होता है.

शक्ति की व्याख्या के क्रम में ये भी समझना अत्यधिक उपयोगी होगा की मानव अपना विकास कर देव स्तर तक पहुच सकता है और अपने अभीष्ट को प्राप्त करता हुआ अपने अस्तित्व

को सार्थक कर सकता है. और ये स्थितियां तभी साध्य हो पाती है जब आप परिष्कृत रूप से निम्न सात शक्तियों को सदा सर्वदा के लिए पूर्ण संकल्पित होकर अपना व्यक्तित्व बना लेते हो. और यदि पूर्णता के साथ निम्न सात शक्तियां आपको परिष्कृत अवस्था में प्राप्त हो गयी तो कुछ भी असाध्य नहीं रह जाता है .

प्रज्ञा शक्ति
चेतना शक्ति
वाक् शक्ति
क्रिया शक्ति
विचार शक्ति
इच्छा शक्ति
संकल्प शक्ति

ये उपरोक्त तीनों मूल शक्तियों के ही परिवर्तित रूप है.

क्या इनके अतिरिक्त कोई और शक्ति नहीं है जिसकी अनिवार्यता मानव जीवन में प्रकृति द्वारा नियोजित की गयी हो ????

है क्यों नहीं.... काम शक्ति की अनिवार्यता सर्वोपरि है . जीवन में परिपूर्णता काम भाव से ही आती है. सृजन के मूल में यही भाव विद्यमान है तभी तो वेद भी काम को देवता कहते हैं . काम का मूल गुण आकर्षण है ... जो विद्वान होते हैं वे काम को इच्छा शक्ति का ही पर्याय मानते हैं . तंत्र तो यहाँ तक कहता है की सृष्टि में जितने भी प्रकार की ऐषणायें हैं,उनके मूल में यही काम शक्ति ही है. इस लिए ये सम्पूर्ण विश्व उसी परमशक्ति की इच्छा या काम भाव का ही विस्तार कहलाती है.

जीवन के सारे चैत ,सामाजिक और वैषयिक नियमों के मूल में काम भाव ही होता है.

परमात्मा से लेकर आत्मा तक के जितने भी सम्बन्ध होते हैं वे सब आकर्षण,काम और मैथुन(योग) से ही युक्त होते हैं. किसी भी प्रकार की परिस्थिति में किसी भी प्रकार के सम्भोग में फिर वो चाहे आत्मिक हो या बाह्यगत, वो आदिशक्ति ही काम शक्ति के रूप में परिणत होती है कार्य करती है.

भला ये कैसे माना जाये की सभी कार्यों के पीछे यही कामशक्ति कार्य करती है ... सृजन तो समझ में आता है की इसी काम भाव से उत्प्रेरित है,परन्तु भला संहार से इस काम भाव का क्या लेना देना ???

इसे ऐसा समझा जा सकता है की यदि आप किसी के आकर्षण में बांध जाते हैं और आगे जाकर प्रेम करने लगते हैं तब भी तो आप एक समय बाद उसकी अपने से प्रथकता सहन नहीं कर पाते हैं तब आप क्या करते हैं... उसे आत्म एकाकार करने की कोशिश करते हैं . ऐसे में या तो आप उसमे विलीन होने की चेष्ठा करते हैं या उसे अपने में मिलाने की. भूख समाप्त करने की आपकी लालसा या इच्छा भोजन के प्रति आपको आकर्षित करती है... अब ऐसे में उस भोजन का जो थोड़ी देर पहले तक अपना अलग अस्तित्व था... आपके भोजन के प्रति आकर्षण के कारण,उस

भोजन की सत्ता का ही अंत कर देता है. ये नियम प्रत्येक प्राणी पर समानान्तर रूप से कार्य करता है. परमात्मा से ही अंश प्राप्त कर आत्मा मनुष्य शरीर धारण करती है इस क्रम में मनुष्य जन्म लेता है, जीवन के सुखों का उपभोग करता है और आखिर में एक समय बाद मृत्यु उसका वरण कर उस आत्मा को पुनः परमात्मा की तरफ गतिशील कर देती है तो क्या इसके मूल में परमात्मा की काम शक्ति कार्य नहीं करती है जो की वो अपने अंश का विलीनीकरण अपने में कर के संपन्न करता है. क्या यहाँ पर सृजन हुआ ..... नहीं ना..... लेकिन लौकिक दृष्टि से ये संहार भी सृजन की तरफ एक कदम ही तो है. आप किसी से जब प्रेम करने लगते हैं तो तीव्र आकर्षण के कारण उससे सम्भोग करने की तीव्र लालसा को आप क्या कहेंगे ..... क्या वो मात्र इन्द्रिय लोलुपता है ,नहीं... उसके मूल में भी आपकी अपने प्रेम या अभीष्ट से प्रथक ना रह पाने की चरम लालसा ही तो है जो की उसके अस्तित्व का योग अपने अस्तित्व से करवाने के लिए उत्पन्न होती है. तब वह दो हो ही नहीं सकते ..... रह जाते हैं तो मात्र एक ही. ये अलग बात है की एक साधक ,एक शिष्य ,एक योगी इस भेद को आत्म एकाकार क्रम अपना कर दूर करता है और सामान्य अवस्था में सामान्य मनुष्य शरीर का योग कराकर. परन्तु तंत्र शरीर से ऊपर उठ कर आत्म योग की बात करता है इसी काम शक्ति का सहयोग लेकर. इस प्रकार ये काम शक्ति उसी आदिशक्ति का ही तो रूप होती है जिसके वशीभूत होकर वो तम,रज और सत् गुणों का पालन भिन्न भिन्न रूप में करती है.

तांत्रिक दृष्टि से तम,रज और सत् गुणों की अधिष्ठात्री शक्ति महाकाली,महालक्ष्मी और महा सरस्वती को ही क्यूँ माना जाता है,क्या ऐसा नहीं हो सकता है की महालक्ष्मी रज के बजाय तम गुणों का प्रतिनिधित्व करे ???

नहीं ऐसा नहीं हो सकता है... सृष्टि के आरंभ में जब सृजन भी नहीं होता है,पालन भी नहीं होता है.तब ऐसे में मात्र पूर्ण अन्धकार ही होता है ...जब मात्र महानिद्रा की उपस्थिति ही अपने पूर्ण साकार या निराकार रूप में होती है.और ये तम तत्व ही महाकाल है...जिसके अधीनस्थ काल भी सदा भयभीत रहता है . एक बात उल्लेखनीय है की शरीर का विसर्जन काल के द्वारा सम्पादित होता है और आत्मा पर काल का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, आत्मा सदैव काल से परे रहकर मात्र महाकाल द्वारा ही तिरोहित होती है. उसी महाकाल की शक्ति है महाकाली, जो संहार भाव की प्रणेता है . ये शक्ति प्रलयनिशा के मध्य काल से सम्बन्ध रखती है ,इसी की उपस्थिति से ये संसार शिववत बनकर साकार है , जैसे ही इनका लोप होता है ,शिव को शव बनने में एक क्षण नहीं लगता है,चूँकि ये प्रलयनिशा अर्थात रात्रि से सम्बंधित हैं और है इनका सम्बन्ध मध्य काल से तब ऐसे में ये जहा तम को दर्शाती हैं वही ये संक्रांत रूप में अपने अंदर रज अर्थात पालन-पोषण और सत् अर्थात सृजन के गुणों को भी रखती हैं. परन्तु महालक्ष्मी तम भाव से प्रेरित नहीं है और न ही महा सरस्वती ही रज से सम्बंधित हैं. इसलिए संहार का गुण तो कदापि इनमे नहीं हो सकता है. हाँ ये अलग बात है की महाविद्या रूप में ये जब अपना योग तम से कर लेती हैं तो ये संहार भी कर सकती हैं.

आपने महाविद्याओं की बात कही है ,तो क्या सारी महाविद्याएं इन्ही तीन मूल शक्तियों का रूप होती हैं,क्या पंचमहाभूत तत्वों से इनका कोई लेना देना नहीं होता है ????

नहीं ऐसा नहीं है ,जब हम आदि शक्ति की बात करते हैं तो उसका अर्थ बहुत विराट होता है,आदि शक्ति से मेरा मतलब **राजराजेश्वरी षोडशी त्रिपुर सुंदरी**से है, उन्ही के तीन गुणों की अधिष्ठात्री वे तीनों महा शक्ति हैं. वैसे श्रीकुल की मूल महा विद्या षोडशी त्रिपुर सुन्दरी को माना जाता है. परन्तु उनका मंत्र और यन्त्र महाविद्या रूप में भिन्न ही होता है ,और जब वे आदि पराशक्ति राज राजेश्वरी होती हैं तो उनका मूल **यन्त्र श्री चक्र या श्री यंत्र** ही होता है जो की इस ब्रम्हांडीय रूप का ज्यामितीय रूप प्रदर्शित करता है,ऐसा रूप जो अकल्पनीय शक्तियों को प्रदर्शित करता हो.

रही बात पंचमहाभूतों की तो प्रत्येक तत्व २ महाविद्याओं का प्रतिनिधि है ,और इस प्रकार ५x २=१० होते हैं, इसमें भी ध्यान रखने वाली बात ये है की प्रत्येक तत्व के दो गुण होते हैं .

उष्ण

शीत

इसी प्रकार प्रत्येक तत्व की दो महाविद्याओं में से एक महाविद्या उग्र भाव से युक्त होती हैं और दूसरी शांत प्रकृति से युक्त होंगी. जिस प्रकार उस पराशक्ति की शक्ति से ही सूर्य और चन्द्र दोनों प्रकाशित होते हैं, और सूर्य जहा उष्णता देता है वहीं चंद्रमा शीतलता देता है.लेकिन कितने आश्चर्य की बात है की **सूर्य की उष्णता जहाँ मानव में ताप,तेज और तीव्रता लाती है, आत्मकेंद्रित होने के लिए हमें प्रेरित करती है,वही, चंद्रमा की शीतलता और प्रकाश हमारे मन को आह्लादित और काम भाव की तीव्रता से युक्त** कर देती है.

जीवन के प्रत्येक कर्म की अधिष्ठात्री कोई ना कोई विशेष शक्ति होती है.तंत्र में जितनी भी क्रियाएँ होती हैं वे सभी किसी खास शक्ति के अंतर्गत ही आती हैं,यही कारण है की बहुधा लोगो को जब इन कर्मों की अधिष्ठात्री शक्ति का ही ज्ञान नहीं होता है तो भला उनके द्वारा किये गए तांत्रिक कर्म कैसे सफल हो सकते हैं . अज्ञानतावश किया गया कैसा भी सरल से सरल प्रयोग इसी कारण सफल नहीं हो पाता है . इसलिए यदि क्रिया से सम्बंधित शक्ति का ज्ञान हो जाये तो ज्यादा उचित होता है.... जैसे –

वशीकरण – वाणी

स्तम्भन – रमा

विद्वेषण – ज्येष्ठा

उच्चाटन – दुर्गा

मारण – चंडी या काली

के अंतर्गत आते हैं . इसी प्रकार तंत्र और उससे जुडी प्रत्येक क्रिया का यदि विधिवत प्रयोग किया जाये तो क्रिया से सम्बन्धी शक्ति पूर्ण सिद्धि देती ही है.

भला वो कैसे संभव है ?? क्यूंकि महाविद्या इत्यादि क्रम तो अत्यंत जटिल कहे गए हैं कोई बिरला ही इसमें सफलता पा सकता है, ठीक इसी प्रकार मैंने ये भी सुना है की दुर्गा सप्तशती एक तांत्रिक ग्रन्थ है , और मैंने ये भी सुना है की यदि सही तरीके से इसका पथ या प्रयोग किया जाये तो शक्ति के प्रत्यक्ष दर्शन संभव होते ही हैं, और वह कौन सी मूल क्रिया है जो सरल और सहज भाव से जीवन के चतुर्विध पुरुषार्थों की प्राप्ति करवाती ही है ??

देखो ये तो सही है की महाविद्या को पूर्णता के साथ सिद्ध कर लेना एक अलग बात है परन्तु , बहुत बार साधक अपने जीवन की सामान्य से परेशानियों या कार्यों के लिए सीधे ही इन महाविद्याओं का प्रयोग करने लगता है , जो की उचित नहीं कहा जा सकता है ,क्यूंकि ऐसी स्थिति के लिए तो आप जिस महाविद्या का मन्त्र जप करते हैं हैं या जिसे वर्षों से कर रहे हैं , यदि मात्र उनके मन्त्र का विखंडन रहस्य समझ कर मन्त्र के उस भाग का ही प्रयोग किया जाये तब भी आप को समबन्धित समस्या का निश्चित समाधान मिलेगा ही. जैसे मान लीजिए कोई साधक भगवती तारा की उपासना कर रहा है और उसके परिवार के किसी सदस्य को स्वास्थ्य सम्बन्धी जटिल बीमारी हो गयी हो .... तब इसके लिए मूल मंत्र की दीर्घ साधना के बजाय उस मन्त्र या स्तुति के एक विशेष भाग का प्रयोग भी अनुकूलता दिला देता है .... **'तारां तार-परां देवीं तारकेश्वर-पूजितां, तारिणीं भव पाथोधेरुग्रतारां भजाम्यहम् . स्त्रीं ह्रीं हूं फट्'** - मन्त्र से जल को अभिमंत्रित कर उससे नित्य रोगी का अभिषेक करे, तो उसके रोगों की समाप्ति होती है.

'स्त्रीं त्रीं ह्रीं' मन्त्र से १००८ बार अभिमंत्रित कर अक्षत फेकने से रूठी हुयी प्रेमिका या पत्नी वापिस आती है .

'हंसः ॐ ह्रीं स्त्रीं हूं हंसः' मन्त्र से अभिमंत्रित काजल का तिलक लगाने से कार्यालय,व्यवसाय और अन्य लोगो को साधक मोहित करता ही है.

वस्तुतः मूल साधना से सिद्धि पाने में बहुत सी बातों का ध्यान रखना पड़ता है . जिनके सहयोग से ही उस महाविद्या साधना में सिद्धि मिलती है. यथा**शरीर स्थापन** इत्यादि. और एक निश्चित जीवन चर्या को भी अपनाना पड़ता है .तभी सफलता प्राप्ति होती है ,अन्यथा ये साधनाए तो साधक का तेल निचोड़ देती हैं ,इतनी विपरीतता बन जाती है साधक के जीवन में की वो इन साधनाओं को सिद्ध करने का संकल्प ही मध्य में छोड़ देता है .

रही बात दुर्गा सप्तशती की तो हाँ ,निश्चय ही ये सांगोपांग तंत्र का बेजोड ग्रन्थ है और इसके माध्यम से देवी के समन्वित और भिन्न भिन्न तीनों रूप के दर्शन किये जा सकते हैं,बस उनके लिए निश्चित विधि का प्रयोग करना पड़ता है . यदि इसके लिए **भगवती राज राजेश्वरी** की साधना कर ली जाये तो **सोने पर सुहागे** वाली बात हो जाती है . एक बात कभी नहीं भूलनी चाहिए की मन्त्र ,उस मन्त्र की इष्ट शक्ति और साधक ये तीनों साधना काल में एकात्म ही होते हैं ,यदि साधक इसमें अंतर लाता है तो उसे सफलता नहीं मिल सकती है . प्रत्येक साधना में **सद्गुरु की प्रसन्नता आपको सफलता दिलाती है , इसलिए हमें सदा सर्वदा ऐसे कृत्य ही करना चाहिए , जिससे उन्हें प्रसन्नता का अनुभव हो. जब एक सामान्य व्यक्ति भी प्रसन्न होकर**

हमरे कार्यों को सरल कर देता है तब ऐसे में ब्रम्हांडीय विराटता लिए हुए सदगुरुदेव के प्रसन्नता हमें क्या कुछ प्रदान नहीं कर सकती है.

शक्ति प्राप्ति की मूल साधनाएं कौन कौन सी हैं ,जिन्हें संपन्न कर साधक सक्षमता को प्राप्त कर अभीष्ट को पा लेता है ???

शक्ति की किसी भी रूप में साधना की जा सकती है, फिर वो चाहे पुरुष रूप में हो या स्त्री रूप में ,उससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्यूंकि लिंग बदल जाने से शक्ति का मूल स्रोत नहीं बदल जाता है.इसलिए मन में ये भाव कभी नहीं रखना चाहिए की ये पुरुष देव की साधना है तो इससे शक्ति की प्राप्ति नहीं होगी या ये स्त्री देवता की साधना है तो इससे ज्यादा शक्ति की प्राप्ति होगी. चाहे वो पुरुष देवता हो या स्त्री देवता, ऐसा नहीं है बहुत कम लोग होंगे जिन्हें ये पता होगा की**शुक्र अर्थात काम शक्ति की बिंदु साधना की मूल शक्ति काल भैरव होते हैं,जिनके तांत्रिक क्रम को अपनाकर कोई भी अद्भुत यौवन को प्राप्त कर सकता है और पा सकता है पूर्ण स्त्रीत्व या पूर्ण पौरूषत्व** . और काल भैरव की शक्ति की प्राप्ति का उनका मूल स्रोत वो आदि शक्ति ही तो होगी,जिसे निखिल शक्ति या राज राजेश्वरी कहा जाता है. सैकडो साधनाओं में से कुछ सरल मगर तीक्ष्ण प्रभाव से युक्त साधनाएं निम्न अनुसार हैं ,जो की साधक के जीवन को अपनी जगमगाहट से भर देती हैं और उसकी अपूर्णता को पूर्णता में परिवर्तित कर देती हैं.

==

In the search of amaizing powers of sadhana world, I met with so many sadhaka...but this is the biggest fact that the day when sadgurudev hold my hand in his hand... at the very same moment I started feeling no worries and state of Insouciance at every moment... every moment it was a peace which my soul was feeling. Any doubt arise in the mind...at the very next moment he used to vanish it by this way " you are mine, why are you so much of Distressed...remember, whenever any of the question will trouble you, at that time I will give you by extracting your same mind, from the mind which is the source of my place in the heart of the disciples for and from infinite time duration, this will continue for whole life and will happen for every disciple this are my words."
From that moment there has been no place of worry in the mind.
Whenever any curiosity comes to the mind and when it affects on the peace of mind... at those very specific moments sadgurudev himself or any of his loving sanyashi or gruhasth disciple came forward and established the peace of mind by their valuable answers. Here I would like to mention specifically that whenever I went to anywhere with a will to have knowledge at that time the behavior of those specific sadhaka have remained completely positive for me and they had always accepted that they already had information about my arrival and the meeting has been designed already by the sadgurudev. And he have designed this for his every disciple...who and where to give and what to give, he had decided already from long.

In that time period of my travel I met Sadgurudev's purn Shakt disciple Kaul Mani Shivayogatrayanand. With order of sadgurudev he selected very sacred vindhyavasini peetha for his sadhana. He is still in his sadhana in a secret cave of the same mountain. And I met him in the same cave and got blessing of his glimpse.
In very short span of time I started shooting my questions, and he too kept on answering my all questions with peace and smiles on the face & kept on revealing secrets. (He answered hundreds of questions, but in this special issue I am giving few of them which are related to the subject which can make subject easy to understand.)

What is the shakti (power), how many form does it have?
In simple words whose imagination have caused complete universe and with whose effect nature keeps on works in creating, rearing and vanishing that only infinite light is called as Shakti. It could be in any form. It leaves effect on all rather living or non living. In tangibles, those who are classified as power supplier, energy supplier or force supplier those all receives power from this supreme power. This supreme power could be in tangible, non tangible or in any other form.

It stays inside all beings, with only which we can accomplish task of creation and others. And base for the thoughts to be created is the same power.

How many types are there?

On the base of nature, it has three conditions-

Sat

Raj

Tam
Holding the base of particular nature there is existence of three main processes of creation, rear and vanishes. And this processes are done by three base of shaktis, Shaktimaan (by whose medium shakti does the processes) . it is the point to be remembered that the way there are three main type of nature, the same way there is three main controlling power goddesses for those nature.

Mahakaali – tam

Mahalakshmi – raj

Mahasawashwati – sat

What I said above about the shaktimaana that does mean that there is no difference between shakti and Shaktimaana, they are inseparables, shaktimaan accomplish their tasks with inspiration of these shaki only. Like mahakaal in vanishing, Vishnu in rearing and creation of bramha. This way, understand this that any of the process or particle is not insignificant. Every process and particle is full of shakti.

In the definitional description of shakti, it is also an essential point to understand that humans can reach to the stages of god by processes of development and can make his existence meaningful by accomplish his life desires. And these conditions could only be accomplished when you make these seven main powers your personality completely by being full determined and devoted. And if you accomplished this main power in their complete form then there would remain nothing impossible.

Pragya shakti

Chetana shakti

Vaak shakti

Kriya shakti

Vichar shakti

Ichha shakti

Sankalp shakti

These are modulated forms of the main three powers only.

Apart from these, is there any other shakti which is pre-designed by nature for the requirement of human life?

Yes why not... requirement of Kamashakti is paramount. The fullness of the life comes throught Kaama Bhav only. In the base of creation this nature only stays for which even Vedas have classified it under Gods. The main property of kama is attraction... Scholars always understand Kama as synonymous of Ichha shakti. Tantra says at extent that every type of thing which are liable do have the

base as kama Shakti. For this only, this whole universe is called as ichha or kaama bhav's expansion.

All regulations of life subjected to socialism and subjects do have base as kama bhav.

From the supreme soul to the normal soul all the relations exists, all those are accompanied by attraction, kama and maithoona (sex) {more specifically 'Yoga'}. In any situation in any type of sambhoga either internal or external, the task is done by the supreme Shakti by emerging a form of kama shakti.

How does it could be understandable that behind every task there is work of kama shakti...creation could be understand that it is derived with kama bhav but what does it have relation with vanishing or destruction?

This could be understand that in case that if you are in attraction with someone and further you start loving then too after a particular time duration you cannot tolerate what do you do at that time...you again try to merge your soul. In that condition either you try to merge yourself in that person or you try that person to merge with you. Your wish to overcome hunger will always attract you to the food... in that condition before a short time that particular food was having a very different form in itself...because of your attraction to that food, it ends the existence of food. This rule works on every being equally. With the separation from supreme soul, normal soul gets to be human and in this way, human takes birth, have pleasures of various comfort and at last one day cause of death will again make it move to supreme soul so don't kama shakti of supreme soul work in the base of this which is done by merging its part in itself. Is there a creation? No...but from the cosmic vision it is also a step to the creation. When you start loving someone with a strong attraction you feel to have a sex with person what you will call this...is it just a physical satisfaction, no...in the base of this there is a desire not to remain separate with that peson which is on extreme level which came up just to merge yourself with that person. At that time it does not stays two...anything stay behind is one. It is another thing that one sadhak, disciple, yogi will have internal self merge and stay far of it and in normal situation merging a normal body. But tantra speaks about aatmayoga being ahead from body and that too with the help of this Kama power only...this way this kama shakti stays form of the supreme shakti by being attracted to which it works with different form of tam, raj and sat.

In the tantra sight, why controlling goddess of tam, raj, sat are believed to be mahakali, mahalkashi and mahasaraswati respectively? Is it not possible that mahalakshmi works with nature of tam instead of raj???

No, it cannot happen. In the dawn of universe where there was no creation, there was no rear. At that time there was complete darkness only… when presence of mahanindra is there in its form of saakar and niraakar. And this tam element is mahakal only…from which kaal (time) even stays feared. Here it is to be noted that destruction of the body is done by kaal and there is no effect of the same on the soul. Soul always stays apart of kaal and covered with mahakaal. The same mahakal have mahakali as shakti, who is precursorproducer of the destruction. This shakti haves relation with middle time of pralaynisha. The presence of the same makes this world exist being covered with shiva, when it disappear, there is no moment time shiva turning in shavaa (death body or non existence). As it is related with pralaynisha means night time and they have a relation from middle time this way when it represents tam, it also has raj (to rear nature) and sat (creating nature) in the sankrant form. But mahalakshmi is not inspired from tam nature and neither maha sarashwati have relation with raja. This way there is no possibilities of them to have nature of vanishing. Yes, it is completely different condition when they get connected with tam in form of mahavidhyas, at that time they can even accomplish destructions.

You just spoke about mahavidhya, so does all mahavidhyas are form of these three base powers, does they have not any relations with panchamahabhoota ????

No, it is not that way, when we are speaking about aaadhya shakti (supreme power) then it has a very big meaning, from aadishakti I mean to say Raajraajeshwari Shodashi Tripur Sundari; holding the three main nature of her, there stands three maha shaktis. Perhaps, main mahavidhya of shrikul is taken as shodashi tripur saundari. But her mantra and yantra in mahavidhya form is different, and when she is parashakri raaj raajeshwari then her main base yantra is shri chakra or shri yantra which is represents geometry form of universe, the one which is holder of unimaginable powers.

And about panchmahabhuta then every element represents 2 mahavidhyas, and this way 5X2 = 10 occurs, in this too there is a notable thing that every element has 2 nature

Ushn (hot)

Sheet (cold)

This way, from ever element’s 2 mahavidhya one would be with ugra nature and second would be having peaceful nature. The way sun and moon owns light with that

parashakti, where sun gives heat and moon gives cold. But how strange is this, where heat of the sun provides warmth, splendor and intensity in humans, which inspire us to concentrate with oneness; the cold shine of moon gives excitement to the mind and make it filled with kama bhav.

Behind the each and every action (karma) of life there is a special ownering shakti, to whom we call Adhishthaatri Devi, related to that action is responsible for its happening similarly in tantra every procedure is carried out under the command of some special power but there are number of people who don't know which deity is regarded as the supreme power of which procedure than how they expect success in tantra as we all know little knowledge is dangerous thing and it's this little knowledge which becomes the cause root of failure in the easy to easiest process of tantra so it's better to have the complete knowledge of process and its authority like-

Such procedures as

Vashikaran- Vaani

Stambhan- Rama

vidveshhan- Jyeshhtha

Uchchatnan- Durga

Maaran - fall under the authority of Chandi or we can say Kaali.

Now the doubt here rises is....

Who takes its guarantee that if the whole procedure is carried out properly then its related supreme power will bless you??? As all the process and procedures related to Mahavidya is entitled as the toughest one and out of hundreds ones a single unique one gets success in them.....Just like that I have heard that Durgasapatshatii is a tantric granth and if carefully and properly its practicals should carry out than the deity is bounded to mark its appearance in front of sadhak and which is that fundamental process which helps to attain complete man power (Chaturvidh Purusharth) in life that too by following easy going way???

Now here the all answers are there.....firstly let me make it clear for all of you that to get all Mahavidya Sidh is something different matter.....so its completely unfair if a sadhak starts to use these Mahavidhyaas just to get rid of his daily life's minor problems and situations as he can get them settle down just by doing the mantra jaap of that deity which he is doing from a long time back and for this he just need to understand the Vikhandan Rehasya of that mantra as which section of mantra will help him to which type of action.....definitely he will get the solution.....see how simple it is....isn't it......ya it is if the doer is conscious. Let me make it more simple for you with an example......now just think there is a sadhak who is doing Bhagwati sadhna but at the same time someone is suffering from severe health disease in his family.........than he just to change the section of mantra that is at the place of basic mantra's Dheerg Sadhna he should enchant that mantra or Satotra of it which deals with health portion as –

.....Tara Taar-Pra Devi Tarkeshwer-Poojtiyan, Tarini Bhav Pathodherugratara Bhjamyahm...Streem Hreeng Hum Phat...just get the water enlighten (abhimantrit) with this mantra and give it to that person everyday he will soon recover his health. "Streem Treem Hreem" by making the rice (akshht) enlightens (abhimantrit) with this mantra jaap 1008 times and then throwing them away is helpful in getting back angry beloved or wife. If a sadhak put a tilak of enlighten kajal on his forehead with the mantra "Hans: Om Hreeng Streem Hum Hans: then every person in his office or business place gets attracted towards him. Finally in order to get sidhi in basic sadhna one need to pay attention at number of things because with the co-operation of these small things one get sidhi in Mahavidya. For this one need to follow a decided life style and shreer sthaapan process otherwise these sadhnaas can make your life living hell. Sometime situation become so severe that sadhak drop his resolution in between. Now come to our first question so the answer is YES!! Durgasapatshatii is a marvelous granth of Saangopaang Tantra and by following its complete process one can have the blissful presence of the whole three figures of Durga Deity but to have this divine feeling one need to follow proper procedure. If a sadhak does the sadhna of Bhagwati Raj Rajeshwari for this than its divinity becomes peerless. Always remember one thing that during sadhna- mantra, supreme authority of that mantra and sadhak becomes one during sadhnaa period as if there remains any gap then forget about success. In every sadhna Sadgurudev's happiness is essential for success so one should do such deeds which can bring smile on Sadgurudev's face as smile is a power to get your work done from a common person then think what will its reaction if it spread on the lips of the Highest Divine Power of this Universe.

Which are the base sadhanas of shakti, after accomplishing which, sadhak will have their desires fulfilled?

Sadhana of shakti could be done in any form, rather it is in form of man or woman, there is no difference because changing the gender will not change the basic source of energy. Therefore it should never be in mind that this is male deity so the shakti could not be gain or this is female deity so more energy could be generated. Rather it is male or female diety, it is not so many people know about thissukra i.e. kaam shakti's bindu sadhana have kaal bhairava as base shakti, of which anyone can adopt the process and have extraordinary beauty and can have complete femininity or robust. And source to have energy for kaal bhairav would be the main basic shakti only, which is called as nikhilshakti or raaj raajeshwari. From hundreds of sadhanas few easy but extreme powerful sadhanas are as followed, which can bloom life of the sadhaka and will convert emptiness into totality.

साधना : कुछ जिज्ञासाएं और उनके समाधान



TRY YOUR LEVEL BEST,

THAN LEAVE THE RESULTS ON GOD...... ☺

मेरे मास्टर मुझे अक्सर यह बात समझाते हैं की कार्य चाहे कोई भी हो, कैसा भी हो हमारे हाथ में होता है उसे पूरी इमानदारी के साथ करना, क्योकि हार और जीत एक ही सिक्के के दो पहलु होते हैं पर इसका यह अर्थ भी नहीं होता है की हम कोई उम्मीद ही ना रखें क्योकि उम्मीद पर तो दुनिया कायम है ....पर साथ ही साथ इस बात को भी याद रखें की तंत्र भावनाओं पर नहीं चलता, उसे चलाता है हमारा दृढ़ संकल्प, हमारी अन्तश्चेतना और हमारे अंदर की प्राण उर्जा....क्योकि कमजोरी कैसी भी हो वो हानिकारक ही होती है.

संशय हर रिश्ते का दुश्मन होता है, जहाँ इसके होने की आशंका भी होने लगे वहां फिर दूसरी कोई भावना नहीं रूकती. क्योकि हर रिश्ते का आधार विश्वास से बंधा होता है और हमें सिर्फ अपने हिस्से की वफा निभानी होती है और इन्ही सब बातों का ध्यान हमें अपने साधनात्मक जीवन में भी रखना पड़ता है. बहुत से सवाल ऐसे होते हैं जो साधना काल में हमारे मन-मस्तिष्क को हिला कर रख देते हैं और जब तक सही उत्तर ना मिले तब तक ना तो साधना में मन लगता है और ना ही किसी और काम में क्योकि हाथ में माला लेकर घंटो आँखें बंद करके बैठने से अगर सिद्धियाँ मिलती तो शायद आज हर दूसरा आदमी शंकराचार्य होता....बात अटपटी है पर उतनी ही सत्य भी.....

आम तौर पर अक्सर यह सवाल हमारे मन में आते हैं-

१. साधना किस समय पर शुरू करनी है और कब तक करनी है, इसे करने का सबसे उचित काल कौन सा है जिसमें यह सिद्ध हो जायेगी.....

२. मेरे पास प्राण प्रतिष्ठित यंत्र या माला नहीं है तो मैं क्या करूं......

३. कैसे पता चलेगा मुझे यह मंत्र सिद्ध हुआ या नहीं......

४. यदि में बताए गए समय पर साधना नहीं कर पाया तो क्या? मैं दुबारा इसे कब कर सकता हूँ....

५. मैंने इतने लाख अनुष्ठान इस मंत्र के कर लिए हैं पर मेरा यह कार्य सिद्ध नहीं हो रहा है ऐसा क्यों.... और ऐसे ही ढेरों प्रश्न जिनकी गणना करना असम्भव है.

अब क्रम से इन प्रश्नों के उत्तर-

१. हर साधना का अपना एक विशेष विधान और उसे करने का समय होता है इसमें कोई दो-राय नहीं है और यदि उस साधना को उसी समय में किया जाए तो वो फलीभूत भी होती है यह भी सत्य है पर यह सोचना की सिद्धि हाथ में माला लिए हुए मेरे सामने उपस्थित हो जाए यह उचित नहीं है क्योकि साधनाओं को करने के पश्चात ऐसा तो होता नहीं है की आपको आपकी दिनचार्य मैं उसका प्रभाव दिखाई ना देता हो, मन-मुताबिक प्रभाव मिलने का अर्थ ही यही है की आपके द्वारा किया गया मंत्र जाप फलीभूत हो रहा है और अगर हम यह बात करें की हम देवी को प्रत्यक्ष करने के मनोरथ से साधना कर रहे थे मगर वो प्रत्यक्ष नहीं हुई तो इसका एक सीधा सा उत्तर यह है की हजारों वर्ष लग जाते हैं ऐसी क्रिया के सम्पन्न होने में और साथ ही साथ अति कठोर नियमों का पालन करना होता है-

जैसे की विशेष खान पान, पूर्ण मर्यादित जीवन और अति कठोर विधान तब जाके कहीं यह किर्या सिद्ध होती है और यदि हम यह कहें की ५०० साल का समय मात्र ५ हफ्तों में संकुचित हो सकता जाए तो यह थोडा मुश्किल है...पर क्या यह बात कम है की परा शक्तियाँ अप्रत्क्ष रूप से ही सही पर आपको अपना सानिध्य तो दे रही हैं ना. साथ ही यदि इनका पूर्ण सिद्धिकरण करना हो तो अल्प काल के लिए ही सही साधक को पूर्ण मर्यादित और संयमित जीवन शैली का पालन करना ही होगा,याद रखिये प्रकटीकरण और पूर्ण सिद्धि दो अलग अलग बाते हैं. आपको इस कठिन मार्ग को कैसे साध्य करना है ये आपको ड्रिं संकल्प शक्ति से तय करना ही होगा.

Viniyoga : asy shri kaali kalpe jagmangalaa kavach gudh mantraan treiloky vijay mantrasy shiv rishi anustup chandah dakshin kaalikaa devtaa mam treiloky vijay treiloky mohan sarv shatru baadhaa nivaaraarthaay jape viniyog

After this sadhak should meditate dakshin kaalika and chant the following mantra

Hum hreem dakshin kaalike khadgmund dhaarinee namah

Sadhak should do poojan and viyoga in morning. In afternoon and evening time poojan and viniyoga is not require after meditation one can start mantra chanting.

******NPRU******

for our facebook group-http://www.facebook.com/groups/194963320549920/

PLZ CHECK : - **http://www.nikhil-alchemy2.com/**

For more Knowledge:- **http://nikhil-alchemy2.blogspot.com**

Posted by Nikhil at 11:29 PM 1 comment: Links to this post
Labels: MAHAVIDYA RAHASYAM, TANTRA SIDDHI

Monday, January 23, 2012

Beejaatmak Tantra Aur Bhagya Utkeelan Vidhaan(HINDI+ENGLISH)



सामान्य मानव जीवन अपेक्षाओं और मनोरथों के दो पहियों पर टिका हुआ है,जिनकी पूर्ती होने से सुख और पूर्ती न होने से दुःख का अनुभव होता है ,और हम अपने जीवन को उन्नति की और अग्रसर होने के लिए भाग्य का मुँह ताकते बैठते हैं की कब वो हमारा सहयोग करे और हम जीवन में उन्नति के शिखर को छू सके . पर क्या सच में भाग्य सदैव हमारा सहयोग करता है.... नहीं ऐसा हमेशा तो नहीं होता,क्या तब हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना उचित है ? वास्तविकता ये है की भाग्य कर्म का अनुगामी है और जिसे कर्म करना आता है भाग्य सदैव उसके पीछे पीछे दौड़ता है , बहुधा जीवन की विपन्नता और गरीबी को हम रोते हैं,विविध प्रयोग भी करते हैं ,परन्तु हमें लाभ नहीं होता है,तब अक्सर हम क्रिया को दूषण देने का कार्य करने लगते हैं जबकि हम ये बात भूल जाते हैं की प्रारब्ध,संचित और क्रियमाण कर्मों का मल जब तक हमारे सौभाग्य के ऊपर अपना आवरण डाले रहेगा तब तक हम चाहे लाख प्रयत्न क्यूँ न करें,हमारे द्वारा किये गए प्रयासों से हमारा भाग्य कदापि नहीं जागेगा.

जब बात हम करते हैं की कर्म का अनुगामी भाग्य होता है तो इसका अर्थ शारीरिक परिश्रम तो होता ही है परन्तु उसके साथ साधनात्मक कर्म भी अनिवार्य होता है,और जब ये दोनों कर्म सकारात्मक दिशा में होते हैं तो,विपन्नता का नाश होकर,उन्नति,वर्चश्व,ऐश्वर्य,सौ

भाग्य और सम्मान की प्राप्ति होती ही है.

हम विपन्नता की अवस्था में हम आकस्मिक धन प्राप्ति के वृहद अनुष्ठान को संपन्न करते हैं ,पर क्या ये सही क्रम है ? नहीं ना,क्यूंकि दुर्भाग्र निवारण,दरिद्रता नाश और तत्पश्चात श्री आमंत्रण क्रम करना उचित होता है,तदुपरांत लक्ष्मी का श्री के रूप में आपके जीवन में आगमन होता है और उसके बाद जब हम लक्ष्मी कीलन या स्थिरीकरण की क्रिया करते हैं तो लक्ष्मी जन्म जन्मान्तरों के लिए हमारे कुल में स्थायी रूप से निवास करती हैं. स्मरण रखने योग्य तथ्य ये है की वृहद अनुष्ठान कभी भी आपको शीग्र लाभ नहीं दे सकते हैं क्योंकि उन्हें सिद्ध करने के लिए जो एकाग्रता,चित्त की सध्नाव्धि में इष्ट के साथ होने तारतम्यता का आभाव होना स्वाभाविक होता है और दीर्घ अनुष्ठान प्रारंभिक स्तर पर चित्त को उद्विग्न भी कर देते हैं अतः गृहस्थों को या जिन्हें शीघ्र लाभ चाहिए होता है उन्हें बीजात्मक साधनाओं को सम्पादित करना चाहिए.सदगुरुदेव के आशीर्वाद से ये अतिशीघ्र लाभ भी देते हैं और सिद्ध भी जल्दी हो जाते हैं तथा "यथा बीजम तथा अंकुरम्" की उक्ति को चरितार्थता भी तभी प्राप्त होती है जब आपका बीज पुष्ट हो तभी तो उसका आधार प्राप्त कर साधना आपके समस्त मल का नाश कर आपको आपका अभीष्ट प्रदान करती है.

याद रखिये प्रत्येक बीज के चैतान्यीकरण और जागरण की प्रथक प्रथक क्रिया होती है जो आपके उद्देश्य को दिशा देती है ,जैसे "क्लीं" बीज का यदि वशीकरण साधना के लिए प्रयोग करना हो तो उसे जाग्रत करने और स्वप्राण घर्षित करने की क्रिया भिन्न होगी उस क्रिया से जो की संहार के लिए प्रयुक्त की गयी हो.

यहाँ पर हम बात आर्थिक उन्नति की कर रहे हैं ,तो जब जॉब में या व्यवसाय में अथवा सामान्य जीवन में आप पैसों के लिए मोहताज हो गए हो तो किसी भी अन्य लक्ष्मी प्राप्ति प्रयोग को करते समय यदि "ह्रीं" बीज का सायुज्यीकरण कर दिया जाये तो वह प्रक्रिया निसंदेह अपना तीव्र प्रभाव प्रदान करती है ,और यदि मात्र इसी बीज का प्रयोग किया जाये तब भी आर्थिक

बाधाओं का नाश तो करती ही है साथ ही साथ नौकरी या व्यवसाय पर छाये हानि के बादलों को भी पूरी तरह समाप्त कर देती है ,प्रयोग बड़ा या छोटा होने से प्रभाव की प्राप्ति नहीं होती है अपितु उसकी पद्धति कितनी विश्वसनीय है और उसका आधार क्या है ये ज्यादा महत्वपूर्ण है ,याद रखिये "ह्रीं' महाकाली,महासरस्वती और महालक्ष्मी तीनों का ही बीज है अर्थात त्रिगुण शक्तियों से परिपूर्ण है अर्थात ,शक्ति,वेग और तीव्रता का संयुक्त रूप,अतः इसका कैसे सयुज्यीकरण किया जायेगा ये ज्यादा महत्वपूर्ण तथ्य होता है किसी भी क्रिया के पूर्ण होने के लिए.

हम बात आर्थिक लाभ या सम्मान या नौकरी या व्यवसाय के स्थायिव की कर रहे है तब इसका प्रयोग कैसे किया जाए मात्र उससे अवगत करना ही मेरा उद्देश्य है –

किसी भी रात्रि को विशुद्ध शहद १०० ग्राम लेकर एक कांच के पात्र में रख ले और उस पात्र को सदगुरुदेव,गणपति और हाथों से स्वर्ण बरसाती पद्म लक्ष्मी के सामने स्थापित कर दे,घृत दीपक प्रज्वलित करे और गुलाब धुप और गुलाब पुष्प से पूजन करे ,साफ़ वस्त्र व आसन हो रात्री या संध्या का समय हो, सफ़ेद कागज या ज्यादा उचित है की भोजपत्र पर अष्टगंध के द्वारा अनार की कलम से "ह्रीं" लिखे और अपना पूर्ण नाम लिख कर फिर से "ह्रीं" लिख दे,ये बहुत ही छोटे कागज या पत्र पर लिखना है.इसके बाद उसी स्थान पर बैठे बैठे बीज मंत्र की ३ माला हकीक या मूंगे माला से करे ,और उसके बाद उस पत्र की गोली बनाकर उस शहद में डुबो दे ,ये क्रम मात्र ३ दिन करना है अर्थात आपको नित्य बीजंकन कर के उसके सामने पूजन तथा जप करना है और मधु में डुबो देना है.इसके साथ आप अन्य प्रयोग भी कर सकते हैं या यदि अन्य लक्ष्मी प्रयोग न कर रहे हो तो इस बीज की माला संख्या ७ कर दीजिए और दिन की अवधि ५ कर दीजियेगा,अंतिम दिवस जप के दुसरे दिन उस पात्र में से सभी गोलियों को निकाल कर किसी बहते साफ़ जल में प्रवाहित कर दे और शहद का आप स्मरण शक्ति बढ़ाने के लिए नित्य सेवन भी कर सकते हैं या

वशीकरण साधना में भी प्रयोग कर सकते हैं,सेवन करने के लिए एक इलायची को नित्य उसमे भिगोकर खाना चाहिए. ये सदगुरुदेव की असीम अनुकम्पा है की हमारे मध्य इतने सरल परन्तु अचूक प्रयोग प्राप्य है,आप स्वयं ही इसे कर के प्रभाव देख सकते हैं.

Common human's life is just based on two type of wheels named expectations and destinations and no doubt fulfillment of these expectations give us happiness and leads our life towards development.....so let me know my dear is it all right for us to look at sky in the form of our destiny so that there will be someone who can hear us and fulfill our motives.....and is it destiny which always support us....no it never happens always....so is it fine to sit back in such dreadful situations.......again a big NO. The fact is that "necessity is the mother of invention" so it is clear that who will work hard definitely will be honored of destiny. Mostly we cry over poverty and illness and to remove such pitfalls we do number of experiments but again all in vain and this causes depression in our life.

When we talk about that it is our needs which causes miracles but one thing which should kept in mind is that when we talk about hard work it's not always about physical beside this sadhnatmak hardship is must and when both of these powers works for you then definitely emptiness of life removes and development, luxury, destiny and magnificence blessed you.

During hardship times we do our best to change time's cycle from misfortune to fortune and to get this done we take the shelter of Anushthans but do we ever try to know whether these anushthans and all that going on right direction or not? Because to get all this perfectly done we need to follow a systematical order as firstly one should get rid of his misfortune, secondly make sure your poverty has been destroyed than finally you can welcome Goddess Laxmi in the form of Shri in your home so that she should stay there permanently to give you and your family a luxuries life for- ever and forever. Another important fact is that to carry on big anushthan at grand scale is not always prove beneficial as to carry out them one should be more conscious and stable in his thoughts and action whereas on the other hand long anushthan makes us bored quite bitter but true so for a domestic person its always good to get power and blessings from Beejaatmak sadhnaas as they get easily sidh and fruitful as well and according to "यथा बीजम तथा अंकुरम्" if you sow pure seed than its quite sure you are going to have a fruitful tree similarly when we talk about sadhnaa its result depends on our concentration in the form of seed. One should always keep in his mind that in order to enlighten each and every month, needs to follow different procedure as in order to sidh "KLEEM" beej for

Vashikaran purpose is followed by totally differ process in which this mantra is get sidh for Sanhaar proyog.
Here we are talking about financial growth so if one faces financial crisis so what should he prefers to do.....with any type of Laxmi proyog he should lit the spark the "HREEM" beej with it as by doing so work will work at super speed.....about this beej mantra another important thing is that if someone uses this mantra alone then to all the financial obstacles ultimately get removes as the results of the proyog don't affected by the fact that at what scale you are carrying out them. Instead of this the important thing is that how strong your consciousness is and faithfully you are carrying out them. Always remember that "HREEM" beej collectively symbolizes Maha Kaali, Maha Saraswati and Maha Laxmi in short this beej represents Shakti (power), Veag (density) and Teevrta (velocity) and the procedures based on the fact that how you get it enlighten.
As we are talking about financial betterment or permanence in job so its my duty to let you know its procedure-
At any night take 100grams pure honey in clear glass utensil (kaanch ka paatr) and place that paatr in front of Sadgurudev, Lord Ganpati and Goddess Laxmi, lit ghee lamp and offer rose (gulab) incense and rose flowers as well, your clothes and aasan should neat and clean and time can be evening or night as well. Then if possible write "HREEM" with ashtgandha on bhojpatra with the pencil of pomegranate stem (anaar ki kalam) if not bhojpatra you can use white paper for it then after Hreem write your name then again after your name write Hreem. Remember you have to use very short paper for this. After that do 3 rosary of beej mantra with the rosary of Black Hkeek aur Moonga. After finishing it roll that paper in round shape and dip it in that honey....follow this process for continuous 3 days means daily you need to write beej mantra then your name then again mantra on paper and after pooja dip that paper in honey....you can do any other proyog along with this related to Laxmi and if you are not doing so than increase the number of rosaries from 3 to 7 and days from 3 to 5. Day after the final jaap day take out all the papers from honey gat them dump under the flowing clean water and as the matter of honey you can use it to strengthen your memory as well as it can be used for Vashikaran sadhna. If you want to eat or drink that honey then don't forget to dip a cardamom (ilaichi) in it every day. It is just because of the blessings of our revered Sadgurudev that we have such a small, easy but meaningful proyog to get comforts in our life.

PLZ CHECK : - **http://www.nikhil-alchemy2.com/**

For more Knowledge:- **http://nikhil-alchemy2.blogspot.com**

Posted by Nikhil at 10:06 PM 1 comment: Links to this post
Labels: KAARYA SIDDHI SADHNA, TANTRA DARSHAN, TANTRA SIDDHI

MALA ME PRANPRATISHTHA



यंत्रो की सामान्य प्राण प्रतिष्ठा विधि तो हमने तन्त्र कौमुदी के विगत के अंक में दे हो चुके ही हैं , पर आपके सन्दर्भ में अनेको पत्र और इ मेल हमें मिले जिसमे हमसे पूछ गया था की क्या सामान्य से सामान्य से प्रयोग में संस्कारित माला की जरुरत होती हैं ??तो उत्तर यह हैं की हाँ बिना संस्कार की माला का प्रयोग करने से सम्बंधित देवता क्रुद्ध हो जाते हैं तो हर प्रयोग के लिए यह माला कहां से लाये तो आप सभी के लाभार्थ यह माला को संस्कारित करने की विधिया इस लेख में आप सभी के लिए

आप जानते हैं की विभिन्न प्रयोग के लिए विभिन्न मनको की माला का उपयोग होता हैं , कभी 51 तो कभी 31 पर अधिकांश प्रयोग और साधना में 108मनको से युक्त माला का प्रयोग होता हैं.

पर १०८ ही क्यों यूं तो सभी का एक विशेष अर्थ हैं हैं पर सदगुरुदेव भगवान् ने कहा हैं की मानव शरीर में 7चक्र नहीं बल्कि 108 चक्र होते हैं

, और उन्होंने इस संदर्भ में विभिन्न उदाहरण भी दिए हैं साथ ही साथ इस हेतु एक बार एक विशिष्ठ दीक्षा १०८ चक्र जागरण दीक्षा भी उन्होंने प्रदान की थी, तो जब भी हम 108 मनको की माला से मंत्र जप करते हैं तब हर मनके के माध्यम से एक विशेष चक्र पर स्पंदन होता ही हैं फिर उसे हम महसूस चाहे या न चाहे करे .यही एक गोपनीय तथ्य हैं इन मनको का 108 होने का तभी तो 108 मनको वाली माला सर्वार्थ सिद्धि प्रदायक कही जाती हैं

और यह माला ही तो इस साधना की एक विशेष उपकरण हैं , सदगुरुदेव भगवान् कहते हैं की की क्यों एक छोटी छोटी से बात पर अपने सदगुरुदेव पर भी निर्भर रहना , उन्होंने ही तो अनेक बार माला और यंत्रो को प्राण प्रतिष्ठित करने की विधिया बताई , उ ससमय के अनेक साधक इस बात के प्रमाण हैं ,

और जब हम आगे बढ़ कर सिद्धाश्रम तक जाने की बात करते हैं और हम खुद एक सामान्य सी माला प्राण प्रतिष्ठित न कर पाए तो आप ही सोच सकते हैं हम हैं कहाँ , अतः इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए इस प्रक्रिया को आपके सामने रहा जा रहा हैं .

यह लेख आरिफ खान जी के द्वारा अनेको वर्ष पहले भी एक पत्रिका में प्रकाशित हो चूका हैं उसी का संक्षिप्त रूप आपके सामने हैं .

ध्यान रहे यहाँ हम माला निर्माण की प्रक्रिया नहीं बता रहे हैं वह एक और ही अलग विषय हैं .

प्रथम तरीका :सर्वाधिक सरल तरीका तो यह हैं की आप किसी भी माला /मालाओं को किसी भी ज्योतिर्लिंग या शक्ति पीठ में मुख्य विग्रह से स्पर्श करा ले, उनकी प्राण उर्जा से माला स्वतः हो प्राण प्रतिष्ठित हो जाती हैं .

द्वितीय तरीका : यह हैं की यदि आप से रुद्राभिषेक करते बनता हैं या आप के घर में किसी से या कोई पंडित द्वारा आपके घर में रुद्राभिषेक किया जा रहा हो उस समय काल में किसी भी पात्र में यह माला जिसे प्राण प्रतिष्ठित किया जाना हैं उसे रख दे , यह स्वत ही परं प्रतिष्ठित हो जाती हैं , रुद्राभिषेक की विधि आप गीता प्रेस की किताबों मेंपा सकते हैं .

तृतीय तरीका :आप के जो भी गुरु हो उनके हाथो के स्पर्श मात्र से भी यह प्रक्रिया सुगमता पूर्वक संपन्न हो जाती हैं .

चतुर्थ तरीका :माला को गंगा जल से स्नान कराये और निम्न मन्त्र उसी माला से १०८ बार जप कर ले , यह भी एक सुगम तरीका हैं .

माले माले महामाले सर्व तत्त्व स्वरूपिणी |
चतुर्वर्गस्त्वयि न्यस्त स्तस्मंमे सिद्धिदा भव ||

पंचम तरीका : शास्त्रीय प्रक्रिया :

पीपल के नौ पत्ते को इस तरह से रखे की एक पत्ता बीच में और और अन्य पत्ते उसे केंद्र मानते हुए इस प्रकार रखे मानो एक अष्ट दल कमल सा बन जाये , बीच के पत्ते पर आप अपनी माला रख दे और हिंदी वर्ण माला से वर्ण ॐ अं से लेकर क्षं तक सभी का उच्चारण करते हुए उस माला को पंचगव्य से स्नान कराये. फिर सद्योजात मंत्र का उच्चारण करते हुए

ॐ सद्योजातं प्रपद्यामि सद्योजाताय वै नमो नमः |
भवे भवे नाति भवे भवस्य माँ भवो द्वावाय नमः ||

निम्न वामदेव मन्त्र से चन्दन माला पर लगा यें

बलाय नमो बल प्रमथ नाय नमः सर्व भूतदहनाय नमो मनो न्मथाय नमः ||

धुप बत्ती अघोरमंत्र से दिखाए

ॐ अघोरेभ्योऽथ घोरेभ्यो घोर घोर तरेभ्य: सर्वेभ्य : सर्व सर्वेभ्यो नमस्ते अस्तु रुद्ररूपेभ्य :

फिर तत्पुरुष मंत्र से लेपन करे

ॐ तत्पुरुषाय विद्म्हये महादेवी धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात ।

फिर इसके एक एक दाने पर एक बार या सौ सौ बार इशान मंत्र का जप करे

ॐ ईशान: सर्व विद्यानामिश्वर : सर्व भूतानां ब्रह्मा धिपति र ब्रह्मणो ऽ धिपतिर्ब्रह्मा शिवो में अस्तु सदाशिवो ऽ म ।

अब बात आती हैं कि कैसे देवता की स्थापना की जाए तो यदि आप इस माला को शक्ति कार्यों में उपयोग करना चाहते हैं तो "ह्रीं " इस मंत्र के पहले लगा कर और लाल रंग के पुष्पों से इसका पूजन करें. और वैष्णवों को निम्न मन्त्र का उपयोग करें

ॐ ऐं श्रीं अक्षमाला यै नमः ।।

फिर हर वर्ण मतलब अं से लेकर क्षं तक लेकर इनसे संपुटित करके १०८ /१०८ बार अपने इष्ट मन्त्र का उच्चारण करे .

फिर यह प्रार्थना करे

ॐ त्वं माले सर्वदेवानां सर्व सिद्धिप्र्दा मता ।
तें सत्येन में सिद्धिं देहि मातर्नामो ऽ स्तू ते ।।

अब इस माला को हर के सामने दिखाए नहीं , आपको जो भी विधि उचित लगे उसका उपयोग करके एक प्राण प्रतिष्ठित माला का निर्माण आप कर सकते हैं उसे साधना में प्रयोग करसकते हैं .

पर यह तो प्रकिया मणि माला को संस्कारित करने की हैं पर विशेष शक्ति युक्त तांत्रिक माला का निर्माण कैसे किया जाए , यह विधान पहली बार ही सामने आ रहा हैं , तो इसमें आपको

ॐ सर्व माला मणि माला सिद्धि प्रदात्रयि शक्ति रुपिंयै नमः

ॐ sarv mala mani mala siddhi pradatrayi shakti rupinyai namah

१०८ बार उच्चारण करना हैं इस दौरान माला हाथ में घुमती यां उसे घुमाते रहे गी /रहे

****

We have already given the process how to make praan pratisthha of yantra can be done , but we have been continuous getting e mails regarding the one question is there any necessity of using sanskarit mala in any and every sadhana,?? Than answer is yes ,, if one is using the mala without having Sanskar than the related deity of that sadhana often get angry but where and how you can purchase separate mala for each and every prayog .

so for the benefit of you all here is the process by which you can also praan pratisthhit the mala or sanskarit mala.

As you are already aware that that there are many type of mala used in sadhana prayog some has 31 beeds some 51 and some 108 beeds , why it is so . but in majority of the cases beeds quantity of 108 haapens why??.

as each mala has his own value and these beeds quantity has a purpose , as Sadgurudev Bhagvaan has many times says that there are not 7 chakra but 108 chakra lies in human body and for that 108 chakra energization he gave a special Diksha names “108 chkra jagran Diksha” . so when we do jap with mala with 108 beeds than through each beeds than chakra related to that beeds get energize . this is one of the reason behind using 108 beeds mala and this mala has been called sarvarth siddhi pradayak means all siddhi provider .

And this mala is a special instrument in any sadhana, Sadgurudev Bhagvaan used to say that why you have to depends each times even for small problem to your Sadgurudev., he has given many times the process for how to energize the yantra and rosary process. many of the sadhak of that era clearly knew this and a self evidence of that.
When we are talking about going to siddhashram and not able to do/know how to energize a simple rosary than think about it where we are standing., taking care theses fact here are the process in front of you .
This articles is based on the arif ji, already written articles that has been appeared many years before in a magazine.
Please keep it in mind here we are not discussing the process how to make mala that is a different subject.
First way :one of the most easiest process is that have a opportunity to visit any shiv jyotirling or shakti peeth hand touch your rosary / rosaries to the main vigrah , automatically that mala/rosary has been sanskarit.
Second way: if you how to do rudrabhishek or any person of your home knew about that or through any pandit this rudrabhishek is going on than during that period place the required mala/rosary in any pot in front of that , so that mala automatically get sanskarit.

You can get the complete rudrabhishek process through gita prèss Gorakhpur books.
Third way: who so ever is your guru , and you have a faith in him than as the rosary get touch of his body or hand that automatically Sanskrit.
Fourth ways:wash rosary with ganga jal and during that period chant this mantra for 108 times this is also a easy process,
Maale maale mahamaale sarvtatvswrupini |

Chturvargstvyi nyast stsmanme siddihida bhav ||

Fifthways: shashtriy ways:

Place nine leaves of pipal tree in this way that place one leave in middle and remaining eight place in circular of that, so a asht dal lotus type fig formed. And place the rosary in middle

leave and wash that rosary with panchgavy and chant the complete varn mala like am, aam, to ksham , than chant

sandyojaat mantra:

Om sandyojaat prpadyaami sadyojaataay vai namo namah |

Bhave bhave naati bhave bhavsy maan bhavo dwavaay namh||

Then apply chandan to rosary and chant

vaamdev mantra:

Blaay namo bal pramthnaay namh sarv bhutdahnaay namo manomnmathaay namah|

Offer dhoop stick with this

aghor mantra:

Om aghorebhyoath ghorebhyo ghor ghor tarebhyah sarvebhyah sarv sarvebhyo namste astu rudrarupebhy

And againwith

tatpurusha mantra :

Om tatpurushay vidmahye mahadevi dhimahi tanno rudrah prachodyat |

Than chant ishan mantra either one times or100 times on each beeds of rosary .

Om ishanah sarv vidyaanamishwarah sarv bhutanaam bramha dhipatir brmhnoo dhipatir bramha shivo me astu sadhashivoaham||

Now the question rises how to make this mala energize of any deity, if you are using this mala for shakti sadhana, than add "HREEM" before this mantra a and offer red color flower to it.

Maale maale mahamaale sarvtatvswrupini |
Chturvargstvyi nyast stsmanme siddihida bhav ||

And vaishnav can use this mantra

Om ayem shreem akshmala yai namah||

Than use every varn means am to ksham means add thses varn to your isht mantra and chant108 /108 times, than do this prayer.

Om tvam maale sarvdevaanam sarv siddhipradamata |
Ten satyen men siddhim dehi maatarnaamostu te ||

Than not toshow this mala toevery one, than follow any one mothod whichever one you like most, and after that mala you can use in your sadhana.

Butthis sis the simplest process but how we canmake special shakti tantrak mala so for that just 108 times this mantra, while chantingthe mantra the rosary should be moving in your hand

Mantra :

ॐ sarv mala mani mala siddhi pradatrayi shakti rupinyai namah

DIVINE WEAPONS SUDARSHAN CHAKRA SADHNA



प्राचीन मुख्य १०८ विज्ञान मे कई ऐसे विज्ञान है जिसके बारे मे सामान्यजन को पता ही नहीं है. ऐसा ही एक विज्ञान जो की प्रचलन मे रहा वो था युद्ध विज्ञान. इस विज्ञान के अंतर्गत व्यक्ति को अपनी शक्ति और सामर्थ्य बढ़ा कर किस प्रकार से आत्मरक्षण तथा पर जन रक्षण कर सके इसकी शिक्षा दी जाती थी. साथ ही साथ शश्त्रो की तालीम भी दी जाती थी जो की सहायक रूप मे शक्ति संचार का कार्य करते है. इस विज्ञान के अंतर्गत ये भी बताया जाता था की व्यक्ति किस प्रकार से भूमि तथा वायु मे निहित शक्ति को संचारित कर के युद्ध कर सकता है. इस विज्ञान का ही बौद्ध काल मे विस्तरण हुआ जिसमे कई प्रकार नवोन्मेष कर मार्शलआर्ट आदि विविध ज्ञान कई देशो मे अमल मे आया. इससे यह जाना जा सकता है की उस समय जिव तथा भौतिक विज्ञान का विशेषतम ज्ञान हमारे ऋषियो के पास था. जब इसी विज्ञान को तंत्र पक्ष से जोड़ा गया तो कई त्तंत्र पद्धतिया अमल मे आई जिनका उद्देश्य युद्ध के दौरान विजय श्री के लिए किया जा सके. सैन्य स्तम्भन, सैन्य मारण, राज्य मोहिनी, राजा वशीकरण जैसे प्रयोगों को अमल मे लाया गया. साथ ही साथ सब से अत्यधिक महत्वपूर्ण जो साधनाओ का प्रचार हुआ वो थी अस्त्र साधनाए. हमारे शास्त्रों मे उल्लेख मिलता है की विविध अस्त्रों का प्रयोग युद्ध मे बराबर होता था, अग्नि, पावका, वरुण, नाग, अघोर, ब्रम्हा आदि विभ्भिन अस्त्रों के बारे मे विवरण मिलता है. इन सभी अस्त्रों को साधनाओ के माध्यम से आज भी प्राप्त किया जा सकता है. देवी देवताओ को सिद्ध कर उनसे अस्त्र प्राप्त करने के विवरण हमारे ग्रंथो मे मिलते है. इसी प्रकार विष्णु भगवान का अस्त्र सुदर्शनचक्र है. इन अस्त्रों को प्राप्त करने की साधना अत्यधिक कठोर तथा श्रमसाध्य है तथा इसमें कई साल का समय साधक को लग सकता है. लेकिन इन अस्त्रों से सबंधित कई विविध लघु प्रयोग भी है. जिससे देवी देवता प्रसन्न हो कर अपने अस्त्रों को साधक के पास भेज कर उनका रक्षण करने की आज्ञा देते है. लेकिन यह दुष्कर प्रयोग बहोत ही मुश्किल से प्राप्त होते है, यदा कदा मंत्रो का विवरण भी मिल जाए लेकिन सबंधित प्रक्रियाए मिलना मुश्किल ही है. सदगुरुदेव ने अपने कई सन्यासी शिष्यों को इन प्रक्रियाओ का ज्ञान दिया है. यह हमारा सौभाग्य है की हमारे वरिष्ठ भाई बहेनो के पास इस प्रकार के गुढ़ ज्ञान से सम्प्पन है. सदगुरुदेव की कृपा से एक प्रयोग जो की सुदर्शन चक्र से सबंधित है वह मे आप सब के मध्य रखना चाहूँगा.

इस साधना को किसी भी सुबह दिन शुरू किया जा सकता है. रात्रि काल मे ११ बजे के बाद साधक स्नान कर के सफ़ेद वस्त्रों को धारण कर के सफ़ेद आसान पर बैठे. और रुद्राक्ष माला से निम्न मंत्र का जाप

करे. साधक को ७ दिन मे १०००० मंत्र जाप करना है, साधक अपनी सामर्थ्य अनुसार दिनों का चयन कर अपना मंत्र पूरा कर ले लेकिन मंत्र जाप की संख्या रोज नियमित रहे. साधक चाहे तो १ दिन मे भी मंत्र जाप पूरा कर सकता है

ॐ सुदर्शन चक्राय शीघ्र आगच्छ मम सर्वत्र रक्षय रक्षय स्वाहा

मंत्र जाप के बाद साधक माला को धारण करे रखे तथा ग्रहण काल मे इस मंत्र की ११ माला जाप फिर से करे और शहद से अग्नि मे १००८ आहुतियां को इसी मंत्र से अर्पित करे. साधक का सौभाग्य होता है की उस समय सुदर्शन चक्र का दर्शन हो. तब साधक को चाहिए की वह नमस्कार कर रक्षण के लिए प्रार्थना करे.

इसके बाद सुदर्शन चक्र साधक के आसपास अप्रत्यक्ष रूप मे रहता है तथा सर्व रूप से शत्रु तथा अनेक बाधाओ से व्यक्ति का रक्षण करता ही रहता है. साधक का अहित करने का सामर्थ्य उसके शत्रुओ मे रहता ही नहीं है.

साधना के दौरान साधक अघोर मंत्र का भी जाप करे तो वह अत्यधिक उत्तम है.

From 108 ancient sciences, there are still some sciences about which common people do not know anything. Such one of the science which had remained famous was fight science (yuddh vijnana). Under this category of the science teaching used to be given to the person by developing one's power and ability for self and other's protection. With that teachings related to weapons were also be used to given which act as helper in power development. Under this science it had also been used to taught that how to use energy which is there in land and air to generate power and fight. This was the science which spread during Buddha era with which new innovations took place and various knowledge of martial art came in touch with different countries. With this, we get idea that our ancient sages must have special knowledge of bio and physic sciences. When this science was merged with tantra side then various processes came to know which were meant to win the fights. Many prayoga came in ront like Seinya Stambhan, Seinya Maaran, Raajya Mohini, Raja Vashikaran etc. with these, most important processes which came forward were astr sadhana. in our scriptures it is mentioned that in fight various astra were brought to use, we find mention of various astra like agni, paavakaa, varun, naag, aghor, bramha etc. all these astra could be gain with sadhana today even. To accomplish sadhana of various god goddess and to gain

astra from them such incidents are found in our scriptures. This way sudarshan chakra belongs to god Vishnu. Astra related sadhana are very hard and rigorous and may take several years for sadhak. But there are small ritual too exists related to these astra. By accomplishing which god and goddess send their astra to sadhana for their protection being pleased. But such rare processes are hard to get, somewhere mantra could be found mentioned but processes are hard to find. Sadgurudev have given knowledge about such processes to ascetic disciples. This is our fortune that our ascetic brothers and sisters hold knowledge of such rare processes. With blessings of sadgurudev I am here by sharing a process with you, which is related to sudarshan chakra.

This sadhana could be started on any auspicious day. In the night time after having bath sadhak should wear white cloth and sit on white aasan. And with rudraksh rosary one should chant mantra. sadhak should complete 10000 mantra in 7 days maximum, sadhak can make selection of the days according to their capacity but no. of mantra chanting should remain same daily. If one wishes, sadhak can also complete all mantra in 1 day.

Om Sudarshan Chakraay Sheeghra aagachchh mam sarvatr rakshay rakshay swaha

After mantra chanting sadhak should wear the rosary and when it is eclipse (solar/lunar) one should chant 11 rosary of the same mantra and should offer 1008 aahuti with the same mantra of honey in the fire. It is great boon that sadhak can have glimpse of sudarshan chakra at that time. Sadhak should bow down to it and pray for the protection. After that sudarshan chakra will remain in invisible form near sadhak and in every way it save from dangers ad enemies. Enemies no more can harm in any way to sadhak.

If during sadhana, sadhak chants aghor mantra will add extra benefit to get success in sadhana.

*******NPRU********

PLZ CHECK : - http://www.nikhil-alchemy2.com/

For more Knowledge:- http://nikhil-alchemy2.blogspot.com

Posted by Nikhil at 2:30 AM 2 comments: Links to this post

Labels: RAKSHA VIDHAN SADHNA, TANTRA SIDDHI

Saturday, December 31, 2011

नव वर्ष सौभाग्य प्रदायक –गुह्य रहस्य पद्धति प्रोक्त "आदित्य भैरव सायुज्य श्री सौभाग्य कृत्या प्रयोग"



वह दिन जब हम जीवन का प्रारंभ करते हैं हम सभी के लिए नव वर्ष कहलाता है,मान्यताओं,संस्कारों और तथ्यों के आधार पर एक सामान्य वर्ष में कई बार नव वर्ष मनाया जाता है,जैसे नवरात्री को हिंदू संस्कृति का तो भिन्न भिन्न प्रान्तों के अपने नव वर्ष होते है तो स्वयं का जन्मदिन भी व्यक्ति विशेष के लिए नव वर्ष ही होता है,और मानव चिंतन सदैव इस ओर रहा है की कैसे हम अपने मनोवांछित को प्राप्त कर न्यूनताओं को समाप्त कर सके और सार्थक कर सके अपना नव वर्ष .सदगुरुदेव हमेशा नव वर्ष के अवसर पर साधकों को विलक्षणता प्रदान करने वाले नवीन तथ्यों से परिचित तो करवाते ही थे साथ ही साथ दिव्यपात श्रेणी की विभिन्न दीक्षाओं को भी उन्होंने

देना प्रारंभ किया था जिससे साधक सामान्य न होकर अद्भुत हो जाये... परन्तु १९९८ के बाद वे सारे क्रम ही लुप्त हो गए और अन्य कोई उन तथ्यों को समझा पाए ऐसा संभव ही नहीं था. हमारे विभिन्न ज्ञात और लुप्त तंत्र ग्रन्थ प्रमाण हैं उन उच्चस्तरीय साधनाओं के जिनका प्रयोग कर साधक अपनी जीवन शैली में अमूल चूल परिवर्तन कर सकता है और वर्ष भर के लिए श्रेष्ठता तो प्राप्त कर ही सकता है ,ऐसा ही एक ग्रन्थ है **"गुह्य रहस्य पद्धति"** जो पूरी तरह **दिनों ,महीनों और वर्षों को अनुकूल बनाने और गतिमान वर्ष,माह और दिवस के अधिष्ठाता ग्रह ,देव शक्ति,मातृका और मुंथा को वश में करके स्वयं का भाग्य लेखन करने की गुह्यतम पद्धति पर आधारित है ,पूरा ग्रन्थ ही २२८ प्रयोगों से युक्त है**,भिन्न भिन्न दिवसों और माहों के अपने अपने प्रयोग हैं. परन्तु उन सबमे जो सभी के लिए प्रभावकारी पद्धति है उसी का विवेचन मैं इस लेख में कर रहा हूँ, सदगुरुदेव के सन्यासी और सिद्ध शिष्य **स्वामी शिव योगत्रयानंद जी** ने मुझे वो ग्रन्थ दिखाया था जो पूरी तरह हस्तलिखित था और उन्होंने उसे मुझे उन क्रियाओं को कैसे किया जाये और कब कब कैसे उनका प्रयोग किया जाता है ये भी समझाया था ,उन्होंने बताया था की इस प्रयोग को दो तरीकों से किया जा सकता है –

१. या तो जब सामूहिक मान्यताओं के आधार पर नव वर्ष प्रारंभ हो तब

२. या जब साधक का जन्मदिवस हो या उसकी पारिवारिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर जब नव वर्ष प्रारंभ होता हो.

चाहे आप किसी भी क्रम को मानते हो तब भी आप दो तरीके से इस प्रयोग को कर सकते हो –

१. या तो सूर्योदय के समय का का आश्रय लेकर साधना की जाये

२. या फिर जिस समय साधक का जन्म हुआ हो उस समय पर इसे संपन्न किया जाये ,भले ही आप १ जनवरी को इसका प्रयोग कर रहे हो परन्तु तब भी आप इसे इन दोनों में से कोई समय पर कर सकते हो, अर्थात मान लीजिए की किसी का जन्म २४ अगस्त को रात्री में ९.३५ पर हुआ है तब ऐसे में साधक १ जनवरी को ही या तो सूर्योदय के समय इस साधना को कर सकता है या फिर रात्री में ९.३५ पर .दोनों ही समय प्रभावकारी हैं और कोई दोष नहीं है.

आप चाहे आत्मविश्वास की मजबूती चाहते हों या फिर रोजगार की प्राप्ति या वृद्धि,सम्मान चाहते हो या फिर संतान सुख या संतान या परिवार का आरोग्य ,आर्थिक उन्नति चाहते हो या कार्य में सफलता ,जीवन में प्रेम की अभिलाषा हो या फिर विदेश यात्रा का स्वयं के भाग्य में अंकन,ये प्रयोग सभी अभिलाषाओं की पूर्ती करता है. **सदगुरुदेव ने १९९१-१९९२ में पहली बार साधकों के सामने नवरात्री में सौभाग्य कृत्या का प्रयोग करवाया था .और नवरात्री चूंकि सनातन नववर्ष का आगमन पर्व होता है अतः उन्होंने उपहार स्वरुप इस क्रिया को सभी साधको को प्रदान किया था** ,उसी क्रम में उनके आशीर्वाद से ये **"आदित्य भैरव सायुज्य श्री सौभाग्य कृत्या प्रयोग"** हमारे लिए प्राप्त हुआ है ,गुरु मंत्र की १६ माला अनिवार्य हैं उन्ही क्षणों में साधकों के द्वारा इस प्रयोग के पहले तभी ये प्रयोग पूर्णता प्रदान करता है.

आप अपनी मान्यताओं के आधार पर जिस भी नव वर्ष के प्रारंभ में इस साधना को करना चाहे ,उस सुबह सूर्योदय के पहले उठकर स्नान कर ले और श्वेत वस्त्र धारण कर भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करे .अर्घ्य पात्र में जल भर कर और उसको पहले सामने रखकर २१ -२१ बार निम्न मन्त्रों से अभिमंत्रित कर ले –

ओम आदित्याय नमः

ओम मित्राय नमः

ओम भाष्कराय नमः

ओम रवये नमः

ओम खगाय नमः

ओम पूषाय नमः

ओम ग्रहाधिपत्ये नमः

इसके बाद ही उस जल से अर्घ्य प्रदान करे.तत्पश्चात साधना कक्ष में स्वयं या परिवार के साथ बैठकर सदगुरुदेव और भगवान गणपति का पूजन करे .आज जिस गुरु ध्यान मंत्र का प्रयोग होता है वो भी इस अवसर विशेष के साथ योगित है और भविष्य में इस ध्यान मंत्र में छिपी उस विशेष साधना को भी आप सभी भाई बहनों के समक्ष रखने का प्रयास करूँगा . सद्गुरु पूजन से पूर्व निम्न ध्यान मंत्र का ७ बार उच्चारण करे –

“**अज्ञान तिमिरांधस्य ज्ञानांजनशलाकया |**

चक्षुरुन्मीलितं एन तस्मै श्री गुरुवे नमः || ”

तत्पश्चात पंचोपचार विधान या सुविधाजनक रूप से सदगुरुदेव और भगवान गणपति का पूजन कर संवत्सर शुभता की प्रार्थना करे और १६ माला गुरु मंत्र की करे इसके बाद उनकी साक्षी में हाथ में जल लेकर उपरोक्त साधना में सफलता की प्रार्थना और संकल्प ले |

यदि आप परिवार के साथ पूजन कर रहे हैं तब भी और यदि आप अकेले पूजन कर रहे हैं तब भी किसी भी पारिवारिक सदस्य या आत्मीय के नाम से संकल्प ले सकते हैं .

जितने सदस्य ये प्रयोग कर रहे हैं उन सभी के लिए एक-एक घृत का दीपक लगेगा . जिस बाजोट पर गुरु यन्त्र या चित्र रखा हो उस बाजोट पर श्वेत वस्त्र बिछाना है और सदगुरुदेव के चित्र के सामने **“आदित्य भैरव यन्त्र”** का निर्माण अष्टगंध से करना है और जहाँ पर 5 लिखा है वह पर घी का दीपक जलाना है और उस यन्त्र और दीपक का पंचोपचार पूजन कर खीर का भोग लगाना है ,यदि आप अपने परिवार के अन्य सदस्यों या अपने आत्मीयों को भी इसका प्रभाव देना चाहते हो तो यन्त्र के चारो और १ व्यक्ति के लिए १ दीपक घी का प्रज्वलित कर सकते हैं और स्वयं की ११ माला की समाप्ति पर प्रत्येक व्यक्ति की तरफ से ३ -३ माला उनका संकल्प लेकर कर सकते हैं. गुरु रहस्य माला, या स्फटिक, रुद्राक्ष या सफ़ेद हकीक की हो सकती है .अन्य मालाओं में मूंगा या शक्ति माला का चयन भी किया जा सकता है. पूर्ण एकाग्र भाव से निम्न मंत्र की ११ माला जप करना है तत्पश्चात गुरु आरती संपन्न कर उस खीर के भोग को सपरिवार ग्रहण किया जा सकता है .

मंत्र-

ओम ह्रीं श्रीं आदित्य भैरवाय सौभाग्यं प्रसीद प्रसीद ह्रीं ह्रीं कृत्याय श्रीं ह्रीं ओम

OM HEENG SHREEM AADITYA BHAIRVAAY SOUBHAGYAM PRASEED PRASEED HREENG HREENG KRITYAAY SHREEM HREENG OM .

नवीन संवत्सर की उपलब्धियों को आप अपने जीवन में स्वतः ही देखेंगे. इस प्रयोग के द्वारा आप सभी को अपने अभीष्ट की प्राप्ति हो और आपकी अशुभता और दुर्भाग्य की समाप्ति होकर नयून्ताओं का नाश हो,ऐसी ही मैं सदगुरुदेव से प्रार्थना करता हूँ.

****

The day , when we started our life that is known as Nav varsh . on the common belief , the Sanskar and on various facts , in a year , we are /can celebrate many times new year (nav varsh). Like Navratri is considered for hindu culture, in the same way , each states has its own new year(nav varsh) and person's own birth day is also considered nav varsh for him. And human thinking always oriented on the plane that how can we remove our weakness and get the our desired things. so that nav varsh has fulfill its meaning for us. on this day , Sadgurudev ji used to provide some unmatchable things to the sadhak and also introduced some new horizon of the divine gyan and also stated to give the diksha's that comes in the category of divyapaat ,. so that a common sadhak should not became a common but became extra ordinary in his life . after 1998 all these things had gone/stopped and no one came forward to teach that divinity and continue that tradition set by him . We have many grantha's , some are available and some are not (lost) , that are itself the evidence for those sadhana, that can introduce miracle in sadhaka's life and able to get that power through that he can accomplish the desired things.
One such a granth is "Guhy Rahasy paddhati " that is totally based on how to get favor and complete help from days , months , years and not only that but also get favor from deity (or lord) of running month , days and dev shakti and muntha so that a person can write his bhagy (luck) as he wants, and various secretive process mentioned are in that and whole granth contains 228 such a processes. Thses are related to various months and related days . but the most effective process among in that , here , I am describing in this articles for you all. Swami yogtryanand ji , who is sanyashi siddh shishy of Sadgurudev ji, has showed me the granth that is hand written and also instructed me to how to do that kriyaye (processes) and when that has to be done . he also said this prayog can be done through two ways.

· When due to belief of the majority , a nav varsh has started .
· Or when sadhak birth day is celebrated or when nav varsh started due their family or religious belief or traditions.

Whether you are believing any one , mentioned above , but you can do this prayog through two ways
1. When sun is rising , than sadhana has to be done .
2. Or on the time when sadhak was born(birth took place). Even you are doing this prayog on 1 st January but you can choose any one time mentioned above , for example .. here is someone , whose birthdays falls on 24 august at 9:35 pm at night. So sadhak can do this sadhana either on sun rising hours or at night 9:35 pm. Both times will provide same effectiveness and there is no dosha .

Either you want improvement in your will power , Or want to get job, or promotion or samman (prestige) Or for happiness related to children Or want a child Or free from dieses to your complete family. Or success in the work Or want to get love in life. Or want to travel abroad , thses things can be written in your luck by you own . and this prayog fulfill all thses desire.

Sadgurudev ji in 1991-92 gave this “Soubhagy Kritya Prayog” on the time of Navratri to all sadhak’s ,since that day was the nav varsh for sanatan dharm so this prayog was a gift to all sadhakas. In the same series this prayog “ AADITY BHAIRAV SAAYUJJY SHRI SOUBHAGY KRITYA PRAYOG ” is available to us through his blessing . before started this prayog , The guru mantra reciting of 16 round of rosary is a must , only than this prayog became effective.

According to your common belief , when any sadhak want to do this prayog on any nav varsh as per his belief , has to awake early in the morning , take a bathe wear white colored clothes and offer ardhy to Bhagvaan sury /sun. and fill that ardhy patra with water and before doing that chant 21 -21 times thses mantra so that ardhy patra became abhimantrit (energized)

Om aadityay namah

Om mitrayay namah

Om bhaskaray namah

Om ravye namah

Om khagay namah

Om pushaay namah

Om grahadhiptye namah

Only after that offer ardhy offering , than in the pooja room , he can alogwith his member of his family , can start the Sadgurudev poojan and after that Bhagvaan ganpati poojan. And the dhyan mantra used in that prayog is also describing here and in the future , also try to provide the sadhana hidden in that to all our brother and sisters.

Before Sadgurudev poojan do chant 7 times this dhyan mantra.

Agyan timirandhsy gyanajan shalakya |

Chakshurunmilit ev tamsmayi shri guruve namah||

After that you can do poojan as per panchopchar or as per your convenience (Sadgurudev ji and bahgvaan ganpati ji) and pray for good wishes in coming samvtsar , and recite the guru mantra 16 round of rosary . and after that take sankalp through taking water in your hand for success in this sadhana . Either you are doing this sadhana alone or with all the family member , you can take sankalp on the behalf of any family person and your close one. Light a earthen lamp filled with ghee , one lamp for each member taking part in this sadhana , than on the bajote (a small wooden table) place Sadgurudev chitr (photograph) on white color cloth and make a Aadtiy bhairav yantra through asht gandh on that white color cloth in front of Sadgurudev chitr. Light an earthen lamp filled with ghee on the place , where no 5 is written. And do poojan and panchopchar or that Deepak (placed on no 5) and offer kheer as a bhog . and if you wish to offer the effect of this prayog to your close one or family member , than you can place one Deepak for one person around this yantra, and when your 11 mala mantra jap has completed than you can do recite 3 - 3 mala (3 round of rosary) of mantra jap for each person for whom you want to offer the result . Mala can be guru rahsy mala or sphatik or rudraksha or white hakeek would be fine. And if not available than you can use shakti mala or moonga mala .and after that with full concentration and devotion do chant /recite 11 round of mala mantra jap of the mantra mentioned below. And than offer guru aarti and offered kheer can be distributed among the family member .

मंत्र-

ओम ह्रीं श्रीं आदित्य भैरवाय सौभाग्यं प्रसीद प्रसीद ह्रीं ह्रीं कृत्याय श्रीं ह्रीं ओम

OM HEENG SHREEM AADITYA BHAIRVAAY SOUBHAGYAM PRASEED PRASEED HREENG HREENG KRITYAAY SHREEM HREENG OM .

And you are able to see your self the achievement of yours , in this new samvatsar in your life . through this prayog you all can achieve your desired things and your bad luck can be change d to good one and all your weakness be removed in your life , this is what I am a praying to sadguru dev .

****NPRU****

for our facebook group-http://www.facebook.com/groups/194963320549920/

PLZ CHECK : - http://www.nikhil-alchemy2.com/

For more Knowledge:- http://nikhil-alchemy2.blogspot.com

Posted by Nikhil at 1:43 AM No comments: Links to this post

Labels: KAARYA SIDDHI SADHNA, TANTRA SIDDHI

Tuesday, November 29, 2011

AMAL RUHE HAMJAAD



अचानक उस टूटे हुए कमरे का वातावरण और अधिक रहस्यमय हो गया था ,शनैः शनैः रात्रि का तीसरा प्रहर प्रारंभ हो गया था,उन्होने अपने अमल को और तीव्रता दे दी थी,मेरा आसन उन्ही के बगल में बिछा था,और उनकी सभी प्रक्रियाओं पर मैं बहुत बारीकी से ध्यान दे रहा था.

उन्होंने मुझे बताया था की आज वो **सदगुरुदेव** द्वारा प्रदत्त **सिद्धात्मा आवाहन** की विशिष्ट साधना को करेंगे,आज उन्हें ऐसा ही आदेश हुआ है.

क्या आपने पहले ये क्रिया कभी नहीं की-मैंने उत्सुकतावश **हसद बक्स** जी से पूछा .

बहुत बार की है मेरे बच्चे......अक्सर मैं उच्च कोटि की साधनाओं और रहस्यों की प्राप्ति के लिए सदगुरुदेव की आज्ञा से इस साधना का प्रयोग करता रहता हूँ-उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा.

क्या आप इस साधना को मुझे समझायेंगे ???

क्यों नहीं...आज रात्रि को तुम मेरे साथ ही इस साधना के लिए बैठना और ध्यान पूर्वक इसकी प्रक्रियाओं और विधान को देखना,तंत्र की अत्यधिक गोपनीय साधना है ,जिसके द्वारा उच्च लोकों में स्थित दिव्य व सिद्ध आत्माओं को प्रत्यक्षतः आवाहित करके उनसे अभीष्ट ज्ञान की प्राप्ति की जा सकती है .

वाह क्या बात है ....मजा आ गया.

बेटे ये साधना मजे के लिए नहीं की जाती है ,अपितु अत्यधिक गंभीर और एकाग्र भाव से ही इस प्रकार की साधनाओं में सफलता पाई जा सकती है ,इस बात का हमेशा ध्यान रखन और गलती से भी कभी मात्र परखने या मनोरंजन के लिए इस साधना को नहीं करना चाहिए.

जी माफ कीजिये... मैं इन बातों का ध्यान रखूँगा- मैंने सकुचाते हुए झुकी निगाहों से उत्तर दिया.

अरे कोई बात नहीं ,बस साधक को गंभीर होना चाहिए.

रात्रि को बाजना मठ के पास स्थित सरोवर के मध्य में स्थित रानिवास हमाम को इस क्रिया के लिए चुना गया ,और सारी तयारी कर गुप्त मार्ग से हम दोनों उस जगह पर पहुच गए,जबलपुर की विशेषता रही है की यहाँ के महलों या पुराने मंदिरों के गर्भ में कई तहखाने रहते हैं,जिनमे जाने का रास्ता इतना सुगम नहीं है,परन्तु तंत्र और शाक्तों का किसी समय में गहरा वर्चस्व रहा है यहाँ पर खास तौर पर चुरी नरेशों ने शैव शाक्त साधनाओं के अद्भुत प्रभाव से पूरी नगरी और उनके भग्न मंदिरों और महलों को अद्भुत रूप से शक्तिमय बना दिया था ,और जिसका प्रभाव आज भी कोई भी साधक अपनी साधना के द्वारा प्रत्यक्ष अनुभूत कर सकता है.शरीरस्थ १०८ चक्रों और ३२४ केन्द्रों पर इन शक्तियों का इतना तीव्र प्रभाव पड़ता है की सारा शरीर साधना काल में और उसके बाद भी तीव्र गति से स्पंदित और रोमांचित होता रहता है.

खैर ये सब प्रथक विषय है जिस पर फिर कभी हम बात करेंगे,अभी तो.... हाँ... हम साधनाकाल की बात कर रहे थे ,सभी सामग्रियों का विधिवत स्थापन और पूजन करने के बाद हसद बक्स जी ने मन्त्र जप प्रारंभ कर दिया और बीच बीच में सामने रखे मिटटी के धूपदान में सुलग रहे कोयलों के अंगारों पर लोहबान डालने लगे,जिससे वातावरण में मादक सुगंध फैलने लगी और धुएं का तीव्र गोला जैसा बनने लगा.मंत्र उच्चारण करते हुए उन्हें ३ घंटे हो गए थे ,अचानक वातावरण में बहुत ही भीनी और धीमी धीमी सुगंध फैलने लगी ,और हसद भाई अपने दोनों हाथों को जोड़कर उस धुएं में देखने लगे ,मैंने भी उनका अनुसरण किया तो देखा की धुआँ हल्का हो गया था और अधर में एक आकृति का निर्माण होने लगा,और धीरे धीरे वो आकृति स्पष्ट होने लगी ,सफ़ेद साफा और सफ़ेद ही चोगा पहने हुए,हाथ में तस्बीह लिए हुए,लंबी सफ़ेद दाढ़ी,और चेहरे पर गजब का तेज लिए हुए आकृति और आँखे इतनी चुम्बकीय शक्ति से युक्त और नूरानी की बस जिस पर पड़े वो थम सा जाये.

आरिफ इन्हें सलाम करो.....ये सिद्ध औलिया **रूहाफिन अदब** हैं ,रूहानी ताकतों और ज्ञान में इनसे बड़ा कोई नहीं हुआ है अब तक ..अनगिनत अमलों को जो की खत्म हो गए हैं और जिनकी जानकारी भी आज किसी को नहीं है ,वे सब इनके पास सुरक्षित हैं और इन्होने उनमे नए नए अमलों को इन्होने जोड़ा है .

मैंने अदब से उन्हें सलाम किया .

उन्होंने भी जवाब देकर बहुत प्यार से मेरी और देखा और भाई जी अपने बुलाने का कारण पूछा .

भाई जी ने कहा -जी मैंने कभी सदगुरुदेव से सुना था की रूहे हमजाद और बादशाहे जिन्नात के कई सिफलि और अजायबात अमल आपने अपने पीरों मुर्शिद से पाए हैं,मैं कई सालों से इन अम्लों को तलाश रहा था,यदि आप को सही लगे तो क्या आप मुझे इनमे से कुछ बताने की तकलीफ करे .

तब उन्होंने अपने चोगे में से एक हस्तलिखित उर्दू में लिखी हुयी मोटी सी किताब दी और कहा की ये मेरे जीवन भर का निचोड़ है .इसमें वो सारे अमल हैं जिन्हें मैंने खुद आजमाए और अपने उस्ताद से पाए हैं.तत्पश्चात उन्होंने उस किताब को कैसे प्रयोग करना है बहुत देर तक समझाया और वापिस जाने की ख्वाहिश की,हमने तकलीफ के लिए माफ़ी मांगी और उनका शुक्रिया अदा किया.

सारा सामान समेट कर वापिस हम भाई जी के डेरे पर पहुचे और सदगुरुदेव से मानसिक आज्ञा प्राप्त कर उस किताब को खोल कर बैठ गए ,किताब का नाम था “ **अमल-ए-रूहानी अजायबात**”.और उस किताब में बने विभिन्न यंत्रों और क्रियाओं को समझाने लगे,रूहानी और गैबी ताक़तों की दुनिया से जुडी ऐसी जानकारी मैंने आज तक किसी भी जगह नहीं पढ़ी है. अद्भुत साधनाएं भरी पड़ी हैं उस किताब में. सबसे बड़ी बात ये रही है की सरल और सहज उपलब्ध सामग्री से होने वाले ये सभी विधान रहे हैं .

